राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 66
लखनऊ, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हर समस्या का होगा निदान : केशव मौर्य 03

खतरे व चुनौतियां जवानों के प्रण से बड़े नहीं : अमित शाह 12

मुख्यमंत्री योगी ने कर्तव्य पथ पर प्राणोत्सर्ग करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा

# कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना प्राथमिकता

**पुलिस के लिए निर्मित आवासीय व प्रशासनिक भवनों के लिए 1,380 करोड़ के कॉर्पस फंड की घोषणा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी ने कर्तव्य पथ पर प्राणोत्सर्ग करने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के वीर शहीदों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज हम सभी देश के समस्त शहीद पुलिसजन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिये एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए प्राणों का बलिदान देकर अप्रतिम कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश पुलिस के सभी सदस्य पूरी ईमानदारी, कर्तव्य परायणता तथा जनसेवा की भावना से कार्य करते हुए, राज्य की जनता के मन में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री यहां रिजर्व पुलिस लाइन्स में 'पुलिस स्मृति दिवस-2024' के अवसर पर अपने विचार व्यक्त रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस शहीद स्मारक स्थल पर पुष्पचक्र अर्पित किया तथा शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने स्मृति परेड की सलामी ली तथा शोक पुस्तिका प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों में उत्तर प्रदेश पुलिस के भी 02 बहादुर पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस कर्मियों का यह सर्वोच्च बलिदान हमें निरन्तर कर्तव्य पथ पर पूर्ण निष्ठा, मनोयोग एवं दायित्व बोध के साथ आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसजन के परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उनके कल्याण के लिये पूरी तत्परता के साथ प्रतिबद्ध है। पुलिसजन ने अत्यन्त कठिन परिस्थितियों में भी रात-दिन अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मानकर अपराधों पर नियंत्रण करने, कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने, सामाजिक सौहार्द स्थापित करने एवं विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा करने के लिए किये गये प्रयास में सराहनीय भूमिका निभाई है। इस वर्ष अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल तथा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में प्रदेश पुलिस बल का उल्लेखनीय योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की कर्तव्यपालन के दौरान मृत्यु होने पर विभिन्न प्रकार की शिकायतें शासन के पास उपलब्ध होती रहती है। उसी क्रम में उन कर्मियों के परिजनों खासकर कर्मी की पत्नी और माता-पिता के जीवित नहीं रहने की दशा में शासनादेश में वर्णित व्यवस्थानुसार मृतक/शहीद के परिवार को पूर्ण धनराशि नहीं मिलने की समस्या के बारे में उन्हें अवगत कराया गया।



**115 शहीद कर्मियों के आश्रितों को दी सहायता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कर्तव्य पालन के दौरान शहीद पुलिस कर्मियों, केन्द्रीय अर्द्धसैन्य बलों एवं अन्य प्रदेशों के अर्द्धसैन्य बलों तथा भारतीय सेना में कार्यरत एवं मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले 115 शहीद कर्मियों के आश्रितों को 36 करोड़ 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के जनपद/इकाईयों में नियुक्त पुलिस कर्मियों की सुख-सुविधा हेतु 03 करोड़ 50 लाख रुपये, कल्याण हेतु 04 करोड़ रुपये, कार्यरत व सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों एवं आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति सम्बन्धी 266 दावों के निस्तारण हेतु 30 लाख 563 हजार रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गई है।

**वर्दी भत्ते में बढ़ोत्तरी किए जाने की घोषणा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल के समस्त कर्मियों को वर्दी भत्ता प्रदान किए जाने का प्राविधान है। पिछली बार वर्ष 2019 में इस भत्ते में बढ़ोत्तरी की गयी थी। वर्तमान परिवेश में वर्दी की खरीद और रख-रखाव में आ रहे खर्च को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावानुसार इसमें बढ़ोत्तरी किये जाने की घोषणा की गई है। इसमें आने वाले कुल खर्च में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसमें 58 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्ययभार आएगा, जिसका वहन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग के कार्य की आकस्मिकता के कारण मुख्य आरक्षी और आरक्षी के लिए बैरक में रहना प्राविधानित है। लगभग 01 लाख से ज्यादा ऐसे कर्मियों के लिए पूर्व में पुलिस एकोमोडेशन अलाउंस की व्यवस्था की गयी थी। इस भत्ते में प्रस्तावानुसार बढ़ोत्तरी की घोषणा की गई है। इससे पुलिस बल के 25 प्रतिशत से ज्यादा अल्प वेतनभोगी कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इस पर होने वाले 47 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च का वहन उत्तर प्रदेश सरकार करेगी।

**खेलकूद को और आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस में खेलकूद को और आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। कुशल खिलाड़ियों की भर्तियां नियमित की गयी हैं, जिससे कुशल खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर 1,000 से ज्यादा हो गयी है। वहीं पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय खेलकूद में ज्यादा पदक जीतकर इन खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान-सम्मान बढ़ाया है। इस क्रम को निरन्तरता प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस बजट में जो 70 लाख रुपये प्राविधानित किये गये थे, वह अब पर्याप्त नहीं हैं। अतः इसको अगले वित्तीय वर्ष के बजट में बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किए जाने की घोषणा की गई है, जिससे इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, ट्रेनर, फीजिओ, आहार, खेल उपकरण की बेहतर व्यवस्था की जा सके।

## मदरसे बंद करने के आदेश पर कोर्ट की सुप्रीम रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मदरसों को लेकर दो फैसले दिए। पहला- केंद्र और राज्य सरकारों को मदरसे बंद करने के फैसले पर रोक लगा दी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 7 जून और 25 जून को राज्यों को इससे संबंधित सिफारिश की थी। केंद्र ने इसका समर्थन करते हुए राज्यों से इस पर एक्शन लेने को कहा था। दूसरा- कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के उस आदेश पर भी रोक लगाई, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूल में ट्रांसफर करना था। इसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के साथ-साथ सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स शामिल हैं।

चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने केंद्र सरकार, एनसीपीसीआर और सभी राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा। बेंच ने कहा कि यह रोक अंतरिम है। जब तक मामले पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक राज्य मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। बेंच ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी। मदरसों में शिक्षा के अधिकार कानून का पालन नहीं हो रहा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 12 अक्टूबर को कहा था कि राइट टु एजुकेशन एक्ट 2009 का पालन नहीं करने वाले मदरसों की मान्यता रद्द हो और इनकी जांच की जाए। एनसीपीसीआर ने सभी राज्यों को लेटर लिखकर कहा था कि मदरसों को दिया जाने वाला फंड बंद कर देना चाहिए। ये राइट-टु-एजुकेशन नियमों का पालन नहीं करते हैं। आयोग ने आस्था के संरक्षक या अधिकारों के विरोधी बच्चों के संवैधानिक अधिकार बनाम मदरसे नाम से एक रिपोर्ट तैयार करने के बाद ये सुझाव दिया था।

आयोग ने कहा था कि, मदरसों में पूरा फोकस धार्मिक शिक्षा पर रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती और वे बाकी बच्चों से पिछड़ जाते हैं। निर्देश पर क्त्रिपुरा ने कार्रवाई के आदेश दिए थे एनसीपीसीआर की रिपोर्ट के बाद 26 जून 2024 को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने सभी जिला कलेक्टरों को राज्य के सभी सरकारी सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच करने और मदरसों के सभी बच्चों का स्कूलों में तत्काल ट्रांसफर करने को कहा था।



**मुस्लिम धर्मगुरुओं ने फैसले का किया स्वागत**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मदरसों की आर्थिक सहायता रोकने की सिफारिश पर रोक लगा दी। जिसके बाद लखनऊ के मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, मौलाना यासीन अब्बास सहित तमाम मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मदरसों को एनसीपीसीआर के शिक्षा के अधिकार कानून का पालन नही करने पर सरकारी वित्त पोषित और सहायता प्राप्त पर रोक लगाने की सिफारिश की थी। जिस पर मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अधिवक्ता ने तमाम दलील रखी है। वही, लखनऊ ईदगाह के इमाम और धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि मदरसों के नाम पर कोई गलत निर्णय नहीं होना चाहिए। मदरसे हर धर्म के लिए खुले हुए हैं, मदरसों के छात्रों को भी शिक्षा का पूरा अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासीन अब्बास ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मदरसों को लेकर आए फैसले का स्वागत है।

## संक्षिप्त समाचार

**सिद्दीकी हत्याकांड के आरोपियों की कस्टडी 25 तक बढ़ी**

**मुंबई।** मुंबई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले के चार आरोपितों की पुलिस कस्टडी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इन आरोपितों की पुलिस कस्टडी आज खत्म हो रही थी, इसी वजह से पुलिस ने इन चारों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया था। पुलिस के अनुसार पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में गिरफ्तार गुरमेल बलजीत सिंह (23), धर्मराज कश्यप (21), हरीश कुमार निसाद (26) और प्रवीण लोनकर (30) को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में सरकारी वकील ने कहा कि चारों पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसलिए इन चारों की पुलिस कस्टडी बढ़ाया जाना जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने इन चारों आरोपितों की पुलिस कस्टडी बढ़ाने का आदेश दिया।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 19 महिला समेत 21 लोग घायल**

**जालौन।** जनपद के डकोर थाना क्षेत्र के बधौली गांव में सोमवार को मजदूरों से भरा ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर खेतों में काम करने के लिए जा रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ़्तार ट्रैक्टर चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया तभी मजदूर सवार ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस हादसे में ट्रॉली में 19 महिलाओं समेत 21 मजदूर सवार थे जो ज़ख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों का रेस्क्यू राहगीरों की मदद से किया और एंबुलेंस से सभी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जिसमें से 19 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, दो को गंभीर रूप से घायल बताया गया है। क्षेत्राधिकारी उमेश पांडे ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली मजदूरों से भरा हुआ था और वह खेत में काम करने के लिए जा रहा है।

**सरसंघचालक से भेंट करने मथुरा जाएंगे सीएम योगी**


**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज मथुरा दौरा प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बोर्ड बैठक कर यहां विकास से जुड़ी परियोजनाओं पर अपनी मोहर लगाएंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत से औपचारिक भेंट करने फरह स्थित ग्राम परखम जाएंगे जहां से देरसायं आगरा के लिए रवाना हो जाएंगे। गौरतलब हो कि परखम में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक होनी है। सरसंघचालक व सरकार्यवाह समेत शीर्ष पदाधिकारी मथुरा पहुंच चुके हैं। मंगलवार को 3 बजकर 40 मिनट पर मुख्यमंत्री दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय हेलीपैड पर पहुंचेंगे।

## खतरा : चक्रवाती तूफान दाना सक्रिय, चार राज्यों में अलर्ट जारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दक्षिण भारत पर एक बार फिर से चक्रवाती तूफान का खतरा मंडरा रहा है। मानसून की विदाई के बाद, बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में एक लो प्रेशर एरिया बनने के कारण चक्रवाती तूफान दाना सक्रिय हो गया है।

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान 23-24 अक्टूबर के बीच दक्षिण भारत के तटीय इलाकों से टकरा सकता है। आईएमडी ने दक्षिण भारत के चार प्रमुख राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, और कर्नाटक में अलर्ट जारी किया है। तूफानी हवाओं की गति 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, साथ ही भारी बारिश की भी संभावना जताई गई है।



मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकारों ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है। स्कूल-कॉलेजों को बंद करने और वर्क फ्रॉम होम लागू करने पर भी विचार किया जा रहा है।

## 2020 के पहले जैसी होगी सैन्य गश्त : विदेश मंत्री


समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच अग्रिम मोर्चों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है तथा मई 2020 के पहले की स्थिति कायम हो गई है।

भारतीय सैन्य टुकड़ियां अब उस इलाके में गश्त कर सकेंगी, जहां वे पहले ऐसा करती थीं। विदेश मंत्री ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह एक सकारात्मक घटनाक्रम है तथा यह धैर्य और लगन से चलाई गई कूटनीति की सफलता है। विदेश मंत्री के इस कथन से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ब्रिक्स सम्मेलन के संदर्भ मे आयोजित

**▸ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत व चीन के बीच अग्रिम मोर्चों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया हुई पूरी**

प्रेस कान्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी थी। जयशंकर ने कहा, जो बातें विदेश सचिव ने कही हैं, मैं उन्हें दोहराना चाहता हूं। वर्ष 2020 में जो स्थिति थी, उसी के अनुरूप सैन्य गश्त करने के संबंध में भारत-चीन के बीच समझौता हुआ है। हम यह कह सकते हैं कि अब दोनों देशों के बीच अग्रिम मोर्चों से सैन्य तैनाती पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्ष 2020 के बाद भारत-चीन ने एक दूसरे को कुछ क्षेत्रों में जाने से रोक दिया था। अब यह सहमति बनी है कि इन क्षेत्रों में सैनिकों को गश्त करने की अनुमति होगी। विदेश मंत्री ने कहा, हम हमारे सैनिक वहां गश्त कर सकेंगे, जहां वे मई 2020 से पहले गश्त करते थे।



## संभल में पकड़ी गई बड़ी बिजली चोरी

**सपा नेता अकीलुर्रहमान खां व पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खां के खिलाफ एक्शन, प्राथमिकी दर्ज**



समृद्धि न्यूज

**संभल ।** यूपी के संभल में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई हुई है। सपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां के आवास व सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष फिरोज खां के कार्यालय में बिजली चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

बिजली चेकिंग के दौरान विजिलेंस टीम ने समाजवादी पार्टी के नेता अकीलुर्रहमान खां के आवास पर छापा मारा, बिजली चोरी करते पकड़े गए उनके बेटे आमिर अकील के खिलाफ विजिलेंस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी और करीब दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि संभल जिले की सदर तहसील में विद्युत विभाग बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चला रहा है, शनिवार को संभल के सरायतरीन इलाके में बिजली चोरी की सूचना पर समाजवादी पार्टी के नेता अकीलुर्रहमान खां के बेटे के घर पर छापा मारा गया। चेकिंग में मीटर से छेड़छाड़ मिली और मीटर नो डिस्प्ले पाया गया। कट लगाकर तथा अतिरिक्त केबिल जोड़कर दो एसी चलाये जा रहे थे। मीटर को कब्जे में लेकर पूर्व मंत्री के बेटे आमिर अकील पर 05 किलोवाट विद्युत चोरी की प्राथमिकी निरोधक थाना संभल में दर्ज करायी गयी। मौके पर अवर अभियंता, उपखंड अधिकारी, अधीक्षण अभियंता एवं लाइन स्टाफ मौजूद थे। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में भी बिजली चोरी पायी गयी तथा अनाधिकृत रूप से बिजली के उपयोग के लिए अंडरग्राउंग केबल खींचकर दो फैक्ट्रियों में बिजली चोरी कराये जाने का मामला भी प्रकाश में आया है।

## भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा को नोटिस

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर के भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा को नोटिस जारी कर उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह ने बुलंदशहर की गीता रानी शर्मा की चुनाव याचिका पर दिया है। याचिका में पीठासीन अधिकारी द्वारा गलत तरीके से याची का नामांकन निरस्त करने को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने कहा है कि विपक्षी सांसद अपना जवाबी हलफनामा दाखिल नहीं करते तब भी न्यायालय याचिका की सुनवाई कर आदेश करेगा। कोर्ट ने केंद्रीय निर्वाचन आयुक्त के अधिवक्ता की आपत्ति को स्वीकारते हुए निर्वाचन आयुक्त को पक्षकार से हटा दिया।

## फ्लाइट्स में बम की धमकी देने पर कानूनी कार्रवाई करेगी सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि फ्लाइट्स में बम की धमकियों से निपटने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही है। धमकी देने वालों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जाएगा। एविएशन सिक्योरिटी नियमों के साथ ही सिविल एविएशन एक्ट, 1982 में संशोधन की भी योजना बनाई जा रही है।

वहीं, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के महानिदेशक जुल्फिकार हसन और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने भी सोमवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से मुलाकात की। करीब आधे घंटे चली, लेकिन बैठक का ब्योरा अभी सामने नहीं आया है।



गृह मंत्रालय ने फ्लाइट्स में बम की धमकियों के संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और बीसीएएस से डिटेल रिपोर्ट मांगी थी। सीआईएसएफ, एनआईए और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया था। 20 अक्टूबर को भारतीय एयरलाइंस की 25 फ्लाइट्स में बम की धमकियां मिली थीं।

## भारत-सिंगापुर के रक्षा मंत्रियों की छठी वार्ता आज

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के रक्षा मंत्री 21 से 23 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ. एनजी इंग हेन 22 अक्टूबर को नई दिल्ली में छठी भारत-सिंगापुर रक्षा मंत्रियों की वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाना है। दोनों पक्ष साझा हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी करेंगे। रक्षा मंत्रियों की वार्ता का पांचवां संस्करण जनवरी 2021 में वर्चुअल टेली कान्फ्रेंस के माध्यम से हुआ था। भारत और सिंगापुर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। द्विपक्षीय रक्षा संबंध इस सहयोग का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

## त्योहारी सीजन में उत्तर रेलवे चलाएगा 3,050 विशेष ट्रेनें

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे वास्तविक समय के आधार पर आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अनारक्षित ट्रेनें चलाएगा वर्ष 2023 में उत्तर रेलवे द्वारा 1082 यात्राएं संचालित की गईं।

इस त्योहारी सीज़न के दौरान, उत्तर रेलवे यात्रियों के लिए सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए त्योहार विशेष ट्रेनों का संचालन कर रहा है। ये विशेष ट्रेनें 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवंबर 2024 तक संचालित की जाती हैं। त्योहारी सीजन के दौरान भीड़ से निपटने के लिए इस साल उत्तर रेलवे लगभग 3050 फेरे विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। इस वर्ष उत्तर रेलवे द्वारा संचालित विशेष ट्रेनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन बढ़ी हुई यात्राओं से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में बड़े पैमाने पर फायदा होगा। 2023 में भारतीय रेलवे ने फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया था जिसमें उत्तर रेलवे ने 1082 ट्रिप स्पेशल ट्रेनें चलाई थीं। इस वर्ष 3050 यात्राएँ संचालित की जाएंगी जो 181 प्रतिशत की वृद्धि है।



**संबोधन**

प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में द इंडिया सेंचुरी को संबोधित करते हुए कहा

## चिंताओं से घिरे विश्व में आशा का संचार कर रहा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत हर क्षेत्र में अभूतपूर्व गति से काम कर रहा है और चिंताओं से घिरे विश्व में आशा का संचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत की वृद्धि इतनी तेज हो गई है कि कई रेटिंग एजेंसियों ने अपने विकास पूर्वानुमान बढ़ा दिए हैं।

प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में द इंडिया सेंचुरी को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 4-5 साल के दौरान ज्यादातर वैश्विक शिखर सम्मेलनों में भविष्य को लेकर चिंता कॉमन रही है। उन्होंने कोविड महामारी, कोविड के बाद आर्थिक तनाव, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी, जलवायु परिवर्तन, चल रहे युद्ध, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, निर्दोष लोगों की मौत, भू-राजनीतिक तनाव और संघर्ष जैसी हालिया चुनौतियों का जिक्र किया। उस समय भारत में हो रही चर्चाओं के साथ समानताएं बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी सदी पर विचार-विमर्श कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷वैश्विक उथल-पुथल के इस दौर में भारत आशा की किरण बन गया है। जब दुनिया चिंतित है तो भारत आशा फैला रहा है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत वैश्विक स्थिति और उसके सामने चुनौतियों से प्रभावित है लेकिन सकारात्मकता की भावना है, जिसे अनुभव किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हाल ही में हुए हरियाणा विधानसभा चुनावों में लोगों ने स्थिरता की भावना को मजबूत किया है। सरकार के तीसरे कार्यकाल के 125 दिन पूरे होने पर मोदी ने देश में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गरीबों के लिए 3 करोड़ नए पक्के मकानों को मंजूरी देने, 9 लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत करने, 15 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने, 8 नए हवाई अड्डों की आधारशिला रखने, युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ का पैकेज देने, किसानों के बैंक खातों में 21,000 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने, 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए मुफ्त इलाज योजना, लगभग 5 लाख घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का जिक्र किया।



**कई रेटिंग एजेंसियों ने विकास पूर्वानुमान बढ़ा दिए**

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में भारत की वृद्धि इतनी तेज हो गई है कि कई रेटिंग एजेंसियों ने अपने विकास पूर्वानुमान बढ़ा दिए हैं। उन्होंने मार्क मोबियस जैसे विशेषज्ञों के उत्साह की ओर भी इशारा किया, जिन्होंने वैश्विक फंडों को अपने फंड का कम से कम 50 प्रतिशत भारत के शेयर बाजार में निवेश करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, जब ऐसे अनुभवी विशेषज्ञ भारत में बड़े निवेश की वकालत करते हैं, तो यह हमारी क्षमता के बारे में एक मजबूत संदेश देता है। आज का भारत एक विकासशील राष्ट्र और एक उभरती हुई शक्ति दोनों है। आत्मसंतुष्टि को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मानसिकता किसी देश को आगे नहीं बढ़ाती है।पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं और 16 करोड़ गैस कनेक्शन दिए गए हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

# गणित के सवाल नहीं हल कर सके बच्चे, सीडीओ खफा, बीईओ से मांगा स्पष्टीकरण

- शिक्षक बनकर पहुंचे सीडीओ, बच्चों ने नहीं दिया गणित के प्रश्नों का जवाब तो टीचर पर हो गया एक्शन
- दो शिक्षिकाओं को प्रतिकूल प्रविष्टि, अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित, नोटिस जारी



**प्राथमिक सेक्शन मिला बेहतर, शिक्षिका की तारीफ, बच्चों को बाटी चॉकलेट, दुलारा**

संविलियन विद्यालय छाउछ के प्राथमिक सेक्शन में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर मिली। कक्षा एक में शिक्षिका सिताशु वर्मा पढ़ाती मिली। सीडीओ के पूछने पर छात्रा अनुराधा ने गिनती और साईमा ने छह का पहाड़ा सुनाकर शाबाशी पाई। सीडीओ ने बच्चों को दुलारा और चॉकलेट का वितरण भी किया।

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने सोमवार को बीआरसी परिसर छाउछ में संचालित संविलियन विद्यालय छाउछ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने बच्चों से गणित के सवाल हल कराए, मगर वह हल नहीं कर सके और हिंदी की किताब भी ठीक से नहीं पढ़ सके। इस पर सीडीओ ने बीईओ सुभाष वर्मा को कड़ी फटकार लगाते हुए शिथिल पर्यवेक्षण के लिए स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं दो शिक्षिकाओं को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए वेतन रोकने और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के लिए संविलियन विद्यालय छाउछ पहुंचने पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने देखा कि अध्यापिका द्वारा कक्षा सात के बच्चों को हिंदी विषय पढ़ाया जा रहा था। सीडीओ के पूछने पर छात्रा शुभी से पर्यायवाची शब्द का अर्थ का सही जवाब दिया। छात्र जुब्राइल व अथर्व हिंदी की पुस्तक भी पढ़वाई। पर वह ठीक से नहीं पढ़ सके। इस पर गहरी नाराजगी जताई। सीडीओ ने क्रमश कक्षा 6, 7 और 8 की क्लास में जाकर गणित के प्रश्नों को जब बच्चों से हल करवाया तो बच्चे संतोषजनक ढंग से प्रश्न हल नहीं कर सके।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका और गणित की शिक्षिका गीता रानी व सहायक अध्यापिका/हिंदी विषय की शिक्षिका मंजुला बरनवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने, अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने के साथ-साथ नोटिस जारी किये जाने का निर्देश दिया। सीडीओ स्वयं पूरी तरह से एक शिक्षक की भूमिका में आ गये और बच्चों व शिक्षिका को गणित का ज्ञान देने के साथ ही साथ गणित विषय को पढ़ाने के आसान और रुचिकर तरीकों के बारे में शिक्षिका को समझाया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में साफ सफाई पर गहरा असंतोष जताया। भविष्य के लिए सचेत करते हुए कहा कि यदि इसकी पुनरावृत्ति मिली तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शौचालय की क्रियाशीलता भी जांची। निरीक्षण में विद्यालय की खेल सामग्री धूल फ़कती नजर आई। इस पर कड़ी फटकार लगाई। सीडीओ ने कहा कि डीएम ने निर्देश का अनुपालन करते हुए बच्चों के शैक्षिक हित में तीन दिवस के अध्ययन के उपरान्त पढ़ाए गए पाठों का रिवीजन अनिवार्य रूप से कराये, ताकि छात्र-छात्राएं पढ़ाई गई सामग्री को गहराई से आत्मसात कर सके। पीयर लर्निंग के माध्यम से छात्रों की दक्षता बढ़ाने का निर्देश दिया गया। मिड डे मील में मीनू के अनुसार रसोइया द्वारा रोटी सब्जी तैयार की गई।

## चार नवंबर से चालू होगी गुलरिया चीनी मिल, किसानों में खुशी

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र ग्राम गुलरिया में संचालित बलरामपुर मिल्स लिमिटेड यूनिट गुलरिया ने अपना 18वां पेराई सत्र 2024 - 25 का शुभारम्भ दिनाँक 04 नवम्बर 2024 दिन सोमवार से शुरू करने का आगाज किया है, जिसके चलते गुलरिया चीनी मिल 02 नवम्बर से क्रय केंद्रों पर गन्ने की खरीद करेगी इसके लिए 28 अक्टूबर को गन्ना खरीद हेतु इन्डेन्ट प्रेषित कर दिया जायेगा। यह अति हर्ष का विषय है कि कृषक भाइयों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चीनी मिल चार नवम्बर को पहली बार पेराई करने जा रही है।

- गुलरिया चीनी मिल पेराई सत्र 2024-25 की चलने की तारीख की हुई घोषणा

चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने कृषक भाइयों से अपील की है कि चीनी मिल को साफ - स्वस्थ, ताजा एवं निरोगी गन्ना आपूर्ति करें, और गन्ना छिलाई के लिए लेबर एवं गन्ना ढुलाई के लिए साधन की व्यवस्था कर लें। सभी किसान भाई साफ सुथरा स्वच्छ और ताजा गन्ना ही मिल को आपूर्ति कर मिल का सहयोग प्रदान करें।

## योजनाओं के हितग्राहियों को अधिक से अधिक दिलाए लाभ, बैंकर्स करें पूरी प्रतिबद्धता से कामः सीडीओ

- शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में बर्दाश्त नहीं होगा अनावश्यक विलंब

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की। बैठक का संचालन अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ ने कहा कि बैंकर्स पूर्ण मनोयोग से अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। निर्देश दिए कि बैंकर्स द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम करें। विभागों द्वारा बैंकों को प्रेषित किए प्रकरणों की विस्तार से बैंकवार समीक्षा की तथा प्रगति की जानकारी ली। निर्देश दिए कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर विभिन्न योजनाओं की बैंकों में लंबित फाइलों का यथा शीघ्र निस्तारण करें।

सीडीओ ने विभागवार बैंकों को प्रेषित प्रकरणों की वस्तुस्थिति जानी एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 सभी लक्ष्यों की विभागवार समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए। डीसी स्वत रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्र ने स्वरोजगार योजनाओं के तहत विभिन्न बैंकों को ऋण हेतु भेजी पत्रावलियों में स्वीकृत एवं अंतरण में अनावश्यक विलंब की बात कही। जिस पर सीडीओ ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी स्वरोजगार योजनाओं में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीडीओ ने पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी एवं ग्रामोद्योग, जिला उद्योग केंद्र की ऋण योजनाओं की प्रगति, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, पीएम जन धन योजना, डिजिटल आधारित भुगतान अर्थव्यवस्था, बैंकों द्वारा आंकड़ों का प्रेषण, शिकायतों का निस्तारण एवं फसल बीमा योजना पर चर्चा की। सीडीओ ने कहा कि ऋण पत्रावलियों को शीघ्रता के साथ और अधिक आक्रामक तरीके से स्वीकृति दे, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलने के साथ-साथ जिले की रैंकिंग और बेहतर हो सके। बैठक में मुख्य रूप से आरबीआई के जिला अग्रणी अधिकारी श्रवण कुमार राम, प्रबंधक कृष्ण कांत कुमार, नाबार्ड के डीडीएम प्रसून सोनार, डीसी एनआरएलएम, डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी उपायुक्त उद्योग सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

## बाइक सवार घोड़े से टकराकर गंभीर रूप से हुआ घायल

**संसारपुर खीरी।** नेशनल हाईवे गोला- खुटार थाना मैलानी के कस्बा संसारपुर में बाइक सवार घोड़े से टकराकर हुआ गंभीर घायल राकेश कुमार 42 वर्ष पुत्र हरदयाल राठौर निवासी नेवदिया नवाजपुर थाना पुवाया शाहजहांपुर अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस से गोला से खुटार की की तरफ जा रहे थे कस्बा संसारपुर मेन मार्केट नेशनल हाईवे पर घोड़े से टकरा गए और सड़क पर गिर गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने तत्काल घायल को एंबुलेंस से घायल को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने राकेश कुमार की स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया घायल के परिजनों को सूचना दे दी गई है।



## धोखाधड़ी के आरोप में लेखपाल सहित तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत निंबोरिया के ग्राम प्रधान के साथ धोखाधड़ी और अपमानजनक व्यवहार का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान झगडू ने उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के सामने अपना पक्ष रखा जिसमे उच्च न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी और अपमानजनक व्यवहार करने वाले लोगों पर ग्राम प्रधान की तहरीर पर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत निघासन पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। निंबोरिया ग्राम प्रधान द्वारा दी गयी तहरीर में बताया गया लेखपाल मोहन कश्यप, सुधीर और उत्तम ने उन्हें झांसा देकर स्टांप और सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर ,जाति सूचक गालियां भी दी। तहरीर और न्यायालय के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। यह मामला ग्राम प्रधान के साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई का हिस्सा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।ग्राम प्रधान को न्याय मिलने की उम्मीद जग गयी है। यह मामला स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है। ग्राम प्रधान को न्याय न्याय मिलने से स्थानीय समुदाय को सन्तुष्टि प्राप्त होगी। प्रशासन द्वारा ऐसी कार्यवाही होने से भविष्य में ऐसे मामलों पर रोक लगेगी।

## लकड़कट्टों ने चोरी से काटे बेसकीमती शीशम के पंद्रह पेड़

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

सिंगाही खैरीगढ रोड चिरकुआ में एक किसान के खेत में लगे पन्द्रह पेड शीशम के बिना वन विभाग से अनुमति लिए एक लकडी के ठेकेदार ने चोरी छिपे काट दिए गये। बिना सरकारी राजस्व अदा किया काटे गए पेड़ों पर कार्रवाई करते उप प्रभागीय वन अधिकारी ने हुए वन अधिनियम के तहत 4/10 का केस काट कर करीब 65 हजार का जुर्माना वसूल किए जाने की कार्रवाई की है। दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज मझगई के अंतर्गत उत्तर खीरी मझगई रेंज की नौनिया बीट मे सिगाही खैरीगढ रोड पर सिंगाही छावनी निवासी एक किसान के गन्ने के खेत की मेड पर 15 शीशम के पेड़ लगे हुए थे

- रेंजर ने 65 हजार का लगाया ठेकेदार पर जुर्माना

जिनको दो दिन पहले एक लकड़ी के ठेकेदार ने चोरी छिपे बिना वन विभाग की अनुमति लिए सरकारी राजस्व की चोरी कर काट दिया गया और लकड़ी गायब कर दी इस बात की जानकारी जब मंजगई रेंजर अंकित कुमार सिंह को हुई तो उन्होंने विभागीय कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 4/10 का मुकदमा पंजीकृत किया है उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार पर वन अधिनियम के तहत चोरी से लकड़ी काटे जाने का मुकदमा पंजीकृत किया गया है और करीब 65 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा। उप प्रभागीय वन अधिकारी अंकित कुमार सिंह रेंज मझगई ने बताया कि चोरी से लकड़ी काटने वाले ठेकेदार पर वन अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है और उसे 65 हजार का सरकारी राजस्व वसूल किया जाएगा।

## एसपी ने शहर की यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

- यातायात व पार्किंग व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शहर में एसपी द्वारा पटाखा साइलेंसर, प्रेशन हॉर्न, अवैध अतिक्रमण को हटवाने व अनावश्यक रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलवाया गया।

पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को देखने के लिए संकटा देवी मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा एआरटीओ खीरी व ट्रैफिक प्रभारी को यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की चेतावनी दी गई। साथ ही सक्रियता से काम करने को कहा। ट्रैफिक व्यवस्था में लगे अधिकारियों से यातायात के प्रत्येक क्षेत्र एवं वहां लगाए जाने वाले ड्यूटी व्यवस्था, यातायात बल के साथ ही जाम लगने वाले पाइंट, जाम लगने के कारण व उसके निदान की जानकारी ली गई। एआरटीओ खीरी, टीएसआई खीरी व ट्रैफिक पुलिस को यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढं करने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही वाहनों में लगे पटाखा/मॉडिफाइड़ साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न व अनावश्यक रुप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध सघन चैकिंग अभियान चलवाते हुए ट्रैफिक नियमों के अनुसार चालान कराया गया व रोड पर होने वाले अनावश्यक अवैध अतिक्रमण को हटवाने को लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जनपद खीरी, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी/पूर्वी), समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य पुलिस अधि./कर्म. गणों द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन खीरी में पुलिस के अमर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन/पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।



पुलिस स्मृति दिवस-2024 के अवसर पर पुलिस अधीक्ष खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन/पुष्प चक्र अर्पित कर कर्तव्यपथ पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रद्धान्जलि दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणो को अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुये उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों की शहादत के विषय में अवगत कराया गया। तत्पश्चात शहीद पुलिसकर्मियों के आश्रितों को उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक खीरी व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्याय पंचायत स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

न्याय पंचायत अलीगंज में उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीगंज में न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के बच्चो ने कबड्डी, पीटी विशेष प्रदर्शन लंबी कूद , ऊची कूद, दौड़ बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।



बालक 100 मीटर दौड़ में आदर्श कुमार पीएस बघौड़ा,उच्च प्राथमिक से बालक 200 मीटर अभिमन्यु संयुक्त मुस्तफाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । बालिका वर्ग पीएस/यूपीएस से खुशी सिंह पीएस कुसुमी कालोनी, सुबी यूपीएस खोजियापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, लंबी कूद बालिका वर्ग में प्राथमिक स्तर से गुड़िया कुशमौरी शिवानी यूपीएस खोजियापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,ऊची कूद प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में गुड़िया कुशमौरी उच्च प्राथमिक खोजियापुर से शिवानी बालक वर्ग से ऊची कूद प्राथमिक से आदर्श भैठिया उच्च प्राथमिक से रणधीर सिंह अलीगंज लंबीकूद बालक वर्ग से उच्च प्राथमिक से अभिमन्यु मुस्तफाबाद प्राथमिक से अरबाज कुसमौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुलेख प्रतियोगिता में प्रियंका यूपीएस भैठिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीटी विशेष प्रदर्शन में पीएस संसारपुर नवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चो ने बड़े ही धैर्य से मन लगाकर प्रतिभाग किया। इस दौरान उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक बाकेगंज के अध्यक्ष आशुतोष गिरि जी ए आर पी वीरेन्द्र कुमार, संकुल शिक्षक कुलदीप कुमार, सरोज कुमार, रणंजय सिंह, प्रवेश कुमार, खेल शिक्षक जगदीश प्रसाद, राजदीप शुक्ला, अश्वनी गिरि, शिक्षक दिनेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, वेद प्रकाश नीरज, हारून उस्मानी, सत्यानंद स्नेही, हरनेक सिंह,श्याम कुमार, भोजराज सिंह, पारस वर्मा, अमित कुमार, अशोक कुमार, गीतांजली अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे एवं बच्चो को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## नेशनल हाईवेः शोपीस बनीं पीडब्ल्यूडी की स्ट्रीट लाइटें

**संसारपुर खीरी।** कस्बा संसारपुर के बीचो-बीच होकर नेशनल हाईवे 730 निकली है जिसके के डिवाइडर पर जगह-जगह खंभों स्ट्रीट लाइटें तो लगाई गई हैं, किंतु यह स्ट्रीट लाइटे मात्र दिखावा बन कर रह गई हैं। हाईवे पर रात के समय में सड़कों को रोशन करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर इन लाइटों को लगाया तो है, लेकिन यह लाइटें शोपीस की तरह सिर्फ खंभों पर लटकी दिखाई तो देती है किंतु जलती कभी नहीं हैं। लाइट लगे हुए 6 माह बीत चुके हैं किन्तु पीडब्ल्यूडी विभाग के अत्यंत लापरवाही पूर्ण रवैया के करण नेशनल हाईवे पर शाम ढलते ही अंधेरा छा जाता जबकि रोशनी का त्योहार दिवाली में अब अधिक समय नहीं बचा है, किंतु इन लाइटों का अभी तक कनेक्शन नहीं जोड़ा गया हैं। ऐसे में शाम समय लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। लोगों को सुबह और शाम के समय वॉक करने के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने कई बार इन स्ट्रीट लाइट को सुचारू रूप से चालू करवाने की मांग की है, लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। इस विषय में पीडब्ल्यूडी विभाग के जूनियर इंजीनियर आरपी मौर्या से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया लाइट का कनेक्शन अभी जुड़ना शेष रह गया है जल्द ही कनेक्शन जुड़वाकर ग्राम सभा के संरक्षण में दे दिया जाएगा और लाइटें सुचारू रूप से जलने लगेगी।



## अब वार्डों में ही होगा मरीजों का ईसीजीः डॉ आरके कोली

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में वार्डों की व्यवस्थाओं को बेहतर करने और मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए एक आवश्यक बैठक सीएमएस कार्यालय में आहुत हुई। जिसमें सीएमएस डॉ आरके कोली ने सभी स्टाफ नर्सो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



इस दौरान उन्होंने चिकित्सा उपकरणों की अनदेखी करने वालें कर्मचारियों को सख्त लहजे में हिदायत दी, कि अगर भविष्य में चिकित्सा उपकरणों की अनदेखी की गयी, तो अनदेखी करने वाले कर्मचारी को ही उसकी भरपाई करनी होगी। साथ ही उन्होनें वार्डो से किसी भी तरह की शिकायत आने पर सख्त कार्यवाही करने की बात भी कहीं। बैठक के सम्बन्ध में सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से कई बार मरीजों के साथ स्टाफ द्वारा सही व्यवहार न किये जाने व समस्त चिकित्सकीय सेवाएं न दिये जाने की शिकायते प्राप्त हुई है। वहीं स्टाफ नर्सो द्वारा मनमाने तरीके से छुट्टीयां लिये जाने को लेकर भी सम्बन्धित अधिकारी द्वारा शिकायत की गयी थी। जिसे गम्भीरता से लेते हुए, उन्होनें शासन की मंशा के अनुरूप सभी को कार्य करने के निर्देश दिये है। बैठक में उन्होनें सभी को नियम पूर्वक छुट्टी लेने, मरीजों का फीडबैक फार्म आवश्यक रूप से भरने, मरीजों से सही व्यवहार करने, सरकारी चिकित्सा उपकरणों का सही तरीके से इस्तेमाल करने व उसके सहीं रखाव करने के निर्देश दिये है। इसी के साथ उन्होनें सभी वार्डो में ईसीजी की सुविधा भी शुरू करा दी है। सभी वार्डो में ईसीजी मशीन उपलब्ध करा दी गयी है, पूर्व में ही इस चलाने का प्रशिक्षण भी समस्त पैरामेडिकल स्टाफ को दिया जा चुका है। इस सुविधा के वार्ड में शुरू हो जाने से किसी भी मरीज को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस दौरान मैट्र्न रजनी मसीह, स्टाफ नर्स अंजली, अंजू कनौजिया, उपेन्द्र सहित समस्त स्टाफ नर्स मौजूद रहीं।

## अभिषेक मिश्र ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

- पत्रकारिता क्षेत्र में कस्बा खमरिया पंडित का नाम किया रोशन



ईसानगर खीरी। खमरिया पंडित कस्बे के निवासी अभिषेक मिश्र ( हेमू ) ने यूजीसी नेट की परीक्षा 87 परसेंटाइल स्कोर के साथ उत्तीर्ण की। उन्होंने इस परीक्षा में जनसंचार एवं पत्रकारिता विषय से भाग लिया था और साथ ही वह अब इस विषय में पीएचडी की पढ़ाई करने के पात्र हैं। अभिषेक खमरिया के व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्र के बेटे हैं। उन्होंने यह परीक्षा मात्र दूसरे प्रयास में उत्तीर्ण कर ली। छात्र अभिषेक ने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई खमरिया कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से की। जिसके बाद वह स्नातक करने काशी हिंदू विश्वविद्यालय चले गए। इसी वर्ष अभिषेक ने पत्रकारिता से परास्नातक की पढ़ाई पूरी की। जिसके साथ ही राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है। अभिषेक अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता और गुरुजनों को देते हैं। अभिषेक मिश्र एक बेहतर कवि भी है जो अभी कुछ दिन पूर्व एक शो में पहुंचे थे वहां भी एक बेहतर छाप छोड़कर आए थे , हर पहलू में बेहतर दिखे अभिषेक मिश्र ( हेमू ) क्षेत्र के लोगो ने मिठाई खिला कर शुभकामनाओं सहित बधाई दी।

## सोलर रूफटॉप लगवाकर बिजली बिल से पाएं छुटकारा, सरकार भी देगी सब्सिडी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

- सरकारी अनुदान के साथ लाभार्थी ले सकता बैंक से ऋण



सम्पूर्ण देश के लगभग 01 करोड़ घरों को नवीकरणीय ऊर्जा योजना से रौशन करने के उद्देश्य से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लांच की गयी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जनपद में क्रियान्वयन की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने पाया कि लक्ष्य 20 हजार के सापेक्ष कम प्रगति पर विद्युत विभाग व वैकल्पिक ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगों को योजना के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंनें अधिकारियों को सुझाव दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रगतिशील किसानों व अन्य सक्षम व्यक्तियों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाय।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति अपने एण्ड्रायड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सम्बन्धित पीएम सूर्य घर ऐप व आइओएस पीएम-सूर्य घर ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं। इस योजना में बैंको द्वारा पीएम सूर्य घर नवीकरणीय ऊर्जा योजना के तहत इच्छुक व्यक्तियों को सोलर रूफटाप स्थापना हेतु ब्याज पर लोन की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

परियोजना अधिकारी (यूपी नेडा) कमलेश सिंह यादव ने बताया कि सोलर रूफटाप स्थापना के लिए इच्छुक व्यक्ति जन समर्थ पोर्टल के लिंक जनसमर्थ डाट इन/सोलर-रूफ-टाप-स्कीम पर जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक के दौरान बताया गया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत एक किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटाप के लिए केन्द्रानुदान 30,000 व राज्यानुदान रू. 15,000 कुल अनुदान रू. 45,000 निर्धारित है। तथा दो किलोवाट क्षमता के लिए केन्द्रानुदान 60,000 व राज्यानुदान रू. 30,000 कुल अनुदान रू. 90,000 निर्धारित है। तीन किलोवाट से लेकर दस किलोवाट क्षमता के सोलर रूफटाप की स्थापना पर लाभार्थी को कुल लागत के सापेक्ष केन्द्रानुदान 78,000 व राज्यानुदान रू. 30,000 कुल रू. 1,08,000 का अनुदान मिलेगा तथा शेष धनराशि लाभार्थी का अंशदान के रूप में देनी होगी। बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला प्रतिनिधि, बैंकर्स एवं विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियंता, योजना के अधिकृत वेंडर मौजूद रहे।

# सिपाही ने सीपीआर देकर बचाई व्यक्ति की जान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में सोमवार सुबह एक व्यक्ति बाइक स्लीप होने से गिर गए। इस दौरान वहां पर एसीपी हजरतगंज और सिपाही सूरज मौजूद थे। घटना के बाद वहां पर भीड़ जमा होने लगी। सिपाही सूरज ने देखा कि व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत हो रही और शरीर अकड़ रहा है। इसके बाद सिपाही ने तुरंत व्यक्ति को सीपीआर देना शुरू किया। कुछ देर में उन्हें होश आया गया। इसके बाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हजरतगंज थाने में तैनात सिपाही सूरज गुप्ता की ड्यूटी मोतीमहल के पास लगी थी। सोमवार सुबह करीब 9 बजे अजय कुमार (45) पुत्र भगवत स्वरूप अपनी मोटर साइकिल से अल्का तिराहे से हजरतगंज चौराहे की तरफ जा रहे थे। तभी बाइक स्लिप होने से गिर गए और उनका सिर डिवाइडर से टकरा गया। इस दौरान कार्डियक अरेस्ट आ गया और अजय का शरीर ऐंठने लगा। सिपाही ने इलाज के तौर पर सीपीआर देना शुरू कर दिया। जिससे स्थिति सामान्य हुई और अकेले ही ऑटो से सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां से परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंचे परिजन हालत सही होने पर अजय कुमार को घर लेकर चले गए। घटना के वक्त एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा और चौकी प्रभारी उत्तरी भी मौजूद रहे। सिपाही सूरज ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान उनको सिखाया गया था। जिसका उपयोग करके उन्होंने एक व्यक्ति की जान बचाई।

## सीएम योगी कल करेंगे युगतुलसी के जन्मशती वर्ष का उद्घाटन

**लखनऊ।** युगतुलसी पंडित रामकिंकर उपाध्याय के जन्मशताब्दी वर्ष पर बुधवार, 23 अक्टूबर को भावांजलि कार्यक्रम राजधानी में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री एवं गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ करेंगे। सांसद डा. दिनेश शर्मा, रामायणं ट्रस्ट की अध्यक्ष मन्दाकिनी रामकिंकर एवं युगतुलसी के पट्टशिष्य व्यास पंडित उमाशंकर शर्मा कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता होंगे। कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में शाम 4 बजे से होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। कार्यक्रम के संयोजक किशोर टंडन ने बताया कि युगतुलसी का लखनऊ से गहरा नाता रहा है।

# केजीएमयू को नहीं होने देंगे संसाधनों की कमी : ब्रजेश

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेडियोथेरेपी विभाग में प्रशामक देखभाल इकाई द्वारा सतत चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि केजीएमयू को किसी भी प्रकार से संसाधनों की कोई कमी नहीं होने देंगे।

केजीएमयू द्वारा अपनी प्रतिष्ठा एवं परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है। राज्य सरकार केजीएमयू के कार्यों से प्रसन्न है एवं हरसंभव सहयोग चाहे वित्तीय हो अथवा प्रशासनिक, केजीएमयू को प्रदत्त करने हेतु कटिबद्ध है। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि केजीएमयू राज्य सरकार एवं उपमुख्यमंत्री का बहुत आभारी है। उनके प्रयासों के कारण ही हमें अपने एक्सटेंशन के लिए जमीन प्राप्त हो पाई है। शीघ्र ही रेडियोथेरेपी विभाग में एक नया लीनियर एक्सीलरेटर लगाया जाएगा। प्रो. शालीन कुमार ने कहा कि बड़ा मुश्किल है मरीज के आखिरी समय की देखभाल। हमारे देश में इच्छामृत्यु कानून नहीं है। किन्तु जिन रोगियों में जीवन की सम्भावना शून्य है, उनका उपचार बेहद चुनौतियों से भरा है। तीमारदार से मृत्यु की सम्भावना की सूचना साझा करते हुए मार्मिक एवं दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

प्रो. संजय धीराज ने कहा कि नारकोटिक्स की दवाएं जैसे अफीम इस प्रकार के रोगियों को उपलब्ध कराई जाती हैं। इसे 2.5 से 5 मिलीग्राम से आरम्भ किया जाता है। इसकी खुराक 6 गुना तक बढ़ाई जा सकती है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव कब्ज है। कार्यक्रम में प्रोफेसर विनीत शर्मा, अपजीत कौर, राजीव गुप्ता, अभिनव सोनकर, संदीप तिवारी, बीके ओझा, प्रो क्षितिज श्रीवास्तव, आनंद मिश्रा व पवित्र रस्तोगी एवं अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### चौक में हुआ आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आर्म नेशनल बॉक्सिंग 19 से 20 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में बिहार ने फाइनल में कड़ा मुकाबला खेला, लेकिन उत्तर प्रदेश से हारकर उन्हें द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा। डी. के फाइट क्लब के कोच दीपक मौर्या ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें पूरे भारत से कई स्टेट ने हिस्सा लिया जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार के साथ जम्मू कश्मीर ने भी भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान हासिल किया और द्वितीय स्थान बिहार ने और तृतीय स्थान हरियाणा ने हासिल किया डी.के फाइट क्लब के जियांस सिंह को बेस्ट फाइटर अवार्ड मिला। जियांस सिंह की इस उपलब्धि पर कोच दीपक मौर्या और उत्तर प्रदेश के तमाम खेल प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कॉमना करते हुए कहा कि जियांस सिंह एक मेहनती खिलाड़ी है, और आगे चलकर वह और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे। जिले के लोगों ने भी उनकी इस सफलता पर गर्व जताते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को प्रमुख सचिव ने लिया गोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा विभाग ने भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को शिक्षा की ओर लाने की एक अनूठी पहल शुरू की गई है। विभाग की देखरेख में लखनऊ की उम्मीद संस्था ने ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने कवायद की है। शैक्षिक सत्र 2023-24 में 159 और शैक्षिक सत्र 2024-25 में 98 बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कर प्राथमिक विद्यालयों में दाखिला दिलाया गया था। इसी कड़ी में सोमवार को प्राथमिक विद्यालय चिनहट दो में प्रमुख सचिव बेसिक डॉक्टर एम के शन्मुगा सुंदरम ने दस वर्षीय माही और आठ वर्षीय पायल को गोद लिया। इनकी पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाने की प्रमुख सचिव ने घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज को प्रेरित करना और इन बच्चों को उच्च शिक्षा के स्तर तक ले जाना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, उम्मीद संस्था के सहयोगियों एस के जग्गी, विपिन शर्मा, देवी संस्था से सुनीता गांधी, एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी, बीएसए राम प्रवेश और एबीएसए राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### युवक ने लगाई फांसी, सुबह पेड़ पर लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। शव की शिनाख्त करवाई। पुलिस ने शव का कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की शिनाख्त जितेन्द्र रावत (20) पुत्र राम नारायण रावत निवासी दुर्जनपुर गांव के रूप में हुई। जितेन्द्र की शादी नहीं हुई थी। खेती बाड़ी और मजदूरी का काम करता था। ग्रामीणों ने बताया, जितेंद्र के पिता की मृत्यू 4 साल पहले हुआ थी। जिससे जितेंद्र मानसिक तनाव में रहता था। बताया जा रहा है कि डिप्रेशन में होने के कारण जितेंद्र ने आत्महत्या की है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है ।

### किरनपाल के निधन पर माता प्रसाद पांडे दुखी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्व मंत्री किरनपाल चौधरी के निधन पर नेता प्रतिपक्ष विधानसभा माता प्रसाद पांडे ने गहरा दुख व्यक्त किया है। लीडर अपोजिशन माता प्रसाद पांडे ने कहा कि आज सुबह जसवंत राय अस्पताल मेरठ में प्रोफेसर किरण पाल सिंह के निधन का समाचार पाकर मुझे अत्यंत दुरूख हुआ। किरण पाल चौधरी चरण सिंह और मुलायम सिंह के कट्टर अनुयाई रहे हैं, समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं । उनका मित्रवत व्यवहार मेरे जेहन में बार-बार उभर कर आ रहा है । मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति दें।

### तेज धूप निकली, अक्टूबर अंत तक बढ़ जाएगी ठंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार दिन का मौसम सामान्य है। सुबह से तेज धूप निकली है। हल्की ठंड का भी अहसास हो रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में धूप निकलने के साथ बादल भी छाए रहेंगे। रात का मौसम ठंडा होता जाएगा। मौसम विभाग की मानें तो दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री दर्ज किया जाएगा। सुबह और शाम के समय में गुलाबी ठंड का असर बना रहेगा। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम 20.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी आने वाले कुछ दिन ऐसे ही मौसम स्थिर रहेगा। इसके बाद तापमान गिरना शुरू हो जाएगा। अक्टूबर के अंत तक ठंड बढ़ने की संभावना है।

### बैटरी गोदाम में लगी आग, ब्लास्ट होने के मकान खाली कराए गए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधान लखनऊ के गाजीपुर थानाक्षेत्र के संजय गांधीपुरम में बैटरी के गोदाम में आग लग गई। गोदाम में रखी बैटरी में विस्फोट होने लगे। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आस-पास के मकान खाली करा दिए गए। सूचना मिलते ही पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड तीन गाड़ियों मौके पर पहुंचीं। करीब 1 घंटे कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इंदिरा नगर कंट्रोल रुम को सोमवार शाम करीब 4 बजे शशांक गुप्ता ने संजय गांधीपुरम में आग लगने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि चार्जिंग के दौरान गोदाम में आग लग गई। बैटरी में ब्लास्ट होने से आग काफी तेज फैली। गोदाम के बगल में खड़ी स्कूटी भी चपेट में आ गई।

# हर समस्या का होगा निदान : केशव मौर्य

**जन समस्याओं के समाधान हेतु तय होगी जवाबदेही**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ** । उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय।

निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए। लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गो आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जमीन सम्बन्धी अधिकांश प्रकरणों में उन्होंने सम्बन्धित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाय और सार्थक समाधान कराया जाय।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत गोरखपुर के जिलाधिकारी, फिरोजाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बस्ती के पुलिस अधीक्षक व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

### महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए सरकार संकल्पबद्ध

**लखनऊ।** पूर्व विधायक स्व उपेन्द्र तिवारी की पुण्यस्मृति के अवसर पर अपने शाहाबाद हरदोई आगमन के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने बड़ा मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उनके द्वारा दिव्यांगों को ट्राईसाईकिल वितरित की गयी। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की आर्थिक गतिविधियों की सराहना की। जिला कार्यक्रम विभाग के स्टॉल पर उन्होंने अन्नप्राशन व गोद भराई संस्कार कराया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक आवासहीन पात्र व्यक्ति को आवास उपलब्ध करा रही है। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावी कदम उठाये गए हैं। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट व प्रमाणपत्र प्रदान किये। उनके द्वारा बटन दबाकर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया। राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने पूर्व विधायक स्वउपेन्द्र तिवारी के योगदान को याद किया तथा कहा कि सरकार की योजनाओं में का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यमंत्री ,स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल, प्रभारी मंत्री असीम अरुण, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, सांसद हरदोई जयप्रकाश, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, अजीत सिंह बब्बन व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने आईजीआरएस प्रकरणों पर की बैठक, शिथिलता पर नाराज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रेवांस रिड्रेसल सिस्टम) से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। लखनऊ मंडलायुक्त ने बैठक में यह भी साफ किया कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को दंडित किया जाएगा। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन राधेश्याम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने आईजीआरएस और मुख्यमंत्री संदर्भ के तहत ऑनलाइन प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समय पर निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान यह पाया गया कि डिप्टी सीपीओ (उप मुख्य परीक्षा अधिकारी) के 145 और अधीक्षण अभियंता जल निगम के 88 प्लै प्रकरण लंबित हैं। इस पर मंडलायुक्त ने गहरी नाराजगी जताई और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इतनी बड़ी संख्या में लंबित प्रकरण कतई स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण समयसीमा के भीतर ही होना चाहिए और शिकायतकर्ताओं को कॉल करके उनके फीडबैक को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्रकरण निर्धारित समयावधि से बाहर जाता है या निस्तारण में गुणवत्ता की कमी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। डॉ. रोशन जैकब ने यह भी कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों की अधिक संख्या से जनपद की रैंकिंग खराब होती है, जो अधिकारियों की कार्यकुशलता पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें।

# दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का किया जा रहा है निर्माण

समृद्धि न्यूज

**पहले से अधिक भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है दीपोत्सव**

**लखनऊ/अयोध्या।** दीपोत्सव 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और रामनगरी अयोध्या में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष, दीपोत्सव का आठवां संस्करण पहले से भी अधिक भव्य और अद्वितीय होने जा रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या को त्रेता युग के स्वरूप में ढालने का प्रयास जारी है, जिससे भगवान श्रीराम के समय की पवित्रता और आध्यात्मिकता का अनुभव कराया जा सके। राम की पैड़ी, जहां लाखों दीप जलाए जाएंगे, को विस्तार देने का काम चल रहा है और नगर को पूरी तरह से सजाया और संवारा जा रहा है।

संस्कृति विभाग द्वारा दीपोत्सव के लिए 10 बड़े सांस्कृतिक मंचों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें तीन बड़े और सात छोटे मंच शामिल हैं। इन मंचों पर आधुनिक तकनीक के सहारे त्रेता युग की झलकियों को प्रदर्शित किया जाएगा। रामकथा पार्क में एक विशाल प्रदर्शनी का आयोजन होगा, जो रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आधुनिक तकनीकी माध्यमों से जीवंत करेगी। इस प्रदर्शनी में श्रद्धालु त्रेता युग का अनुभव कर सकेंगे और रामायण के महत्वपूर्ण पलों को करीब से देख पाएंगे। दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या नगर निगम और संस्कृति विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

नगर निगम शहर की साफ-सफाई और पेंटिंग का कार्य कर रहा है, जबकि संस्कृति विभाग मठों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों को सजाने-संवारने में जुटा हुआ है। मठ-मंदिरों की सजावट के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और भव्य वातावरण का अनुभव हो। इस वर्ष, दीपोत्सव से पहले अयोध्या को राजधानी लखनऊ से जोड़ने वाले गोरखपुर-लखनऊ रोड को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। इस मार्ग पर रामायण से जुड़े प्रसंगों की जीवंत झलकियां प्रस्तुत की जाएंगी। मार्ग के दोनों ओर रामायण के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को चित्रित करने की योजना बनाई गई है, जिससे दीपोत्सव की पवित्रता और महत्ता को बढ़ाया जा सके।

## बीजेपी पर भड़का रही है सांप्रदायिक दंगा : अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद में बीते दिनों हुए सांप्रदायिक हिंसा को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा वहां जो कुछ हुआ वह बीजेपी के जरिए प्लान किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव आने वाले हैं और बीजेपी के पास किन्हीं सवालों का जवाब नहीं और इसलिए यह हिंसा करवाई गई है। अखिलेश यादव ने शासन प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम थे तो अधिक पुलिस फोर्स की तैनाती क्यों नहीं की गई अखिलेश यादव ने कहा कि मैं उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने घटना की सच्चाई सामने लाने का काम किया, और सच्चाई यह है कि भाजपा ने जानबूझकर दंगा कराया है। क्योंकि उनको पता है कि चुनाव आ गया है और वह किसी भी सवाल का जवाब जनता में नहीं दे सकते हैं। इसीलिए जानबूझकर लाभ पहुंचाने के लिए कराया। उन्होंने कहा कि अगर आप जीरो टोलिरेंस पॉलिसी की बात करते हैं, तो सही मात्रा में पुलिस बल तैनात क्यों नहीं था। मुझे उम्मीद है कि न्यायालय से न्याय मिलेगा। एक धार्मिक जुलूस के दौरान गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद प्रदर्शनकारियों ने दुकानों, वाहनों और एक अस्पताल में आग लगा दी।

# भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति ने सीएम से की विवि के विकास कार्यों पर चर्चा

**सीएम ने विकास हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और विश्वविद्यालय संबंधी विकास कार्यों पर चर्चा की एवं विश्वविद्यालय को हाल ही में प्राप्त 33वीं एनआईआरएफ रैंकिंग (समग्र श्रेणी) के बारे में जानकारी दी।

मुलाकात के दौरान प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में पूर्व में किये गये विकास कार्यों को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय सहायता के लिए धन्यवाद दिया साथ ही रमाबाई अम्बेडकर रैली स्थल के समीप स्थित अतिविशिष्ट राजकीय अतिथि गृह को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में अध्ययनरत अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए छात्रावास बनाने हेतु स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. विनय सिंह बघेल भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री से विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री की ओर से विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। आशा करते हैं कि इस मुलाकात का सकारात्मक परिणाम जल्दी ही विश्वविद्यालय की समस्त गतिविधियों में देखने को मिलेगा।

कुलपति ने मुख्यमंत्री को केआईपीएम-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट गोरखपुर में होने वाले उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड आर्थिक संघ के 20वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन का उद्घाटन करने हेतु आमंत्रित किया। इसके अतिरिक्त प्रो. एन.एम.पी. वर्मा एवं डॉ. विनय सिंह बघेल ने उत्तर प्रदेश के माननीय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने परिवहन मंत्री से विद्यार्थियों के लिए आईटी चौराहा से हज़रतगंज एवं चारबाग होते हुये विश्वविद्यालय तक बस सेवा की शुरुआत करवाने का अनुरोध किया जिससे विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा हो सके।

# शहर के साइंसदानों की कामयाबी बड़े गौरव की बात : डॉ दिनेश शर्मा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** । ऑल इण्डिया इंटिलक्चुअल सोसाइटी के अर्न्तगत इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो0 अब्बास अली मेंहदी वाइस चॉसलर इरा विश्वविद्यालय, प्रो0 आर0के0गर्ग और प्रो0 सूर्याकान्त केजीएमयू को अमेरिका की स्टैटंर्ड फोर्ड विश्वविद्यालय के जरिये दुनिया भर के 2 प्रतिशित काबिल साइंसदानों में नाम शामिल करके इन लोगों की सेवाओं का ऐतिराफकिया।

इस सिलसिले में इन महान हस्तियों के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने की। डॉ दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि और डॉ अम्मार रिजवी विशिष्ठ अतिथि के रूप में शरीक हुए।

स्वागतीय भाषण अहमद उवैस नगरामी कंवीनर ऑल इण्डिया इंटिलक्चुअल सोसाइटी ने पेश किया और मेहमानों का शुक्रिया डा0 अम्मार अनीस नगरामी ने अदा किया। प्रोग्राम का संचालन मौलाना मो0 सुफयान निजामी ने किया। इस अवसर पर सम्बोधन करते हुए डा0 दिनेश शर्मा ने कहा कि यह हम सब के लिए गौरव की बात है कि अपने प्रदेश और नगर से इन तीन साइंसदानों को इतने अहम् एवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## पासपोर्ट कार्यालय में लगा स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ** । क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शुभम सिंह की पहल पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ में एक फाउंडेशन और अवध हॉस्पिटल के सहयोग से पासपोर्ट कार्मिकों और पासपोर्ट आवेदकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक पासपोर्ट कार्मिकों और आवेदकों की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा कार्मिकों और आवेदकों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर रक्तदान जागरुकता पर भी विशेष चर्चा की गई, जिसमें रक्तदान के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

**मेला** | **मंत्री राकेश सचान ने किया 10 दिवसीय माटी कला मेले का उद्घाटन**

# सरकार माटीकला कारीगरों व उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यरत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तिलक मार्ग, लखनऊ परिसर में आयोजित 10 दिवसीय माटीकला मेले का उद्घाटन खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम निर्यात प्रोत्साहन, रेशम उद्योग और वस्त्र उद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को फीता काटकर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने माटीकला उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



शिल्पकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित उत्कृष्ट कलाकृतियों और माटीकला उद्योग के कियात्मक प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिल्पकार मिट्टी से निर्मित अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों को 50 स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित किया है।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार माटीकला कारीगरों और उनके उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत अब तक प्रदेश में 48,000 माटीकला कारीगर परिवारों को चिन्हित किया गया है। इसके तहत 13,607 विद्युत चालित चाक का वितरण किया जा चुका है और वर्ष 2024-25 के लिए 2,325 विद्युत चालित चाक और 375 पगमिल के वितरण का लक्ष्य है।

मंत्री ने बताया कि माटीकला कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए 603 जोड़ी लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की डाई, 31 पेंटिंग मशीन और 81 दीया मेकिंग मशीन भी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में 6 कॉमन फैसिलिटी सेंटर (पीलीभीत, रामपुर, कन्नौज, अमरोहा, फिरोजाबाद और बाराबंकी) की स्थापना की जा चुकी है, जो माटीकला उद्योग को सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। मंत्री ने यह भी बताया कि इस वर्ष दीपावली के अवसर पर लखनऊ के साथ ही कानपुर, झांसी और वाराणसी में भी 7 दिवसीय भव्य माटीकला मेले का आयोजन किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, प्रदेश के 71 अन्य जनपदों में 3 दिवसीय लघु माटीकला मेले का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे शिल्पकारों को व्यापक मंच मिलेगा। उन्होंने जनता से अपील की कि दीपावली के शुभ अवसर पर इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में आएं और शिल्पकारों द्वारा निर्मित कलात्मक उत्पादों की खरीदारी करें, ताकि शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिले और उनके उत्पादों को व्यापक पहचान मिल सके।

मंत्री राकेश सचान ने 05 लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक वितरण किया। जिसमें सरोजिनी नगर के प्रभाकर, जहांनाबाद की रामवती, काठवाड़ा के गोकरन, डडौली की मनीषा प्रजापति और लखनऊ कैंटोनमेंट के सुधीश चन्द्र शामिल रहे। महाप्रबंधक डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि माटीकला मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये शिल्पकार अपनी कलात्मक कृतियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में 50 स्टॉल लगाए गए हैं, जिन पर विभिन्न प्रकार की माटीकला से जुड़ी वस्तुएं उपलब्ध हैं।

# जनपद गोंडा के वनटांगिया समुदाय को दिवाली का तोहफा

## सीएम योगी के जीरो पॉवर्टी संकल्प के तहत गोण्डा में आयोजित होगा वनटांगिया महोत्सव 2.0

- रामगढ़ वनटांगिया ग्राम में 27 को होगा वनटांगिया महोत्सव 2.0 का आयोजन
- वनटांगिया समुदाय के साथ त्योहार की खुशियां बांटना है महोत्सव का उद्देश्य

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जीरो पॉवर्टी विजन के तहत, इस वर्ष गोंडा जिला प्रशासन द्वारा वनटांगिया महोत्सव 2.0 के रूप में महेशपुर और रामगढ़ गांवों के वनटांगिया समुदाय के परिवारों को दिवाली का विशेष तोहफा प्रदान किया जाएगा। आगामी 27 अक्टूबर को आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य वनटांगिया समुदाय के लोगों को न केवल त्योहार की खुशियां बांटना है, बल्कि उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और गरीबी उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाना है। इस आयोजन के माध्यम से जनपद में स्वच्छ त्योहार की एक नई पद्धति विकसित करने की दिशा में पहल भी की गई है।

वनटांगिया महोत्सव 2.0 के तहत, महेशपुर और रामगढ़ के सभी परिवारों को दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपहार के रूप में दी जाएगी। मुख्यमंत्री के ÷जीरो पॉवर्टी÷ विजन के अनुरूप, यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने और गरीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देना है, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें और दीपावली को सम्मान और खुशी के साथ मना सकें। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि महोत्सव की सभी गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हों और इसका लाभ हर गांववासी को मिले।

**प्रशासन की तैयारी** महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नवाबगंज को आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी सेवाएं सही समय पर गांववासियों तक पहुंचें, जिससे मुख्यमंत्री के जीरो पॉवर्टी विजन को साकार किया जा सके।

**स्वास्थ्य और स्वच्छता शिविर** 24 और 25 अक्टूबर 2024 को महोत्सव के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत गांववासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और साफ-सफाई के महत्व को समझाते हुए, इस अभियान का उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर में सुधार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।

**मेडिकल कैंप का आयोजन** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में, गांववासियों के लिए एक मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें नेत्र परीक्षण सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों की स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना और उन्हें बेहतर जीवन प्रदान करना है।

**सीएम के विजन के तहत जीवन स्तर में सुधार** गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा, वनटांगिया महोत्सव की शुरुआत पिछले वर्ष 2023 में हुई थी, और इस वर्ष भी हम इसे मुख्यमंत्री के जीरो पॉवर्टी विजन के तहत आगे बढ़ा रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल उपहार देना नहीं है, बल्कि गांववासियों के जीवन स्तर को बेहतर करना और उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। महोत्सव के माध्यम से गांववासियों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि वे स्वस्थ और आत्मनिर्भर बन सकें।।

# डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

- समस्त सीएचसी अधीक्षकों को डीएम का सख्त निर्देश, शासन की मंशानुसार जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में प्रस्तावित एजेंडा के आधार पर यू0पी0एच0एम0आई0एस0 हेल्थ डैशबोर्ड, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डिजीज, एन0सी0डी0, एन0बी0सी0पी0, आर0एन0टी0सी0पी0, पी0एम0एम0वी0वाई0, नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई। वहीं जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सितम्बर, 2024 का भ्रमण की समीक्षा की गई। एनआरसी में भर्ती बच्चों, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस, एनपीसीडीसीएस, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

डीएम द्वारा सभी सीएचसी अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये गये कि अपने अपने सीएचसी पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी सीएससी अधीक्षकों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की योजनावार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी सीएससी अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं के कार्य समय से पूर्ण कराया जाय तथा समय-समय पर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से योजनावार समीक्षा भी की जाय। ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन समय से किया जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षक सीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में बचे हुए कार्यों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें, साथ ही इस पर विशेष ध्यान दिया जाय। ई-कवच को पोर्टल को अपडेट करें। प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया झील के सौंदर्यीकरण का अवलोकन



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिनांक 21.10.2024 को मध्यान 12:00 बजे से विकासखंड वजीरगंज की ग्राम पंचायत वजीरगंज में स्थित बारादरी के पास स्थित झील का सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने के संबंध में बैठक की गई बैठक के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार गोंडा, जिला पर्यटन अधिकारी, खंड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी वजीरगंज एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया की झील के सौंदरीकरण के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत की जाए जिससे कार्य कराया जा सके।

# सीएचसी हलधरमऊ की एक्सरे व ईसीजी मशीन बनी शोपीस, जिम्मेदार मौन

- मशीन के संचालन के लिए टेक्नीशियन की नहीं हो सकी तैनाती
- क्षेत्रीय मरीज रुपए खर्च करके बाहर से एक्सरे व ईसीजी जांच कराने को मजबूर

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत सीएचसी हलधरमऊ पर नई एक्सरे व ईसीजी मशीन शोपीस बनकर रह गई है। एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी इसको कोई चलाने वाला नहीं मिल सका है। जिससे इस जांच मशीनों का लाभ इस क्षेत्र के मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। जिम्मेदारों की भारी उदासीनता से पहले छह माह ईसीजी व एक्सरे मशीन को ठीक से स्थापित नहीं किया जा सका। साल भर बीतने के बावजूद इसके संचालन के लिए विभाग की ओर से किसी टेक्नीशियन की तैनाती नहीं की जा सकी है। सरकार की ओर से लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद इन जांच मशीनों का क्षेत्रीय मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। हमेशा की तरह क्षेत्रीय मरीजों को रुपए खर्च करके बाहर से एक्सरे व ईसीजी जांच करानी पड़ रही है। सीएचसी के डॉक्टर सन्त प्रताप वर्मा ने बताया कि इन मशीनों को चलाने के लिए जिले से कोई टेक्नीशियन नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते स्थापना के बावजूद इन मशीनों का संचालन नहीं हो पा रहा है।

यही कहते सुनते करीब साल भर बीत चुके हैं और यह मशीन चालू नहीं कराई जा सकी है। एक्सरे व ईसीजी जांच के लिए आये दिन क्षेत्र के सैकड़ों मरीज महिला पुरुष युवक युवतियां भटकते रहते है। उन्हें अपने जेब से रुपए खर्च करके जांच कराना पड़ रहा है। यदि यह मशीन समय से चालू कर दी जाय तो यह सुविधा उनको मुफ्त में मिलनी शुरू हो जाय तो मरीजों को इसके लिए इधर उधर भटकने व परेशान होकर बाहर से रुपये खर्च करके जांच कराने से छुटकारा मिल सकता है।

## खबरें एक नजर में

### समय पर उप स्वास्थ्य केन्द्र नहीं पहुंचती सीएचओ लोग करते हैं इंतजार



- समय पर उप स्वास्थ्य केन्द्र न पहुंचने का कारण जानने पर भड़कीं सीएचओ का विडियो वायरल

गोंडा, समृद्धि न्यूज। गोन्डा जनपद में लगभग स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से चलाने और जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए सरकार ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) की नियुक्ति हुई थी,इनको सरकार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में कार्य दिया है ।सीएचओ लोगों को आहार, व्यायाम और बीमारी की रोकथाम जैसे स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर निर्देश और सलाह देते हैं ।लेकिन हाल ही में एक विडियो वायरल हो रहा है जिसको लेकर जन चर्चा है कि इतनी जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद उप स्वास्थ्य केन्द्र पर सीएचओ समय पर नहीं पहुंचती है और लोग इनका इंतजार करते है ।वहीं वायरल विडियो में देखा जा सकता है कि स्वस्थ्य के प्रति जिम्मेदारियो को निभाने व समय से स्वास्थ्य केंद्र न पहुंचने पर विडियो बनाने वाले व्यक्ति के प्रति अपशब्दों का प्रयोग कर रही है और धमकिया भी दे रही है इस व्यवहार से यह लगता है कि सीएचओ अपनी जिम्मेदारी कैसे निभा रही है ।प्राप्त जानकारी के मुताबिक वायरल विडियो गोन्डा जनपद के ब्लाक पंडरी कृपाल के उप-स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर कोडरी का तथा तैनात सीएचओ का नाम आरती बताया जा रहा है। फिलहाल वायरल विडियो को लेकर मीडिया कर्मियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा से जानकारी की गई जिसके सम्बन्ध में सीएमओ ने कहा अब जानकारी हुई है जांच करवाकर कार्यवाही की जाएगी।

### करंट लगने से युवक की मौत



बहराइच, समृद्धि न्यूज। पयागपुर नगर पंचायत निवासी युवक की सोमवार सुबह करंट लगने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पयागपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच निवासी रमेश कुमार शर्मा (28) विष्णु कुमार सोमवार को स्नान किया। इसके बाद वह गीला कपड़ा दीवाल पर डालने लगे। कपड़ा टांगते समय करंट की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# छात्र की सरयू नदी में डूबकर मौत

- इंटर फर्स्ट ईयर की परीक्षा देने आ रहा था राम सिंह

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।



जिले के पाठकपुरवा गांव के पास सरयू नदी में डूबकर एक छात्र की मौत हो गई। वह लखीमपुर खीरी जिले का निवासी था।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम चकदहा निवासी पैकरमा यादव का 15 वर्षीय पुत्र राम सिंह यादव कक्षा 11 में पढ़ता था। जनपद के खैरीघाट थाना क्षेत्र के इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की इस समय अर्ध वार्षिक परीक्षा चलती है। जिसके चलते सोमवार सुबह वह स्कूल एग्जाम के लिए जा रहा था। स्कूल जाते समय पाठकपुरवा गांव के पास स्थित सरयू नदी को वह पार कर रहा था। तभी पैर फिसलने से वह पानी में डूब गया और उसकी मौत हो गई। क्षेत्र के गोताखोरों ने सरयू नदी से शव बरामद किया। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भाजपा विधायक ने भाजपा पदाधिकारियों पर दर्ज कराया केस

- नगर अध्यक्ष समेत सात नामजद व अज्ञात भीड़ पर दर्ज कराया केस
- श्रावस्ती जिले में तैनात शिक्षक पर दर्ज हुआ केस
- विधायक ने प्रदर्शन के दौरान उनके काफिले पर पत्थरबाजी व फायरिंग का लगाया आरोप



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के महसी विधानसभा के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने बीजेपी नगर अध्यक्ष, शिक्षक समेत सात नाजमद व अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। जिसमें लिखा है कि 13 अक्तूबर की रात महराजगंज गोलीकांड के बाद मृतक रामगोपाल के शव को अस्पताल चौराहा पर रखकर प्रदर्शन कर रही भीड़ को समझाने के दौरान उनके काफिले पर पत्थरबाजी और फायरिंग का आरोप लगाते हुए नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली में दर्ज विधायक महसी सुरेश्वर सिंह की एफआईआर के मुताबिक 13 अक्तूबर को महराजगंज में हुई हिंसा में मृतक रामगोपाल के शव को बहराइच मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर रखकर भीड़ प्रदर्शन कर रही थी। वह अपने अंगरक्षकों व अन्य सहयोगियों के साथ शव रखे लोगों के पास पहुंचे। इसके बाद डीएम से मिलने सीएमओ कार्यालय पहुंचे, जहां सीएमओ, सिटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे। सभी को साथ लेकर दोबारा से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों के पास पहुंचे और बातचीत कर शव को मोर्चरी ले जाने लगे। तभी कुछ उपद्रवी जिसमें अर्पित श्रीवास्तव, अनुज सिंह रैकवार, शुभम मिश्रा, कुशमेंद्र चौधरी, मनीष चंद्र शुक्ल, पुंडरीक पांडेय अध्यापक, सुंधाशु सिंह राणा व अज्ञात भीड़ नारेबाजी कर गाली गलौज करने लगे। शव मोर्चरी में रखवाकर वे और डीएम जैसे ही आगे बढ़ते है और गाड़ी मुड़ती है। उक्त लोगों द्वारा कार को रोकने और शेष बचे लोगों को जान से मारने की नियत से पत्थर चलाने लगते है, उसी दौरान भीड़ से फायरिंग भी होती है। कार का शीशा टूट गया, घटना में बेटा अखंड प्रताप सिंह बाल-बाल बचे। सीसीटीवी फुटेज से घटना स्पष्ट होने की बात कही। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अर्पित के बीजेपी नगर अध्यक्ष होने की पुष्टि की है। नगर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर दंगा करने, घातक हथियार से हमला करने, हत्या का प्रयास, व्यक्तिगत सुरक्षा खतरे में डालने, मारपीट सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया।

**शिक्षक पर लिखा गया केस** विधायक ने जिन नामजद पर केस दर्ज कराया है, उसमें महसी तहसील क्षेत्र निवासी पुंडरीक पाण्डेय शामिल हैं। पुंडरीक पाण्डेय श्रावस्ती जिले में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं।

# राष्ट्रीय ओलमा कौंसिल ने लगाया आरोप पुलिस कर रही एक पक्षीय कार्रवाई



- सीबीसीआईडी जांच की मांग

बहराइच समृद्धि न्यूज। जिले के महराजगंज में बीते रविवार को हुए विवाद में गिरफ्तारी के विरोध राष्ट्रीय ओलमा कौंसिल के पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। सभी का कहना है कि पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। साथ ही पुलिस से न्याय की उम्मीद न होने की बात कही है। सभी ने सीबीसीआईडी जांच की मांग की है ।राष्ट्रीय ओलमा कौंसिल के मोहम्मद जिलाध्यक्ष सरवर खां कासमी की अगुवाई में सोमवार पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी ने कहा कि जिले के महराजगंज बाजार में बीते रविवार को विसर्जन जुलूस के दौरान भड़काऊ बयान के साथ डीजे का गाना बजाया जा रहा था। इसके बाद मकान से धार्मिक झंडा मकान से उतारा गया था। जिसके विरोध में हिंसा हुआ था। दुकान और मकानों में आग लगाई गई थी। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्ष पर केस दर्ज किया था ।जिलाध्यक्ष ने कहा कि इसके बाद भी पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए मुस्लिम लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ऐसे में गरीब लोग परेशान हैं। उनके नुकसान की भरपाई नहीं हो रही है। पुलिस पर विश्वास नहीं है। सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को देकर मामले की जांच सीबीसीआईडी से करवाने की मांग की। इस दौरान इनायत उल्ला, नसीर अहमद, नूरुद्दीन, जिब्राइल खान, अब्दुल गफूर खान, मोहम्मद अहमद खान, सूफियान समेत अन्य मौजूद रहे।

# बालश्रम व महिला उत्पीड़न के खिलाफ उठाएं आवाज : सीडीओ

- विकास भवन में जागरूकता गोष्ठी आयोजित, सम्मानित हुईं छात्राएं

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



शहर के विकास भवन में श्रम विभाग और बालिका सुरक्षा को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र रहे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को उनके अधिकार बताए।

विकास भवन में बालिका सुरक्षा और बालश्रम को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीडीओ ने कहा कि बालिकाएं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने कहा कि आज भी कम उम्र में बालिकाओं की शादी होती है। यह जागरूकता का अभाव है। सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदयानी ने कहा कि बच्चों से बालश्रम न करवाएं। इसके लिए जेल जाने के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। महिला थानाध्यक्ष मंजू यादव ने कहा कि कहीं कोई समस्या है तो पुलिस के टोल फ्री नंबर पर फोन कर महिलाएं सहायता ले सकती हैं। जिला स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में बताया। बालिका विहान विद्यालय की वार्डेन प्रिया प्रसाद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम जागरूक होंगे तो बाल विवाह, बाल श्रम और बालिका सुरक्षा के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके बाद छात्राओं ने कलाकृतियां बनाकर बालश्रम, बालिका सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जिस पर बेहतर कलाकृति बनाने वाली छात्रा दीपशिखा, रिया, दीक्षा, सीमा, चंचल, कोमल, परी, नंदिनी और दीप्ति को सम्मानित किया गया।

### पूर्व ग्राम प्रधान के खेत में मिला प्रतिबंधित मवेशी का अवशेष

बहराइच समृद्धि न्यूज़ जिले के ग्राम पंचायत पकड़िया दीवान गांव के पूर्व ग्राम प्रधान और भाजपा नेता के खेत में सोमवार को प्रतिबंधित मवेशी का अवशेष मिला। इससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकड़िया दीवान के ग्राम प्रधान तिलकराम लोधी का खेत मजरा केलापुरवा में है। पूर्व ग्राम प्रधान गायघाट मंडल के पूर्व भाजपा अध्यक्ष भी हैं। उनके गन्ने के खेत में सोमवार सुबह गो वंश का अवशेष मिला। जिसके चलते गांव के लोगों में आक्रोश फैल गई। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर उपजिलाधिकारी संजय कुमार और थानाध्यक्ष आरके पांडेय पहुंचे। उन्होंने जांच की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच चल रही है। इसके बाद केस दर्ज किया जायेगा। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि अवशेष को जांच के लिए मथुरा भेजा जा रहा है।

# कोर्ट के फैसले से महराजगंज के लोग खुश

- बोले गरीब के मकानों पर न चले बुलडोजर
- आशंका, सरकार का पक्ष हुआ मजबूत तो चलेगा बुलडोजर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के महराजगंज बाजार में बुलडोजर की कार्रवाई पर कोर्ट ने 15 दिन की मोहलत दी है। साथ ही सरकार से तीन दिन में जवाब मांगा है। इसको लेकर महराजगंज के लोगों में खुशी है। सभी का कहना है कि गरीबों के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई न हो तो बेहतर है। हरदी थाना क्षेत्र महराजगंज बाजार में बीते रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा हो गई थी। इस हिंसा में उपद्रवियों ने रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस मामले में मृतक राम गोपाल के परिवार के लोग सरकार और जिला प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से महराजगंज बाजार के 23 लोगों को नोटिस जारी कर तीन दिन में अतिक्रमण के लिए जवाब मांगा था। साथ ही जवाब न मिलने पर कार्यवाई की चेतावनी दी थी। उस मामले में दिल्ली की सामाजिक संस्था एपीसीआर की ओर से इलाहाबाद कोर्ट के लखनऊ बेंच में वाद दायर किया गया था। रविवार को शाम 6.30 बजे दो जजों की बेंच ने सुनवाई करते हुए ग्रामीणों को 15 दिन की मोहलत देते बुलडोजर कार्यवाई को स्थगित कर दिया है। साथ ही सरकार से तीन दिन में जवाब मांगा गया है। इसको लेकर महराजगंज बाजार के लोगों में खुशी है। सोमवार को इंडियन बैंक और भारतीय स्टेट बैंक खुला। लोग लेनदेन के लिए मौके पर पहुंचे। वहीं जब कोर्ट के रुख के बारे में बाजार के लोगों से बात की गई तो सभी ने बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक से खुशी जताई। पान की दुकान संचालन करने वाले जफीर ने कहा कि बुलडोजर नहीं चलना चाहिए। मुनऊ और फरजान ने कहा कि जिस क्षेत्र में नोटिस दी गई है। वहां गरीब रहते हैं। ऐसे में बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगना चाहिए।

**सरकार का पक्ष रहा मजबूत तो चलेगा बुलडोजर**

महराजगंज के लोगों में आशंका है कि सरकार से जवाब मांगा गया है। जिसके मामले की सुनवाई बुधवार को होनी है। ऐसे में अगर सरकार का पक्ष मजबूत रहा तो बुलडोजर की कार्रवाई हो सकती है। इसको लेकर भी लोग सशंकित हैं।

# आयोडीन का प्रतिदिन सेवन शरीर के सम्पूर्ण विकास के लिए आवश्यक : सीएमओ

- जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मनाया गया विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस
- सामान्य व्यक्ति 5, गर्भवती 220 व धात्री महिलाओं के लिए 280 माइक्रो ग्राम की प्रतिदिन होती है आवश्यकता
- आयोडीन युक्त नमक सेवन करने पर दिया गया जोर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विश्व आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनसाधारण को आयोडीन की कमी से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों और उनके निवारण के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि आयोडीन की कमी से घेंघा रोग, थायरॉयड संबंधी समस्याएं और बच्चों में मानसिक विकास में बाधा जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस कमी को दूर करने के लिए नियमित रूप से आयोडीन युक्त नमक का सेवन करना चाहिए, जिससे शरीर की आवश्यकता अनुसार आयोडीन की कमी पूरी हो जाती है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों के लिए प्रतिदिन आयोडीन सेवन अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सामान्य व्यक्ति को प्रतिदिन 150 माइक्रोग्राम, गर्भवती महिलाओं को 220 माइक्रोग्राम, और स्तनपान कराने वाली माताओं को 280 माइक्रोग्राम आयोडीन की आवश्यकता होती है। आयोडीन की यह मात्रा शरीर के सामान्य कार्यों और विकास के लिए जरूरी है। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नमक में आयोडीन की पहचान के लिए नमक की जाँच की और लोगों को आयोडीन की कमी से संबंधित समस्याओं की पहचान और उपचार के बारे में जानकारी दी । इसके साथ ही, जनसाधारण को आयोडीन युक्त नमक का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। एसीएमओ डॉ संतोष राना ने बताया कि जिन महिलाओं में आयोडीन की कमी होती है, उनमें थायरॉयड की कार्य प्रणाली बाधित होती है, जिसका असर उनके प्रजनन स्वास्थ्य पर पड़ता है। आयोडीन की कमी से बच्चों का मानसिक विकास कमजोर होता है, जल्द थकान और उर्जा में कमी आती है। आयोडीन की कमी से गर्भपात या गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क का विकास रुक जाता है, इसके आलावा बच्चों में बौनापन, गर्भ में ही शिशु मृत्यु जैसी समस्याएं होती हैं, उन्होंने कहा थायरॉयड सम्बन्धी समस्या है तो इसकी दवाएं आजीवन चलती हैं और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होती हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि आयोडीन की कमी से बचने के लिए आयोडीन युक्त नमक का उपयोग करना बेहद जरूरी है। हमारा उद्देश्य है कि जनपद के प्रत्येक नागरिक को इस महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंचाया जाए, ताकि आयोडीन अल्पता के कारण होने वाली बीमारियों को जड़ से समाप्त किया जा सके।

# सोलह श्रृंगार के साथ किया चांद और पति का दीदार

- सुहागिनों ने चांद का दीदार कर खोला व्रत
- पति की दीर्घायु की कामना कर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रविवार को करवाचौथ का त्योहार जिलेभर में पारंपरिक ढंग से मनाया गया। महिलाओं ने निर्जला व्रत रख शाम को चंद्र दर्शन करने के साथ अर्घ्य देकर पति की दीर्घायु की कामना करते हुए पूजन किया। पतियों ने पत्नियों को जल पिलाकर व्रत खुलवाया। दाम्पत्य जीवन के इस पवित्र त्योहार पर पति-पत्नी ने एक-दूसरे को उपहार देकर अटूट प्रेम का इजहार किया। पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखा। शाम को दुल्हन की भांति सज-संवरकर घर में करवाचौथ पूजन कलैंडर, करवा, सींक आदि सामिग्री सजाकर करवाचौथ व्रत कथा कही और मिष्ठान, पूड़ी आदि सामिग्री से विधान पूर्वक पूजन किया। अधिकांश महिलाओं ने रात को 07 बजकर 51 मिनट पर चंद्रोदय होते ही छलनी में चंद्रमा और पति को देखकर अर्घ्य दिया। उसके बाद पतियों ने जल पिलाकर पत्नियों का उपवास खुलवाया और विभिन्न प्रकार के उपहार दिए। शाम को चंद्रमा निकलते ही युवाओं ने जमकर आतिशबाजियां चलाई।

## घर से दूर पति का ऑनलाइन दीदार कर किया पूजन




रविवार को करवाचौथ पूजन के समय उन महिलाओं ने अपने पति का फोटो देख कर पूजन किया,जिनके पति उनसे दूर हैं। महिलाओं ने दिनभर व्रत उपवास कर चन्द्रदेव के दौरान अपने पति की फोटो को चलनी में निहारा और चंद्रमा को अर्घ्य वहीं कुछ महिलाओं ने वीडियो कॉल के माध्यम से अपने पति की आरती की। उसके बाद पति से बात कर व्रत खोला।

## ब्यूटी पार्लर पर रही भीड़



बीते तीन-चार दिन से ब्यूटी पार्लर पर महिलाओं की काफी भीड़ जुट रही थी। करवा चौथ के दिन भी काफी संख्या में महिलाएं ब्यूटी पार्लर पर सजन-संवरन व मेहंदी लगवाने के लिए पहुंची। इनमें अधिकांश वह महिलाएं थीं जिन्होंने एडवांस बुकिंग कर रखी थी। चंद्र दर्शनों तक महिलाओं के सजने संवरने में जुटी रही।

## पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं में दिखा उत्साह



पति की दीर्घायु की कामना के लिए करवाचौथ का पर्व श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया गया। सुहागिनों अपने पति की लंबी उम्र की कामना की और चांद के दर्शन कर अपना व्रत खोला। सवेरे से ही सुहागिन महिलाएं पूजा पाठ में लग गई थी। शाम को करवा चौथ की कथा सुनी और भगवान की पूजा की। शादी के बाद पहली बार करवा चौथ का व्रत रखने वाली महिलाओं में काफी उत्साह नजर आ रहा था।

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस बल व देश के सभी केन्द्रीय राज्य पुलिस बलों द्वारा हर साल 21 अक्टूबर को ÷पुलिस स्मृति दिवस÷ मनाया जाता है। यह दिवस 21 अक्टूबर 1959 को चीन के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले सी.आर.पी.एफ. के 10 वीर जवानों के बलिदान की याद में मनाया जाता है। सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में अमर शहीद स्थल पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए, कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस कर्मियों की याद में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने पुलिस स्मृति दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के संदेश से सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया गया तथा सभी उपस्थित पुलिस कर्मियों को उनसे प्रेरणा लेकर हर चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक मुकाबला करने के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। पुलिस के अमर जवानों को याद करते हुए उन बहादुर पुलिस कर्मियों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी जिन्होंने अपना बलिदान देश और प्रदेश की शान्ति, सुरक्षा सद्भावना बनाये रखने हेतु अपने प्राणों का उत्सर्ग किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष और अन्य पुलिसकर्मी में शामिल हुए।



# खबरें एक नजर में

## जमकर हुई मारपीट, कई हुए घायल

**महराजगंज रायबरेली।** जमकर हुई मारपीट कई हुए घायल। राधा पत्नी गुड्डू निवासी ग्राम पुरे स्वयंवर सिंह मंज़रे ज्योना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम पुरे स्वयंवर सिंह मंज़रे ज्योना विपक्षीगण हिमांशु पुत्र रामजीलाल रामजीलाल पुत्र जगनमोहन रामादेवी पत्नी रामजीलाल मोहित सिंह पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी ज्योना प्रार्थिनी एक गरीब महिला है उसका पति बाल काटने का काम करता है और आज दिनांक21/10/ 2024 की सुबह 7:30 बजे पर प्रार्थिनी का पति अपनी दुकान की साफ सफाई कर रहा था इतने मे उपरोक्त समस्त विपक्षीगण वहां पर आकर साफ सफाई करने से मना किया एवं अपनी जमीन बात कर प्रार्थिनी के पति गुड्डू पुत्र श्रीराम पर जानलेवा हमला कर दिया। एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराज ने लाया गया जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## भाई और बहन गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बछरावा रायबरेली।** अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार के चलते एक बाइक सवार को टक्कर मार दी, हादसे में बाइक पर सवार बहन और भाई दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना आज दिनांक 21 अक्टूबर दोपहर 1:30 के आसपास की है। जब अंकित पुत्र लल्लू निवासी ग्राम लउवा थाना मौरावा निवासी अपनी बहन को हाजीपुर मजरे नीमटीकर निवासी संजना पत्नी जयशंकर को विदा करवा कर अपनी बाइक पर गांव के लिए जा रहा था। उनकी बाइक जैसे ही लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर ग्राम सरौरा के निकट पहुंची थी की एक लखनऊ से रायबरेली की तरफ जा रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में भाई और बहन दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बाबा थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बस की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, आधा दर्जन घायल

**बछरावा रायबरेली।** अनियंत्रित तेज रफ्तार बस ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मारी टक्कर, सवार आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई, और रिक्शा सड़क के किनारे पलट गया। विदित हो कि अनियंत्रित बस ने आगे चल रहे ई रिक्शा सड़क पर पलट गया और उसमे बैठे हुए लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना 21 अक्टूबर दोपहर 3:00 बजे के पास राजामऊ रोड पर ई रिक्शा चालक सवारियों को बैठा कर राजमऊ के लिए जा रहा था। ई रिक्शा समोधा गांव के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे ई रिक्शा को टक्कर मार दी। और रिक्शा सड़क पर पलट गया। रिक्शा सवार करीब आधा दर्जन लोग नीचे दबकर घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। चार घायलों को एंबुलेंस के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। घायलों में शिव कांति पत्नी वीर प्रकाश उम्र 60 वर्ष निवासी राजामऊ, राजकुमारी पत्नी ललित कुमार उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी राजामऊ , रविंद्र चौरसिया पुत्र चंद्रपाल उम्र 35 वर्ष एवं उनकी पत्नी अर्चना उम्र 32 वर्ष निवासी ठकुराइन खेड़ा रायबरेली निवासी का सीएचसी मे प्राथमिक उपचार किया गया जिसमें शिव कांति व राजकुमारी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

## युवक को बचाने के चक्कर में बाइकसवार पिता-पुत्र घायल

**बछरावा रायबरेली।** सड़क पार कर रहे युवक को बचाने के चक्कर में बाइक पर सवार पिता और पुत्र गिरकर घायल हो गए जिसमें पिता की हालत गंभीर बताई गई है। घटना 21 अक्टूबर दोपहर 1: 00 बजे की है। जब बाइक पर सवार ओमप्रकाश पुत्र राम दत्त निवासी ग्राम हसवा उम्र 40 वर्ष अपने पुत्र शिवम उम्र 19 वर्ष के साथ अपनी एक रिश्तेदारी मोहनलालगंज जा रहे थे। बछरावां कस्बे की लकड़ मंडी के पास पहुंचे ही थे कि एक युवक अचानक सड़क पार कर रहा था जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और दोनों पिता और पुत्र घायल हो गए। पिता ओमप्रकाश की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## राज्यपाल ने जारी की अधिसूचना, सदर तहसील के ग्राम पूरबटोला का प्राचीन स्मारक शिवालय संरक्षित घोषित

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थानों और अवशेषों का परिरक्षण अधिनियम 1956 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या – 7, सन 1957) के अधीन उत्तर प्रदेश में प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थानों और अवशेषों पर , यथा प्रयोज्य एन्शियेन्ट मोन्यूमेंट प्रिजर्वेशन एक्ट 1904 (अधिनियम संख्या –7, 1904) की धारा – 3 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके महामहिम राज्यपाल द्वारा जनपद बलरामपुर के तहसील सदर के ग्राम पुराबटोला में प्राचीन स्मारक शिवालय को संरक्षित स्मारक घोषित करने की अधिसूचना जारी कर दी गई हैं। महामहिम राज्यपाल द्वारा अधिसूचित संरक्षित स्मारक शिवालय का राजस्व गाटा संख्या – 7309 तथा क्षेत्रफल 0.40 (एकड़ ) का आशिक भाग (मात्र मंदिर निर्मित क्षेत्र) व सीमाएं पूर्व – आबादी , पश्चिम– आबादी, उत्तर– रास्ता, दक्षिण – आबादी है। उल्लिखित अधिसूचना जारी किए जाने के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन संस्कृति विभाग बापू भवन, उत्तर प्रदेश सचिवालय लखनऊ निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग को भेजी जा सकती है। केवल उन्हें आपत्तियों पर विचार किया जाएगा ,जो इस अधिसूचना के स्मारक पर चस्पा होने के तिथि से एक माह के भीतर प्राप्त होगी।

## सदस्य राज्य महिला आयोग अंजू प्रजापति कल करेंगी जनसुनवाई

बलरामपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति द्वारा दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे महिला जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई के बाद माननीय सदस्या द्वारा महिला बंदी गृह के निरीक्षण किया जायेगा।

## आधार कार्ड प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग



**उतरौला (बलरामपुर)।** आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को सुगम और नियमित किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। इस मुद्दे को लेकर लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में आधार कार्ड की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने पर जोर दिया गया है। चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने पत्र में कहा है कि वर्तमान समय में आधार कार्ड देश के हर नागरिक के लिए एक अत्यावश्यक दस्तावेज बन चुका है। स्कूलों में प्रवेश से लेकर मतदान तक, हर जगह आधार कार्ड की आवश्यकता होती है। शुरुआती दिनों में आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया आसान थी, लेकिन अब यह जटिल हो गई है। वर्तमान में डाकघरों में सिर्फ दो दिन आधार कार्ड बनाए जाते हैं, जिससे जनसंख्या के दबाव के कारण सभी नागरिकों को समय पर आधार कार्ड नहीं मिल पा रहा है। इस कठिनाई के चलते बच्चों का स्कूलों में दाखिला और बैंकों में खाते खोलने में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की कि आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया को जनसेवा केंद्रों, बैंकों और डाकघरों में प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाए।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी को सक्रिय सदस्य की उपाधि से नवाज़ा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा शुरू किए गए मोबाइल के माध्यम से सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 20 हजार नए सदस्य भाजपा में बनाए हैं।

**10000 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने का मिला निर्देश:** उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें 10000 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में उन्होंने 5 दिनों में 15000 सदस्य बनाए। जिला अध्यक्ष के निर्देश पर सभी के सहयोग से हमने 20000 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए हैं। मेरे भाई ने 11000 और मेरे बेटे ने 6000 से अधिक सदस्य बनाए हैं। इस तरह मेरा परिवार 37000 से अधिक सक्रिय सदस्य बनाकर भाजपा से जुड़ चुका है। इसके लिए मैं भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी और अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं।

**जो भी लड़ेगा भाजपा के सामने चित हो जाएगा:** उन्होंने कहा कि नौ विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव में पार्टी कार्यकर्ता अभी से सक्रिय हैं। जो भी आएगा जो भी लड़ेगा भारतीय जनता पार्टी के सामने चित हो जाएगा। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अलग-



अलग विचारधारा वाली पार्टियां हैं। विचारधारा में समानता न होने के कारण इनका गठबंधन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकता। यूपी में कई बार गठबंधन हो चुके हैं। सभी अपने स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। रायबरेली में जब भी लोकसभा चुनाव होते हैं तो गाड़ी पर झंडा लगा देते हैं। चुनाव खत्म होते ही झंडा हटा दिया जाता है और गठबंधन के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडे चलाने लगते हैं।

**प्रियंका गांधी को बुजुर्ग कहकर कोई गलती नहीं की:** प्रियंका गांधी पर की गई टिप्पणी को लेकर दिनेश प्रताप सिंह ने पुराने बयान को दोहराते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस प्रदर्शन की कोई वजह है। जो लोग प्रदर्शन कर रहे थे वो खुद को हाईलाइट करने के लिए ऐसा कर रहे थे। तीन या चार विरोध प्रदर्शन हुए जिसमें 6 से ज्यादा लोग शामिल नहीं थे। इससे हम प्रियंका गांधी की लोकप्रियता का पता लगा सकते हैं। मुझे नहीं लगता कि मैंने कुछ गलत कहा। प्रियंका गांधी खुद सार्वजनिक मंचों पर कहती रहती हैं कि मैं बुजुर्ग हो चुकी हूं। मैंने उन्हें बुजुर्ग कहकर कोई गलती नहीं की है। रायबरेली होने का नाते मेरा धर्म कर्तव्य बनता है सामाजिक सेवा में जो आदमी सक्रिय हो वह रायबरेली छोड़कर भागने लग जाए तो हम पूछेंगे जरूर।

**प्रियंका गांधी से राजनीतिक था मेरा सवाल:** प्रियंका गांधी अगर उत्तर प्रदेश में आई और %मैं लड़की हूं, लड़ सकती हूं% का नारा दिया, अगर उन्होंने लड़ाई नहीं की और बिना लड़े भाग गई, तो सवाल तो उठेंगे ही। प्रियंका गांधी लुटियंस जोन में पैदा हुई, उन्होंने वहां से चुनाव नहीं लड़ा, उन्होंने अपने ससुराल मुरादाबाद से चुनाव नहीं लड़ा। एक व्यक्ति जहां रहता है, वहीं से अपनी राजनीति शुरू करता है। अब वे केरल के वायनाड से चुनाव लड़ रही हैं। मेरा सवाल राजनीतिक था और उन्हें इसका जवाब देना चाहिए था।

# दर्दनाक हादसा: बिजली पोल से टकराई बाइक, तीन युवकों की मौत

- कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव के निकट हुई दुर्घटना

**लालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव के निकट रविवार की देर रात को सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार की सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी लिखापढ़ी के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तीनों दोस्त अपने घरों से किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में शामिल होने की बात कह कर घर से निकले थे।

सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे उसरहा (पूरेचंद्रशेखर) मजरे गोपाली खेड़ा गांव निवासी अभिषेक उर्फ गोपाल मिश्रा व उसका चचेरा भाई शिवेंद्र



मिश्रा व बेनीमाधवगंज निवासी प्रशांत बाजपेई दो अलग-अलग एक ही रंग की नई बाइकों से शाम करीब सात बजे घर से निकले थे।देर रात बहाई गांव के निकट उनकी बाइकें सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिजली का पोल टूट कर गिर गया और दोनों बाइकों का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद दोनों बाइकों पर सवार युवक बाइक समेत खड्ड में जा गिरे। सुबह ग्रामीणों ने उन्हें खड्ड में पड़ा देखा तब घटना की जानकारी हुई।

आशंका जताई जा रही है कि देर रात को दुर्घटना हुई और मृतक व उनकी बाइकें खड्ड में पड़ी होने के कारण लोगों जानकारी नहीं हो सकी। सूचना पर पुलिस उन्हें बाहर निकलवाया और उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। तीनों नौजवानों की मौत से क्षेत्र में हाहाकार मच गया। परिवारीजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। तीनों मृतक अविवाहित थे। अभिषेक उर्फ़ गोपाल का गांव में ही सेनेटरी टाइल्स का बड़ा व्यवसाय था, जबकि उसके चचेरा भाई शिवेंद्र की मलकेगांव में पेंट और सेनेटरी की दुकान थी। तीसरा मृतक प्रशांत बाजपेई डाक विभाग में कार्यरत था। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मीरगंज में फैला डायरिया, महिला की मौत, 40 लोगों की हालत बिगड़ी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के मीरगंज में डायरिया का प्रकोप है। इसकी चपेट में आने से मोहल्ला निवासी चंद्रावती की घर पर उपचार के दौरान रविवार की देर शाम मौत हो गई, जबकि करीब 40 से अधिक लोग डायरिया से पीड़ित हैं। इनमें से गंभीर हालत में 12 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य टीम ने मोहल्ले में पहुंचकर जांच करने के बाद दवाएं वितरित की हैं। जैतूपुर के मीरगंज में दूषित पानी पीने से लोग बीमार हो रहे हैं। गंभीर हालत में हिम्मत शर्मा, उमापति शर्मा, रामजी शर्मा, सुरेश्वरी देवी, दीपाली वर्मा, राकेश कुमार, प्रवीण, अशोक, माधुरी देवी, महेश, राहुल व भगवानदीन सहित 12 मरीजों को सरकारी व निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**दूषित पानी पीने से डेढ़ दर्जन लोग बीमार:** लोगों का कहना है कि मोहल्ला निवासी चंद्रावती भी इसकी चपेट में आ गई थीं, जिनकी रविवार की शाम घर पर ही उपचार के दौरान मौत हो गई। लोगों ने बताया कि सड़क का निर्माण हो रहा है। इस दौरान पानी की पाइप लाइन टूटने से लीकेज की समस्या है। वहीं, बगल से गुजर रही सीवर लाइन की वजह से उसका गंदा पानी पाइप लाइन के जरिए लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। गंदा पानी पीने से लोग बीमारी की चपेट में आए हैं। लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई, लेकिन लीकेज सही नहीं कराया गया। शुक्रवार की देर शाम सबसे पहले अचानक राहुल को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। उसे जिला अस्पताल लाया गया। उसके बाद धीरे-धीरे कई



**एडीएम प्रशासन रायबरेली**

मेडिकल टीम मीरगंज भेजी गई है। वहां लोगों को दवा व ओआरएस के पाउच दिए जा रहे है। टीम के वापस आने पर सही जानकारी मिल पाएगी। डा नवीन चंद्रा, सीएमओ वर्जन जैतूपुर क्षेत्र में कुछ लोगों के पानी पीने के कारण बीमार होने की जानकारी मिली है। नगर पालिका टीम ने तत्काल पहुंचकर लीकेज की समस्या सही कर दिया है। पानी की जांच कराई गई है, पानी जांच में सही पाया गया। मेडिकल टीम की ओर से जांच करके उपचार किया जा रहा है।

लोग इसकी चपेट में आने लगे और सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गए। मामले का संज्ञान लेते हुए जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना ने डॉक्टर शिवम शुक्ला के नेतृत्व में मेडिकल टीम मोहल्ले भेजी। टीम ने मीरगंज पहुंचकर लोगों की जांच कर उन्हें ओआरएस के पाउच वितरित किए।

**नगर पालिका ने टीम भेज लीकेज कराया बंद:** मीरगंज में दूषित पानी पीने से लोग डायरिया की चपेट में आ गए हैं। इस पर नगर पालिका ने संज्ञान लिया है। नगर पालिका ने पीने के पानी का टैंकर भिजवाया। टीम ने मुहल्ले में पहुंचकर पाइप लाइन के लीकेज को दुरुस्त कराया। इसके बाद पानी चालू कराकर उसकी शुद्धता की जांच की, जो सही पाई गई।

# रेहरा बाजार मीटिंग हाल में सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

**रेहराबाजार /बलरामपुर।** विकास खण्ड रेहरा बाजार कार्यालय के मीटिंग हाल में सीडीओ हिमांशु गुप्ता ने समीक्षा बैठक कर मताहतो को जरूरी निर्देश दिया।सीडीओ ने विकास खण्ड के कार्यालय /मनरेगा सेल / कम्पूटर रूप /स्यंम सहायता समूह आवास व अन्य संचालित योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी लाने का निर्दश बीडीओ रजनीश कुमार शुक्ला को दिया। उन्होंने बीडीओ को कर्मचारियों /अधिकारियों से आपसी सामंजस्य स्थापित कर योजनाओं के संचालन में तेजी लाने व कार्य में हीलाहवाली करने वालों की सूचना देने का निर्देश दिया,सीडीओ पीएचसी रेहराबाजार के ओपीडी कोल्ड चैन/लैव/यार्ड/व दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। परिसर में साफ सफाई / 1वर्ष 6माह पुराना दवा मिलने पर नाराज़ दिखे और कहा कि इसी पहले वितरण किया जाये।नये भवन सीएच में विद्युतीकरण न होने व शिक्षा क्षेत्र के एक दर्जन पी एस /यूपीएस में विद्दुतीकरण न होने से अवर अभियंता रेहराबाजार को कड़ी फटकार लगाया ।और विद्युतीकरण कराकर सूचना देने को कहा , सीडीओ ने शिक्षा विभाग /स्वास्थ्य विभाग /पशुपालन विभाग/बाल बिकास एवं पुष्टाहार विभाग /बिद्दुत विभाग /कृषि विभाग आदि की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिया। इस अवसर पर कमलेश सोनी डीडीओ, बीडीओ रजनीश शुक्ला, सीडीपीओ डा संदीप, पीएचसी रेहराबाजार प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश,पशुचिकित्साधिकारी डॉ एके पाण्डेय आदि अधिकारी /कर्मचारी मौजूद रहे।






## ग्रामीणों ने की सड़क निर्माण की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** चालीस वर्ष पहले बने सोलिंग पर आवागमन करते ग्रामीण। अथक प्रयास करने के पश्चात भी नहीं बना सड़क। अपनी दुर्दशा पर आशु बहाते ग्रामीण। विकास खण्ड उतरौला अंतर्गत एक ऐसा भी गांव है जहां आज तक सीसी रोड या डामर सड़क पर चलने को तरस रहे हैं ग्रामीण। पिपरा राम मार्ग से एक सड़क ईंट की बहुत पुरानी बढ़या जो कि ग्राम पंचायत तिलखी का एक मजरा है को जोड़ती हैं। किंतु बाढ़ प्रभावित गांव होने से बाढ़ आ जाने से अपनी जान जोखिम में डाल कर आवागमन करते है ग्रामीण। ग्रामीण कन्हैया लाल, किशुन, मोहम्मद कैयूम, अशर्फी लाल प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि उतरौला रजवाहा नहर पुल से बढ़या तक तो खड़ंजा लगा हुआ है और नगरिया तक सिर्फ़ कच्ची सड़क होने से मामूली वारिश में कई लोग चोटिल हो चुके है। सासन प्रशासन से ग्रामीणों ने सड़क बनवाने की मांग की है।

# बाइकसवार सड़क पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसा, मौके पर मौत

**तुलसीपुर, बलरामपुर।** खराब खड़ी ट्रैक्टरआ ट्रॉली पर लदे पटरा बल्ली में तेज रफ्तार बाइक चालक अनियंत्रित होकर घुस गया। जिससे ट्रैक्टर पर लगी बाली बाइक सवार के सीने को चीरते हुई घुस गई। घटनास्थल पर ही बाइक चालक की मौत हो गई। घटना थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र के अंतर्गत, बौद्ध परिपथ एन एच 730 चैयपुरवा गांव के पास रविवार को शाम करीब 6:30 बजे हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बलरामपुर थाना देहात कोतवाली के ग्राम लालाडीह निवासी, 35 वर्षीय धर्मेंद्र करवा चौथ का त्योहार मनाने, बाइक द्वारा अपने गांव लालाडीह से अपने ससुराल थाना महाराजगंज तराई के नेब वरिया गांव जा रहा था। चैयपुरवा गांव के पास पहले से, एक खराब ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी। ट्रॉली पर पटरा बल्ली लदा हुआ था। तेज रफ्तार अनियंत्रित होकर पटरा बल्ली लदे ट्रैक्टर में जा घुसी। बल्ली धर्मेंद्र के सीने को चीरते हुए पर हो गई। और घटनास्थल पर ही धर्मेंद्र की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस ने परिजनों को दी। मृतक की पत्नी सीमा, बेटे रामबाबू, श्याम बाबू, बेटी निधि का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ब्लोडकॉन 2024 का सफल आयोजन

- उत्तर प्रदेश से भी सम्मिलित हुए 4 प्रतिभागी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

फेडरेशन ऑफ़ इंडियन ब्लड डोनर्स ऑर्गेनाइजेशन (FIBDO) को ब्लोडकॉन- 2024 के सफल आयोजन के समापन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था जिसमें 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 100 से अधिक प्रतिनिधि एक साथ, एक जगह एवं एक मंच पर एकत्रित हुए। 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन ने प्रतिनिधियों को देश भर में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ज्ञान, विचारों और रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिए एक आकर्षक मंच प्रदान किया।

सम्मेलन का उद्घाटन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MOHFW) के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ



बायोलॉजिकल्स (NIB) की निदेशक डॉ. नीलिमा मिश्रा ने किया, जिन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद (NBTC) के निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार के साथ एक खुला सत्र था। इस सत्र के दौरान, प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से राष्ट्रीय रक्त आधान अधिनियम के लिए एक अधिनियमन की मांग प्रस्तुत की, एक ऐसा कानून जिसके बारे में FIBDO का मानना है कि भारत में रक्तदान के क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और उचित विनियमन सुनिश्चित करने के लिए यह महत्वपूर्ण है। सम्मेलन को शानदार एवं सफल बनाने में उनके अटूट समर्थन के लिए डॉ. नीलिमा मिश्रा को उनके नेतृत्व के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया, साथ ही FIBDO के सम्मानित पदाधिकारियों को भी धन्यवाद दिया गया, जिनमें अध्यक्ष श्री के पी राजगोपालन, सचिव श्री विश्वरूप विश्वास और कोषाध्यक्ष/कार्यालय सचिव श्री जितेंद्र कुमार शामिल हैं। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व आलोक अग्रवाल - बलरामपुर, अभिषेक साहू - मिर्ज़ापुर, गुरमीत सिंह - फतेहपुर, सर्वेश शुक्ला - भदोही द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके अतिरिक्त केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और अन्य कई राज्यों से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो देश भर में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# कच्ची उम्र का विवाह

यह किसी समाज के लिये बेहद नकारात्मक टिप्पणी है कि सदियों के प्रयास के बावजूद वहां बाल विवाह की कुप्रथा विद्यमान है। यहां यह विचारणीय तथ्य है कि समाज में ऐसी प्रतिगामी सोच क्यों पनपती है कि लोग परंपराओं को कानून से ऊपर समझने लगते हैं। हमें यह भी सोचना होगा कि कानून की कसौटी पर अस्वीकार्य होने के बावजूद बाल विवाह की परंपरा क्यों जारी है? यह हम सभी जानते हैं कि कम आयु के बच्चे अपने भविष्य के जीवन के बारे में परिपक्व फैसला लेने में सक्षम नहीं होते। साथ ही वे इस स्थिति में भी नहीं होते कि उनके जीवन पर थोपे जा रहे फैसले का मुखर विरोध कर सकें। उनके सामने आर्थिक स्वावलंबन का भी प्रश्न होता है। लेकिन अभिभावक क्यों इस मामले में दूरदृष्टि नहीं रखते? सही मायने में बाल विवाह बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही है। भले ही मजबूरी में वे इस थोपे हुए विवाह के लिये राजी हो जाएं, लेकिन उसकी कसक जीवन पर्यंत बनी रहती है। जो उनके स्वाभाविक विकास में एक बड़ी बाधा बन जाता है। इसको लेकर समाज में जागरूकता के प्रसार की जरूरत है ताकि बच्चे भी ऐसे किसी प्रयास का विरोध कर सकें। जिसमें बाल विवाह पर नियंत्रण करने वाले विभागों की जिम्मेदारी व सजगता बढ़ाने की भी जरूरत है। जिससे बाल विवाह का विरोध करने वाले किशोरों को भी संबल मिल सके।

यही वजह है कि इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट को कड़ा रुख दिखाते हुए कहना पड़ा कि कानून परंपराओं से ऊपर है। कोर्ट का कथन तार्किक है कि जिन बच्चों की कम उम्र में शादी करा दी जाती है क्या वे इस मामले में तार्किक व परिपक्व सोच रखते हैं? एक संबंधित याचिका पर सुनवायी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह समय की मांग है कि इस कानून को लागू करने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए। इस बाबत उन समुदायों व धर्मों के लोगों को बताया जाना चाहिए कि बाल विवाह कराया जाना एक आत्मघाती कदम है। यह समझना कठिन नहीं है कि कम उम्र में विवाह कालांतर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य के लिये भी घातक साबित होता है। उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और वे अपनी आकांक्षाओं का कैरियर भी नहीं बना सकते। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का कथन इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है। कोर्ट को कहना पड़ा कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों के जरिये बाधित नहीं किया जा सकता। यद्यपि कोर्ट ने यह भी स्वीकार किया कि यह कानून संपूर्ण नहीं है और इससे जुड़ी कुछ कमियों को दूर करने की जरूरत है। जिसके निराकरण के लिये समन्वय का ध्यान रखने की जरूरत है। अदालत ने एक महत्वपूर्ण बात भी कही कि बच्चों पर बाल विवाह थोपना उनके अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने की स्वतंत्र इच्छा का भी दमन है। निश्चय ही इस बाबत बदलाव लाने के लिये कानून में जरूरी बदलाव लाने के साथ ही समाज में जागरूकता लाने की भी जरूरत है।

# पीएचडी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के मायने

प्रियंका सौरभ

नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट) कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षा आयोजित करती है।

पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण नई बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएं कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं।

पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिये पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अकसर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुंच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है।



**नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है।**

नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है। नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाषाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहां मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के कई शीर्ष विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं। इसमें उम्मीदवार के शोध प्रस्ताव, व्यक्तिगत बयान, अनुशंसा पत्र और अकादमिक इतिहास की विस्तृत समीक्षा शामिल है। जर्मनी में छात्र स्नातक अध्ययन से सीधे पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश कर सकते हैं, बशर्ते वे असाधारण शोध क्षमता और अकादमिक प्रदर्शन प्रदर्शित करें) ) विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को पीएचडी कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना। आवेदकों का मूल्यांकन अनुसंधान में विभिन्न दृष्टिकोण लाने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाता है, जिसे अंतःविषय अध्ययन के लिए मूल्यवान माना जाता है। स्वीडन, फिनलैंड और डेनमार्क जैसे देशों में, विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग करते हैं कि पीएचडी उम्मीदवार वास्तविक दुनिया के साथ अनुसंधान परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) उन छात्रों को प्रदर्शन-आधारित फेलोशिप प्रदान करता है जो अपने अकादमिक रिकॉर्ड, साक्षात्कार और प्रकाशनों के माध्यम से मजबूत शोध का वादा दिखाते हैं।

शिक्षा और अनुसंधान में भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए पीएचडी प्रवेश के लिए अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है-जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और अकादमिक अनुसंधान में योगदान करने की क्षमता को महत्व देता है। व्यापक प्रवेश प्रक्रिया को अपनाकर, भारत अपने प्रतिभाशाली दिमागों को बरकरार रख सकता है। उच्च शिक्षा तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित कर सकता है और अकादमिक अनुसंधान में विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रह सकता है। वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए, भारत को एक समग्र प्रवेश प्रक्रिया अपनानी होगी जो अनुसंधान में नवाचार, रचनात्मकता और विविध दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# दिल्ली ब्लास्ट : कहीं बड़ी साजिश का ट्रायल तो नहीं ?

*डॉ. रमेश ठाकुर*



करवा चौथ के दिन और दीपावली त्योहार के समय दिल्ली में ब्लास्ट होने की घटना को सामान्य तो कतई नहीं कहा जाएगा। हो सकता है, इसके पीछे कोई बड़ी साजिश का ट्रायल किया गया हो? शायद दहशतगर्द या आतंकी संगठन ये देखना चाहते हों कि बम के ट्रायल पर दिल्ली की कानून-व्यवस्था कितनी चाक-चौबंद है और जांच तंत्र क्या रिएक्ट करेगा? यह भी हो सकता है कि वो हमारी जांच एजेंसियों की जांच को भी परखना चाहते हों? ऐसी आंशका इसलिए जग रही है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने भी किसी बड़ी साजिश से फिलहाल इनकार नहीं किया है। दिल्ली में पहले भी कई मर्तबा बम ब्लास्ट और आतंकी घटनाएं हुई हैं। पर, उनमें और इस घटना में कुछ फर्क है। 20 अक्टूबर को सुबह फटे बम के बाद दूर-दूर तक धुआं ही धुआं फैल गया। लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई। तेज बदबू इलाके में फैल गई। आसपास के घरों की नींव भूकंप की भांति हिल गई।

गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की खुफिया एजेंसी आईबी के पास इस तरह के इनपुट थे कि त्योहारों के वक्त दिल्ली-एनसीआर में कहीं न कहीं कोई आतंकी घटना घटने की आशंका है। कमोबेश वैसा होता भी दिखाई दिया। खुफिया इनपुट के बावजूद अगर ऐसी घटना घटती है तो कानून तंत्र, खुफिया विभाग, एंटी टेरर विंग पर सवालिया निशान उठना लाजिमी हो जाता है। अगर वह गहरी नींद में न सोते, तो ये हादसा शायद नहीं होता। पर, अकसर होता यही है जिम्मेदार एजेंसियां इस तरह की नाकामी कभी अपने पर नहीं लेतीं। दिल्ली में कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। बॉर्डर पर किसानों का पहरा है। भीड़भाड़ तो सदैव दिल्ली में रहती ही है। इसके अलावा पूरी केंद्र सरकार, ब्यूरोक्रेट लॉबी सभी यहीं बसती है। इसलिए देश की राजधानी दिल्ली में खुफिया एजेंसियों और कानून तंत्र को चौबीसों घंटे चौकन्ना रहना चाहिए। पर, अफसोस ऐसा होता नहीं? दहशतगर्द उनकी नाक के नीचे घटनाओं को अंजाम देकर चुपके से निकल जाते हैं, उसके बाद जांच के नाम पर लाठी पीटी जाती है। फिलहाल, ऐसी बातों पर गौर न कर, मौजूदा घटना की जड़ तक पहुंचने की आवश्यकता है।

गनीमत ये समझा जाए कि घटना का दिन रविवार था। जिस सीआरपीएफ स्कूल की बाउंड्री के पास ब्लास्ट हुआ वो बंद था। साथ ही वक्त सुबह का था और स्थानीय लोगों की आवाजाही भी न के बराबर थी। खुदा न खास्ता अगर ये घटना वर्किंग डे में हुई होती, तो जानमाल के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। एकाएक दिमाग में सभी के यही आ रहा है कि कहीं कानून-व्यवस्था की तैयारियों का जायजा तो नहीं लेना चाहते थे बम ब्लास्ट करके आतंकी? ऐसे अंदेशा पुलिस को भी है। पर जो भी हो, रविवार तड़के स्कूल के बाहर फटे इस बम की तेज आवाज ने पूरी दिल्ली में दहशत जरूर फैला दी है। घटना के वक्त आधी दिल्ली सोई हुई थी। पुलिस ने एहतियातन पूरी दिल्ली को अलर्ट पर रखा है और सर्तकता बढ़ा दी है। यह घटना सुबह करीब 7 बजे के आसपास हुई। एनएसजी, एंटी टेरर विभाग, दिल्ली पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां पड़ताल में एक्टिव हैं। सफेद रंग की कुछ पुड़िया और ज्वलंत पदार्थ सामग्री बरामद की गई है। शुरुआती जांच में बम देशी बताया गया है। लेकिन उसकी क्षमता से एजेंसियों का दिमाग चकराया हुआ है। अमूमन देसी बमों में इतनी ताकत और तेज आवाज नहीं होती। इसलिए हादसा दूसरी ओर भी इशारा करता है। घटना रोहिणी जिले के प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल के बाहर घटी। स्कूल में ज्यादातर छात्र डिफेंस से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के पढ़ते हैं। हादसे के संदेश क्या हैं? ये तो जांच की थ्योरी से ही पता चलेगा? लेकिन दिल्ली वासियों में दहशत अच्छी-खासी पैदा हो गई है। खासकर उस स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों और अभिभावकों में। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि जब बम फटा तो उसकी आवाज 200-250 मीटर तक सुनाई दी। चारों ओर धुआं ही धुआं दिखा। धमाके से गंदी बदबू भी फैली, जो जांच एजेंसियों के लिए पहेली बनी हुई है। धमाके से आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे चटक गए और दुकानों को भी नुकसान हुआ। अंत में जो नहीं होना चाहिए, वह होना आरंभ हुआ। ब्लास्ट की घटना पर राजनीति भी शुरू हो गई है। प्रदेश की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए दिल्ली की कानून-व्यवस्था को रामभरोसे बता दिया। उन्होंने कहा कि जब आईबी के पास इनपुट पहले से थे कि दिवाली से पहले दिल्ली में कोई हादसा हो सकता है, तो फिर केंद्र सरकार और उनकी पुलिस क्यों सतर्क नहीं हुई? लेकिन ऐसे मौकों पर राजनीति नहीं करनी चाहिए, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं। रोकने में कमियां कहां रह गईं और बेहतर क्या किया जाना चाहिए? उसपर मंथन करना चाहिए। खुफिया विभाग और स्थानीय रक्षा तंत्र की नाकामी तो है ही? जो सामने भी दिख रही है। फिलहाल दिल्ली के सभी जिले अलर्ट पर हैं। शुरुआती जांच में दिल्ली पुलिस ने किसी साजिश से इनकार नहीं करते हुए एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच एनआईए और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल करेगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य

## वो खुश हैं



**अनुभव शर्मा**



हमें ठुकरा कर गर वो खुश है,
तो हम शिकायत किस से करें।

अपनी ही ज़िन्दगी हो गयी हो रुस्वा
तो इनायत किस से करें।

बेवफ़ा गर वो है,
तो हम वफ़ा किससे करें।

हमारी तो ज़िन्दगी ही वो थे।
गर ज़िन्दगी ने ही,
ज़िन्दगी छीन ली,
तो शिकायत किस से करें ।



# राशिफल

**मेषः**- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**वृषभः**- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः**- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहसास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः**- सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः**- बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः**- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीनः**- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# भारत को भूख और गरीबी पर नये सिरे से विचार करने की जरूरत

*डॉ. ज्ञान पाठक*

हाल ही में जारी वैश्विकभूख सूचकांक 2024 और संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024 के मद्देनजर, नरेंद्र मोदी सरकार को देश में भूख और गरीबी के गंभीर स्तर पर अपनी आंखें मूंद कर नहीं बैठना चाहिए और देश में विकास की प्रकृति के बारे में बात किये बिना इसके सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि का शोर मचाते हुए चेतावनियों को नहीं दबाना चाहिए, क्योंकि जिस तरह का विकास हो रहा है उससे असमानता तेजी से बढ़ रही है।

वैश्विक भूख सूचकांक 2024 ने 100 के पैमाने पर केवल 27.3 के स्कोर के साथ भारत को गंभीर भूख स्तर की श्रेणी में रखा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2024 ने कहा कि भारत में दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा गरीब रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक गरीबी सूचकांक 2024 के अनुसार, भारत में 234 मिलियन लोग गरीबी में जी रहे हैं। ये सभी अनुमान भारत में 2011-12 में की गई गरीबी की गणना के अलावा कुछ अन्य आंकड़ों पर आधारित हैं। नवीनतम वास्तविक स्थिति जानने के लिए, भारत को भूख और गरीबी की गणना नये सिरे से करनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास की कहानी मुख्य रूप से देश में जीडीपी वृद्धि पर निर्भर करती है, और जमीनी स्तर की असमानता, भूख और गरीबी को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देती है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से यह माना है कि भारत का आधिकारिक जीडीपी आंकड़ा विकास को बढ़ा-चढ़ाकर बताता है। हाल ही में 2023 में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने विकास के बारे में कुछ डेटा जारी किए, जिसकी कई अर्थशास्त्रियों ने बेशर्मी से बढ़ाचढ़ा कर अनुमान लगाने के रूप में आलोचना की। यह भी सर्वविदित है कि आंकड़ों को दबाने के दबाव के कारण-2019 में कुछ शीर्ष अधिकारियों के इस्तीफे सामने आये, जिन्होंने बेरोजगारी के वास्तविक स्तर को लीक कर दिया, जो 45 साल का उच्चतम स्तर था।

2023 में भी कुपोषण और एनीमिया (रक्ताल्पता) से जुड़े एक सर्वेक्षण के निदेशक को देश में इनकी उच्च-स्तरीय घटनाओं को उजागर करने के लिए अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कुपोषण और एनीमिया के आंकड़ों का उपयोग देश में भूख और गरीबी का अनुमान लगाने के लिए कुछ आधारों के रूप में किया जाता है। यह भी याद रखना चाहिए कि कैसे मोदी सरकार ने 2018 के एक सर्वेक्षण को रद्द कर दिया था, जिसके लीक हुए आंकड़ों से गरीबी दर में वृद्धि का स्तर दिखा था। 2012 में अंतिम व्यापक उपभोग-व्यय सर्वेक्षण में 22 प्रतिशत लोगों को गरीबी में रहते हुए दिखाया गया था।

अन्य विवरणों में जाने से पहले, कुछ और बातें ध्यान में रखनी चाहिए। भारत ने 1993-94 तक गरीबी के आकलन के लिए यूनिफॉर्म रिसोर्स पीरियड (यूआरपी) का इस्तेमाल किया। यूआरपी के तहत, लोगों से 30-दिन की रिकॉल अवधि में उनके उपभोग व्यय के बारे में पूछा जाता था। फिर 1999-2000 के बाद से मिश्रित संदर्भ अवधि (एमआरपी) को अपनाया गया, जिसमें पिछले वर्ष में उपभोग की गई पांच कम आवृत्ति वाली वस्तुओं (कपड़े, जूते, टिकाऊ सामान, शिक्षा और संस्थागत स्वास्थ्य व्यय) के बारे में पूछा गया और 30-दिन की स्मरण अवधि में अन्य चीजों के उपभोग के बारे में भी पूछा गया। 2011-12 में गरीबी के आकलन में एमआरपी का इस्तेमाल किया गया। हालांति, अब हमारे पास संशोधित मिश्रित संदर्भ अवधि (एमएमआरपी) है जिसका उपयोग भविष्य के सर्वेक्षणों में किया जायेगा, जो अभी सरकार द्वारा किये जाने हैं। वास्तविक समय के ताजा आंकड़ों के अभाव में, भारत में भूख और गरीबी से संबंधित सभी अनुमान क्रॉस सेक्टोरल डेटा पर आधारित अनुमान हैं। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 ने भारत को दुनिया के 127 देशों में से 105वां स्थान दिया है। भारत का जीएचआई स्कोर 27.3 इन मूल्यों पर आधारित है - 13.7 प्रतिशत आबादी कुपोषित है, पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित (स्टन्टेड) हैं, पांच वर्ष से कम आयु के 18.7 प्रतिशत बच्चे कमजोर (वेस्टेड) हैं और 2.9 प्रतिशत बच्चे अपने पांचवें जन्मदिन से पहले ही मर जाते हैं। कुछ ही दिन पहले विश्व बैंक ने भी गरीबी का अनुमान जारी किया है। इसके अनुसार 2024 में भारत में अत्यंत गरीब लोगों की संख्या 129 मिलियन थी, जो प्रतिदिन 2.15 डॉलर (लगभग 181 रुपये) से कम पर जीवनयापन कर रहे थे। हालांकि, प्रतिदिन 6.85 डॉलर (लगभग 576 रुपये) के उच्च गरीबी मानक के साथ 2024 में 1990 की तुलना में अधिक भारतीय गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं, जो मुख्य रूप से श्जनसंख्या वृद्धिश् के कारण है। यहां दो और बातों को ध्यान में रखना चाहिए - पूर्ण गरीबी और सापेक्ष गरीबी। पूर्ण गरीबी वह गरीबी है जब किसी व्यक्ति के पास जीवित रहने के लिए भोजन खरीदने के लिए भी कोई आय नहीं होती है। सापेक्ष गरीबी वह गरीबी है जब किसी व्यक्ति के पास किसी खास बाजार की स्थिति में जीवित रहने के लिए आवश्यक चीजें खरीदने के लिए पर्याप्त आय नहीं होती है।

हालांकि, अगर हम पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) पर जाएं, तो भारत के 810 मिलियन से अधिक लोग गरीबी में जी रहे हैं, जिन्हें मुफ्त खाद्यान्न दिया जा रहा है। केंद्र ने फैसला किया है कि यह योजना 2029 तक जारी रहेगी। इसके विपरीत, विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार 2024 में भारत की विकास दर 7 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। भारत इस दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है और यह वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो अगले साल 2025 में चौथी बनने वाली है। लेकिन विकास की प्रकृति के बारे में क्या? सबसे बड़ी 20 कंपनियों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 60 प्रतिशत हिस्सा है और राष्ट्रीय आय का 70 प्रतिशत उनके पास ही जाता है। असमानता तेजी से बढ़ रही है। ऑक्सफैम का कहना है कि अब आबादी के शीर्ष 1 प्रतिशत लोगों के पास 73 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि 670 मिलियन गरीब लोगों की संपत्ति में केवल 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसी विसंगति का तत्काल निवारण आवश्यक है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सही सूचना न देने पर डीएफओ को राज्य सूचना आयुक्त ने तीसरी बार किया तलब

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में वन विभाग के जन सूचना अधिकारी प्रभागीय वनाधिकारी से मांगी गई आरटीआई के तहत सही सूचना न देनेए विधि एवं आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने पर उप्र मुख्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र कुमार सिंह ने तीसरी बार नोटिस जारी कर तलब किया है। इस कार्रवाई से वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शिकायतकर्ता औड़ेरा गांव निवासी रामसिंह राजपूत ने बताया कि 6 जुलाई 2023 को जन सूचना अधिकारी प्रभागीय वन अधिकारी डीएफ्ओ से छह बिंदुओं की सूचना चाही गई थी। जिसके तहत वन क्षेत्र अधिकार में वन वीटो व वन रक्षक से संबंधित रिजर्व वन क्षेत्रए ग्रामीण वन क्षेत्र पौधशालाएं पौधों का लक्ष्य रख रखाव व व्यय संविदा कर्मियों बीटों में किन-किन प्रजाति के वृक्ष एवं वृक्षारोपण आदि से संबंधित सूचना मांगी गई थी। लेकिन जन सूचना अधिकारी की लापरवाही के चलते विधि द्वारा निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी सूचना नहीं दी गई। जिससे 7 अगस्त 2023 को प्रथम अपीलीय अधिकारी वन संरक्षक बांदा को करने के बाद प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बाद डीएफ्ओ हमीरपुर ने 10 अक्टूबर 2023 को जो सूचना उपलब्ध कराई है। वह अधूरी व भ्रामक सूचना उपलब्ध कराकर गुमराह किया गया। जिसे छुपाने के लिए 6 बिंदुओं की बिंदुवार सही व स्पष्ट सूचना नहीं दी गई। 23 सितम्बर 2023 को उप्र राज्य सूचना आयुक्त लखनऊ को द्वितीय अपील की थी। मामले में उप्र राज्य सूचना आयोग द्वारा सुनवाई के लिए प्रथम नोटिस भेज कर प्रथम सुनवाई 15 मई 2024 को की गई। सुनवाई करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने जन सूचना अधिकारी डीएफ्ओ हमीरपुर को 15 दिन के अंदर सही और स्पष्ट सूचना उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए थे लेकिन डीएफ्ओ की घोर लापरवाही के चलते भ्रष्टाचार को छुपाते हुए अब तक सही सूचना नहीं दी गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि सही सूचना न मिलने पर उप्र राज्य सूचना आयोग को एक आपत्ति भेजी गई ताकि स्पष्ट सूचना उपलब्ध हो सके। जब आयोग ने जन सूचना अधिकारी डीएफ्ओ को दूसरी बार नोटिस भेज कर तलब किया। जिसकी सुनवाई 16 अगस्त 2024 को की गई थी। लेकिन हमीरपुर डीएफ्ओ उपस्थित नहीं हुए। जिससे राज्य सूचना आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए हमीरपुर डीएफ्ओ को पुनः नोटिस पत्र भेजकर सही सूचना अपीलार्थी व आयोग को भेजने के सख्त निर्देश दिए थे।

### ठेकेदार की एसडीएम से शिकायत

राठ(हमीरपुर)। क्षेत्र के लिधौरा गांव में ठेकेदार द्वारा स्वच्छ पेयजल योजना के पाइप की लाइन पुरानी लाइन से जुड़वाने व पाइप उठाकर दूसरे स्थान पर ले जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी विपिन कुमार शिवहरे से शिकायत की है। लिधौरा गांव निवासी राजेश सिंह बलजीत सिंह अमित सिंहए जीतेन्द्र आदि ने बताया कि गांव में स्वच्छ पेयजल योजना के तहत ट्यूबवेल का बोर हो गया। लेकिन टंकी का निर्माण नहीं हुआ है। पुरानी टंकी वर्ष 2007-8 में जल निगम द्वारा बनी हुई है। उसी टंकी से जो पुरानी लाइनें पड़ी है। जो 90 फीसदी क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया कि जो जल निगम की पुरानी लाइन डली है। ठेकेदार उसी में स्वच्छ पेयजल योजना की लाइन जुड़वा रहा है। मैन लाइन के पाइप लाइन अन्य स्थान पर ले गया। जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल नमामि गंगे का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को जांच कराकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# दबंग ने गौवंशों के लिये तालाब में भरा पानी कराया खाली, एसडीएम से शिकायत

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रधान ने गौवंशों के पीने के लिए तालाब में भरे पानी को जबरन निकालने के संबंध में पुलिस से शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड के सिलौली ग्राम प्रधान देवी शरण ने पुलिस को बताया कि गौशाला के निकट तालाब में पानी भरा हुआ है जो गौवंश को पेयजल के लिए प्रयोग किया जाता है गांव के दबंग अरविंद पुत्र रामपाल कुसमा रानी आदि लोगों ने पंपिंग सेट रखकर तालाब का पानी निकल रहे हैं रोके जाने पर जान से मारने की धमकी हरिजन एक्ट व छेड़खानी जैसी गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं यही नहीं ग्राम प्रधान ने यह भी बताया कि गौशाला में काम कर रहे मजदूर को धमकी देते हैं और गौशाला में तोड़फोड़ भूसा पनाली आदि सामान जलाने की बात कह रहे हैं गौशाला में उपस्थित महिला विद्या देवी ने बताया की आए दिन ममता और कुसमा रानी आकर धमकियां देती हैं कि यहां गौशाला से चली जाओ नहीं तो आप लोगों का नुकसान कर दिया जाएगा। ऐसे अराजक तत्व के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में गौवंश के लिए पेयजल का संकट उत्पन्न हो जाएगा और गौशाला को भी आर्थिक क्षति पहुंच सकती है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### मोमबत्ती कारोबारी को धमका कर 50 हजार लेने के आरोप में चौकी प्रभारी व उप निरीक्षक सस्पेंड

**घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)।** कस्बे के एक मोमबत्ती कारोबारी को चौकी बुलाकर कथित पिटाई और 50 हजार डिमांड प्रकरण में चौकी इंचार्ज घाटमपुर आशीष कुमार चौधरी और वही तैनात दारोगा अनुज नागर सस्पेंड कर दिया गया है, आरोपी दोनों दरोगाओं ने लाइसेंस न होने का डर दिखाकर मोमबत्ती कारोबारी से 50 हजार रुपए , जिसमे 20 हजार नकद और 30 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए शिकायत पर एसीपी घाटमपुर रजीतकुमार की जाँच में आरोप सही पाए जाने पर जेसीपी हरीश चन्दर ने चौकी इंचार्ज आशीष चौधरी और दारोगा अनुज नागर को सस्पेंड कर दिया,साथ ही दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने की बात भी कही है।

### अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने पर वकील नराज

**घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)।** बार एसोसिएशन के सदस्य बलराम सिंह व उसके परिवार वालों के खिलाफ कोतवाली मे सगीन धाराओ मे मुकदमा दर्ज कराये जान पर न घाटमपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप तिवारी व महा मंत्री नवीन कमल ने नाराजगी जाहिर कर थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया है।

### जेई ने मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव स्थित विद्युत सब स्टेशन में कार्यरत अवर अभियंता ने मोबाइल टावर के टेकनिशियन द्वारा गाली गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के कुसमरा गांव स्थित विद्युत सब स्टेशन में कार्यरत अवर अभियंता अनिल कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी चरखारी जनपद महोबा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि आज दिन के ढाई बजे कुसमरा गांव में कैंप समाप्त करके अपने सह कर्मियों के साथ कुरारा जा रहा था। तभी झलोखर गांव स्थित इंडस मोबाइल टावर के टेकनीशियन सचिन कुमार ने मुख्य रास्ते में रोककर गाली गलौज किया। तथा धमकी दिया कि दोबारा इधर आए तो जान से मार दूंगा।अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा आरोपी के खिलाफ दर्ज किया है।

### भोपाल में पर्यावरण योद्धा सम्मान से नवाजी गईं अध्यापिका स्नेहलता शुक्ला



**महोबा।** पर्यावरण के क्षेत्र में हर दिन नवाचार करके नन्हे मुन्ने बच्चों को जोड़कर पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इक्कीस वर्षों से पौधा रोपण करके तितली घर, मधुमक्खी घर बनाने,सांप का रेस्क्यू करने, मोर गौवंश आदि के जीवन बचाने और पक्षियों के लिए घोंसले लगाने , भीषण गर्मी में बाग बगीचों में पानी के परिण्डे लगाने जैसे ममस्पर्शी काम करके वन्य जीवों की जान बचाने वाली को पदम्श्री जाधव पायेंग असम ,पदम् श्री बाबूलाल दहिया मध्यप्रदेश, पदम् श्री डाक्टर श्याम सुंदर पालीवाल राजस्थान ने आंचलिक विज्ञान केन्द्र के प्रेक्षागृह भोपाल में प्रमाण पत्र प्रदान करके एवं उत्तरी उड़ाकर उन्हें पर्यावरण योद्धा से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर असम से पद्मश्री जादव पायेंग ने कहा कि स्नेह लता शुक्ला ने अपनी सरकारी सेवा के साथ साथ बच्चों के अन्तर्मन में वन और वन्य जीवों के प्रति जो प्यार और सौहार्द भरने कै साथ ही शासन और प्रशासन का ध्यान पर्यावरण संरक्षण की ओर आकृष्ट किया है वह अविस्मरणीय रहेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन भोपाल के डाक्टर राजीव जैन, भूपेन्द्र चौधरी, शरद सिंह एवं आनंद पटेल द्वारा किया गया जिसमें देश भर के एक सौ से अधिक पर्यावरण संरक्षण में लगे लोगों को सम्मानित किया गया। बताते चले कि इनको पर्यावरण के क्षेत्र में बरेली में पर्यावरण मन्त्री अनिल कुमार जी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

### अग्निशमन टीम ने आतिशबाजी की दुकानों का किया निरीक्षण



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा देवेश तिवारी के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/पटाखा विक्रय/भंडारण/निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणो को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया, इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु एवं सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।

### सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा अवस्थित सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान स्कूली छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण से ओतप्रोत कार्यक्रम जैसे- कोमल है, कमज़ोर नहीं तू...शक्ति का नाम ही नारी है जैसे गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत आयोजित जागरुकता पाठशाला में नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सशक्तिकरण हेतु उपस्थित स्कूली छात्राओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक कर महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया। इस दौरान महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी, स्कूली प्रिन्सिपल अर्चना वर्मा सहित स्कली के शिक्षक, कोतवाली महोबा एवं महिला थाना मिशन शक्ति टीम सहित स्कूली छात्राएं मौजूद रही।

### प्रशिक्षण में पेयजल योजना को लेकर विस्तृत चर्चा

**कबरई, महोबा।** डीपीआरसी महोबा में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत ग्राम स्तर पर जल जीवन योजना का हैंडोवर और टेकओवर के लिए ग्राम पंचायत अध्यक्ष पंचायत सहायक एवं स्वयं सहायता समूह के एक सक्रिय सदस्य का प्रशिक्षण हुआ। यह प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायती राज चित्रकूट धाम मंडल बांदा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने प्रतिभाग लिया। साथ ही प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अंकित त्रिपाठी श्याम जी मिश्रा जितेंद्र सिंह राम अवतार नामदेव द्वारा योजना के विभिन्न लाभों, चुनौतियों, उपयोगिता एवं हैंडओवर- टेकओवर की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

# समिति में तालादेख भड़के किसान

- पुलिस से की शिकायत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सहकारी सोसाइटी में खाद की भनक लगते हैं किसान सुबह से ही सोसाइटी पर डेरा डालकर खाद का इंतजार करने लगे दोपहर तक समिति का ताला न खुलने से किसान भड़क उठे और नजदीकी थाने में पहुंचकर अपनी पीड़ा बताई थाना प्रभारी ने मोर्चा संभालते हुए किसानो की समस्याओं को सुनकर समिति के सचिव से जानकारी प्राप्त कर किसानों को समझाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसोलर सहकारी सोसाइटी में खाद आने की भनक लगते ही किसान सुबह से ही लंबी.लंबी कतारें लगाकर सोसाइटी खुलने का इंतजार करने लगे लेकिन दोपहर तक समिति के कर्मचारियों के न पहुंचने पर क्षेत्र के सभी किसान एकत्रित होकर सिसोलर थाना पहुंच थाना प्रभारी कल्पना सिंह से अपनी समस्याओं से अवगत कराया थाना प्रभारी ने किसाने की समस्याओं को सुनकर सहकारी सोसाइटी के अध्यक्ष सचिव रोहित सिंह से बातचीत कर मंगलवार को खाद वितरित करने के लिए सहमति बनाई।

## नगर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई बड़ी सत्रह



**मौदहा हमीरपुर।** नगर सहित क्षेत्र में बड़ी सत्रह के मौके पर हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया महबूब-ए-इलाही का सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। हजारों की संख्या में फातहा में अकीदतमंद उपस्थित हुए।

सोमवार को नगर सहित क्षेत्र में सुबह से ही बड़ी सत्रह को लेकर तैयारियां शुरू हो गई और दोपहर बाद फातहा व कुरानख्वानी के साथ लंगर का आयोजन हुआ और देर रात शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम हुआ। प्रसिद्ध सूफी संत एवं निजामी सिलसिले के बानी हज़रत ख़्वाजा निज़ामुद्दीन औलिया महबूब-ए-इलाही का उर्स मुबारक बड़ी सत्रह के रूप में नगर सहित क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दोपहर बाद नमाज़ जोहर बाबा निजामी कम्हरिया शरीफ में बड़ी सत्रह की फातहा हुई जिसके बाद लंगर तस्कीम किया गया जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया। इसी तरह नगर के हैदरगंज स्थित हज़रत पीर सुर्खुरू बाबा आस्ताने में फातहा हुई जिसके बाद लंगर खिलाया गया जो देर शाम तक चलता रहा जिसमें दूर दराज से आए मेहमानों ने लंगर छका। इसी तरह बाद नमाज़ असर हज़रत हकीम उद्दीन निजामी उर्फ हक्की बाबा के आस्ताने में फातहा एवं लंगर का आयोजन किया गया।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कबरई कस्बे में हो रहे श्री मारूति महायज्ञ की विशाल कलश यात्रा कस्बे के रिछइया हनुमान मन्दिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखे हुए निकली कलश यात्रा रिछईया हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर माहेश्वरी माता पांच पहाड़ी शहीद भगत सिंह तिराहा होते हुए बीज गोदाम से कबरई अंदर होते हुए वापसी रिछइया हनुमान मंदिर में समाप्त हुई आचार्य नवल महाराज ने बताया की 21 अक्टूबर को मारुति महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली जा रही है इसके बाद 22 अक्टूबर से तैतीस कोटि देवी देवताओं का आवाहन पूजन एवं आरती का कार्यक्रम होगा 28 अक्टूबर को पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसने आसपास के करीब दो दर्जन से ज्यादा गांव के लोग प्रसाद ग्रहण करने आएंगे इस अवसर पर समाजसेवी सहित दूर दराज से आए हुए लोग भी शामिल रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर किए तीखे प्रहार

- उपचुनाव सहित आगामी विस चुनावों में किया जीत का दावा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में जान फूंकने पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पीसीसी चीफ ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के साथ बैठक कर पार्टी को मजबूती के साथ-साथ आगामी चुनाव में जुटने का आवाहन किया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को पर जमकर तीखे प्रहार कर उत्तर प्रदेश में जंगलराज की संज्ञा दी है।

कांग्रेस पार्टी की खोई सियासी जमीन तलाशने बुन्देलखण्ड के महोबा पहुंचे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से प्रदेश अध्यक्ष गदगद नजर आए तो वहीं उन्होंने फिसरमेन कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी चुनाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा और इंडिया गठबंधन को और मजबूत करना होगा। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में जंगल राज जैसी स्थिति बनी हुई है। बहराइच हिंसा को भी उन्होंने एक सुनायोजित हिंसा करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन अजय राय ने हरियाणा चुनाव पर बोलते हुए कहा कि हरियाणा के स्थानीय नेतृत्व की कुछ कमी रह गई होगी जिसके चलते चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। तो वहीं उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर साथ तौर पर कहा कि इंडिया गठबंधन साथ में चुनाव लड़ेगा और जीत दर्ज करेगा। तो वही महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी पीसीसी चीफ ने जीत का दावा किया है। पीसीसी चीफ ने साफ तौर पर कहा है कि इंडिया गठबंधन महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव में जीत दर्ज कर सरकार बनाएगा। उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में भी इंडिया गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा और जीत दर्ज करेगा।

# थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने लूट की घटना का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

- अवैध तमंचा-कारतूस, चाकू, बाइक एवं मोबाइल फोन बरामद




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपद में लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने व ऐसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई पुलिस टीम ने एक अच्छा सराहनीय कार्य करते हुए लूट/चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में बैठे आपराधिक प्रवत्ति के 04 नफर शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, ये सभी अभियुक्त चोरी की घटना कारित करने के प्रयास में थे, इनके पास से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस, लोहे का सब्बल, लूट/चोरी करने के उपकरण सहित घटना में प्रयुक्त मो. सा. एवं मोबाइल फोन की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद हमीरपुर व महोबा में पूर्व में भी लूट, चोरी, शस्त्र, अवैध शराब, गैगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित कई आपराधिक अभियोग पंजीकृत हैं, जनपदीय पुलिस की इस सफलता से जनपद में एक बड़ी घटना को होने से पूर्व रोका जा सका है, जिससे आमजनमानस में जनपदीय पुलिस के प्रति विश्वास की वृद्धि हुई है।

### जनपदीय पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# लेखपाल संघ ने प्रमुख सचिव गृह को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

- साजिशन विजिलेंस टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्रवाई पर रोक लगाए जाने की मांग
- एंटी करप्शन टीम पर वास्तविक तथ्यों का बगैर परीक्षण कार्रवाई का आरोप
- बिना रिश्वत लेने के बाबजूद विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार करने का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में एंटी करप्शन टीम की कार्रवाहियों पर सवालिया निशान लगाते हुए उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर एकत्रित हुए लेखपालों ने प्रमुख सचिव को गृह को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप बिना कोई ठोस प्रमाण के एंटी करप्शन टीम द्वारा की जा रही कार्यवाहियों पर रोक लगाने की मांग की है।

दरअसल आपको बता दें कि प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले एकत्रित हुए लेखपालों ने प्रमुख सचिव गृह को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सौंप एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपालों के खिलाफ बिना कोई ठोस प्रमाण के की जा रही कार्रवाहियों से परेशान होकर पुख्ता प्रमाण होने के बाद ही कार्रवाई करने की मांग की है। प्रमुख सचिव गृह को भेजे ज्ञापन में लेखपालों ने कहा है कि एंटी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बिना शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोलकर शिकायती प्रार्थना पत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन या उसके अगले दिन लेखपाल को फंसाने के लिए अलग-अलग तरीके से प्रयास करके उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। बताया कि अधिकांश प्रकरणों में शिकायती पत्र का उल्लेख कर लेखपाल से संबंधित भी नहीं होता और ना ही लेखपाल द्वारा कोई रिश्वत की मांग की गई होती है। बताया कि लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब में, हाथ या वाहन और कार्यालय कक्ष में पैसा रख दिया जाता है। टीम द्वारा जबरन पकड़कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवा कर या फिर पाउडर लगाकर अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़ कर पानी के गिलास में डलवाया जाता है। इस तरीके से प्रदेश भर में एंटी करप्शन टीम द्वारा लेखपालों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। जिससे उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ में आक्रोश पनप रहा है। लेखपालों ने प्रमुख सचिव गृह से जनपद के अधिकारियों को बिना कोई ठोस प्रमाण के एंटी करप्शन टीम की कार्रवाहियों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। इस दौरान लोकेंद्र सिंह यादव जिला सचिव,शिवभान जिला अध्यक्ष सहित लेखपाल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामराज बैठे त्रैलोका, हरषित भए गए सब सोका

- रावण वध होते ही चारों ओर छाईं खुशियां
- नव युवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित रामलीला का समापन

**श्रीनगर ,महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



लंका विजय के बाद श्री राम के सिंहासन पर आसीन होने के बाद सर्वत्र हर्ष व्याप्त हो गया और सारे भय-शोक दूर हो गए अर्थात रामराज बैठे त्रैलोका, हरषित भए गए सब सोका।

नव युवक रामलीला मंडल श्रीनगर द्वारा आयोजित रामलीला के अंतिम दिवस पर रावण वध और श्री राम राजगद्दी की लीला खेली गई ,जिसमे सर्व प्रथम सेतुबंध रामेश्वरम की स्थापना,विभीषण का रावण द्वारा परित्याग यदि युद्ध को डाला जाए तो अच्छा ही रहेगा इस बाबत श्री राम ने दूत बनाकर अंगद को रावण के पास भेजा लेकिन बात नहीं बन सकी और आखिरकार युद्ध का बिगुल बज गया उधर युद्ध में मेघनाद ने लक्ष्मण को शक्ति मार दी तो वह अचेत हो गए इस पर राम ने बहुत विलाप किया बाद में सुषेण वैद्य के कहने पर हनुमान जी रातों रात संजीवनी बूटी लेकर आ गए और वह ठीक हो गए इसके बाद उन्होंने मेघनाद का वध किया इसके बाद भीषण युद्ध में राम ने कुंभकरण और रावण का वध कर दिया। राम का अभिनय मृदुल गौरव रावत, लखन राजेश तिवारी,रावण सुबोध गंगेले,कुंभकरण जितेंद्र कुशवाहा, मेघनाद अखिल उर्फ दीपू शुक्ला, विभीषण विनोद पटेरिया, रावण की सेना के कमांडर, मंत्री का प्यारेलाल श्रीवास, पप्पू विश्वकर्मा, प्रकाश कुशवाहा, सीता अंशुल मिश्रा आदि ने किया। व्यवस्था अखिल शुक्ला, यशवर्धन त्रिवेदी, प्रकाश कुशवाहा, विमल त्रिवेदी, अनूप गंगेले की रही। संयोजन रतीश रावत, अनिल शुक्ला,नरेंद्र गंगेले, अनूप त्रिवेदी, हरिश्चंद्र शर्मा आदि का रहा। सहयोगी व्यवस्था आशीष मिश्रा, अमित शुक्ला, जित्तू परदेशी ,मनीष रावत आदि की रही। संगीत में व्यवस्था ज्ञानेंद्र पटेरिया, मनीष तिवारी, राहुल गुप्ता, राकेश सेनी, उदय तिवारी, रमन बाजपेई आदि की रही।

# नाथ शंभु धनु भंजनि हारा, हुइहै कोऊ एक दास तुम्हारा....

- धनुष भंग की लीला के बाद हुआ परशुराम- लक्ष्मण संवाद

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन करते कलाकार।

नगर के तिर्वा रोड पर नवनिर्मित आदर्श रामलीला समिति नई गल्ला मंडी के तत्वाधान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने धनुष भंग लीला का मंचन किया। रामलीला के मंचन के दौरान कहा कि अब जनि कोऊ माखै भट मानी, वीर विहीन मही मै जानी। कहकर राजाओं को झकझोर दिया। उनके शब्दों को सुन लक्ष्मण उत्तेजित हो गए। जिन्हें श्रीराम ने शांत करते हुए कहा कि लखन तुम व्यर्थ में क्यों क्रोध कर रहे हो। राजा जनक हमारे पिता के समान हैं। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने धनुष का खंडन कर दिया। धनुष टूटने पर हुई घनघोर गर्जना सुन तपस्या में लीन महर्षि परशुराम की तंद्रा भंग हो गई और वह मिथिलापुरी जा पहुंचे। राजा जनक से धनुष तोड़ने वाले के बारे में पूछते हुए कहा कहु जड़ जनक धनुष कै तोरा। राजा जनक को मौन देख परशुराम जी क्रोधित हो जाते हैं। कहते हैं कि धनुष तोड़ने वाले का नाम बताओ वर्ना अभी अनर्थ हो जाएगा। श्री राम परशुराम को शांत करने का प्रयास करते हैं और कहते हैं कि नाथ शंभु धनु भंजनि हारा, हुइहै कोऊ एक दास तुम्हारा। यह कार्य वहीं कर सकता है, जिस पर आशीष ऋषि-मुनियों का होगा। फिर भी शांत न होने पर लक्ष्मण ने कहा कि बचपन में हमने न जाने कितनी धनुही तोड़ दीं तब ऐसा क्रोध किसी ने नहीं दिखाया। इस धनुष में कौन सी खासियत हो जो इतना गुस्सा दिखा रहे हो। लक्ष्मण के शब्द सुनकर परशुराम का क्रोध अधिक बढ़ जाता है और लक्ष्मण को मारने के लिए दौड़ते हैं। श्रीराम बीच में आ जाते हैं और परशुराम से क्षमा मांगते हैं। कहते हैं कि इनका कोई दोष नहीं है। अपराधी तो मैं हूं। दोनों भाइयों के स्वभाव में इतना अंतर देख परशुराम सोच में पड़ जाते हैं और श्री विष्णु भगवान का दिया सारंग धनुष उन्हें थमाते हुए उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते हैं। सारंग धनुष अपने आप श्रीराम के पास चला जाता है और उसकी प्रत्यंचा चढ़ जाती है। भ्रम दूर होने पर महर्षि परशुराम उनसे क्षमा याचना करते हुए तपस्या करने के लिए चले जाते हैं। इस दौरान मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, राकेश कौशल, रवि गुप्ता, दीपक गुप्ता, निर्मल मिश्रा, जितेन्द्र त्रिपाठी, राजा त्रिपाठी, विनोद सविता, अमर कठेरिया आदि मौजूद रहे।

## प्राचीन शिव मंदिर से घण्टा व नगदी चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चोरों ने मंदिर को निशाना बनाते हुए सीएफएल बल्ब, घंटा जंजीर चोरी कर लिया। जबकि त्रिशूल और नाग को उखाड़ने की कोशिश की। सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इस्माइलपुर स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में शनिवार को बीती रात अज्ञात चोरों ने मन्दिर से घन्टा, जंजीर, सोलर बल्ब चोरी कर लिया। गांव के विराट मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, अंशुल मिश्रा, आशीष कुमार, विमलेश दुवे, विपिन कुमार पाठक, रवेन्द्र कुमार मिश्रा, राम लखन मिश्रा आदि ग्रामीणों ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई और अराजकतत्वों पर लगाम लगाने की मांग कोतवाली पुलिस से की है।

# मैथ माइंड स्कूल में किसान महापंचायत का हो रहा आयोजन

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अवधेश के समस्त पदाधिकारियों से अपील है कि 24 अक्टूबर को त्योहार से पूर्व एक किसान पंचायत का आयोजन भारतीय किसान यूनियन अवधेश के जिला अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा जी की अध्यक्षता में मैथ माइंड स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। यह किसान पंचायत इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि त्योहार के समय हम सभी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मिलकर दीपावली की शुभकामनाएं एक दूसरे को दे सके और हमारे संगठन से आस्था रखने वाले जिस किसी पदाधिकारी के पास जो नए व्यक्ति हैं उनको जोड़कर अपने परिवार में सम्मिलित कर सकें। इसलिए सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि अपने साथ जो भी नए पदाधिकारी जुड़ना चाहते हैं सभी को साथ लेकर के आएंगे और इस किसान पंचायत में कुछ ऐसे भी निर्णय लिए जाने हैं जो सभी की सर्वसम्मति से लेना है। सभी पदाधिकारियों से यही अपेक्षा है कि वह ढाई बजे 2:30 बजे लिटिल स्टार गेस्ट हाउस जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आवास है वहां पर एकत्रित होकर मैथ माइंड स्कूल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# गायनी वार्ड के गेट पर भिड़े दो प्राइवेट नर्सिंग होम के कर्मचारी

- प्रसूता को अपने नर्सिंग होम में ले जाने के लिए हुई गाली-गलौज
- सीएमएस बोले, मरीज अपनी मर्जी से अस्पताल से गया

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राजकीय मेडिकल कॉलेज के गायनी वार्ड में 102 एम्बुलेंस के जरिए आई एक प्रसूता को खून की कमी के कारण भर्ती करने से इंकार कर दिया। इस दौरान जानकारी पाकर प्राईवेट नर्सिंग होम के कर्मचारी गायनी वार्ड पहुंच गए। गायनी वार्ड के गेट पर ही अपने नर्सिंग होम में मरीज को ले जाने के लिए दोनो कर्मचारियों में जमकर गाली-गलौज हुआ। सोमवार को क्षेत्र की एक प्रसूता आशा बहू के साथ 102 एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज के गायनी वार्ड पहुंची। यहां पर उसका सरसरी तौर पर परीक्षण किया गया। मरीज को एनिमिया की शिकायत थी। शरीर में ब्लड कम होने की बजह से उसे भर्ती करने से इंकार कर दिया गया।

इसी दौरान मौजूद आशा बहू ने निजी नर्सिंग होम में फोन कर दिया। आशा बहू के फोन पर दो अलग-अलग नर्सिंग होम के कर्मचारी अपने-अपने वाहन लेकर गायनी वार्ड में पहुंच गए। दोनो जबरन अपने नर्सिंग होम में मरीज ले जाना चाहते थे। इसको लेकर आपस में गाली-गलौज होने लगी।

हंगामा होते देख गायनी वार्ड के कर्मचारियों ने सीएमएस व ईएमओ को सूचना दी। सूचना पाकर ईएमओ डॉ.सादाब जब गायनी वार्ड पहुंचे, तो उससे पहले ही एक निजी नर्सिंग होम का कर्मचारी को लेकर जा चुका था। बाद में सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि मरीज को एनिमिया की शिकायत थी। इसपर उसके परिजनों को ब्लड डोनेट को कहा गया। परिजनों के इंकार कर देने पर मरीज अपनी मर्जी से निजी नर्सिंग होम में चली गई। उसे न तो भर्ती किया गया था और न ही रेफर किया गया।

# शनि देव की मूर्ति चोरी के मामले ने पकड़ा तूल

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- एकजुट हुए क्षेत्र के साधू संत, दो दर्जन से अधिक पहुंचे ब्रहमदेव मंदर
- मूर्ति बरामद न होने पर अनशन पर जाने का किया ऐलान


ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में बैठे साधू संत

उमर्दा कस्बे में भगवान शनि देवी की मूर्ति चोरी का मामला तूल पकड़ने लगा है। सोमवार को करीब दो दर्जन साधू संत ब्रहमदेव मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। सभी ने पुलिस से तत्काल चोरी हुई मूर्ति को बरामद करने की मांग की। बरामद न होने पर अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। इसपर इंदरगढ़ थानाध्यक्ष मौके पर पहुंची। दो दिनों में मूर्ति बरामद करने का भरोसा दिलाया।

उमर्दा में प्राइमरी पाठशाला के निकट ब्रहमदेव मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर में भगवान शनि देव की मूर्ति स्थापना के लिए मंदिर के पुजारी शनि देव की मूर्ति लेकर आए थे। उसको शनिवार को स्थापित किया जाना था। मूर्ति की स्थापना से पहले ही शनि देव की मूर्ति चोरी हो गई। इसको लेकर क्षेत्र के साधू-संतो में गहरी नाराजगी है।

सोमवार को ब्रहमदेव मंदिर परिसर में आसपास के करीब दो दर्जन साधू संत पहुंचे। सभी ने घटना की जानकारी ली। बाद में मूर्ति बरामद न होने पर अनशन पर बैठ जाने का ऐलान किया। साधू संतो के अनशन के ऐलान की जानकारी मिलते ही इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। उन्होने कहा कि वह दो दिनों के भीतर मूर्ति बरामद कर देगी। उन्होने संत समाज से यह भी आग्रह किया कि मूर्ति स्थापना के लिए वह पहले उपजिलाधिकारी तिर्वा से अनुमति लेकर आए। तभी मूर्ति स्थापित की जा सकेगी।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला सुल्तान आलम नगर निवासी अज़ीमुद्दीन पुत्र जमालुद्दीन ने बताया है कि बीते शनिवार को उसके पिता जमालुद्दीन अपनी स्कूटी से बाजार के लिए निकले थे। तभी सामने से आ रही अनियंत्रित मोटरसाइकिल के चालक रंजीत पुत्र कल्लू निवासी ग्राम सराय जलालाबाद ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही दूसरा ग्राम मैकूपुर्वा निवासी रामकुमार पुत्र रामचंद्र यादव में दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने बताया कि रविवार की शाम करीब 3.30 बजे उसका भतीजा अमित कुमार पुत्र नारेंद्र सिंह घर से जसोदा बाजार जाने के लिए निकला था। तभी रास्ते में कन्नौज की तरफ से तेज रफ्तार से चली आ रही कार ने उसके जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके भतीजे अमित को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने वाहन के चालकों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तहसील परिसर में लगा गंदगी का अम्बार


तहसील परिसर में पसरी गंदगी।

**जालौन,उरई।** तहसील में आने वाले लोगों को लिये पेयजल के लिए टंकी बनी हुई है। इसके साथ ही गेट के बगल में पेशाब घर बना हुआ। तहसील परिसर में बनी दोनों जन सुविधाओं के स्थान पर नियमित सफाई न होने से गंदगी बनी रहती है। गंदगी के चलते लोगों को इनका प्रयोग करने में दिक्कत होती है। तहसील परिसर में तहसीलदार कार्यालय के साथ उप जिलाधिकारी कार्यालय, सुलह अधिकारी कार्यालय, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम का बिक्री काउंटर संचालित हो रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां आने वाले लोगों की सुविधा के लिए मुख्य दरवाजे की दाहिनी ओर पेयजल के लिए पानी की टंकी बनी हुई है और बायी ओर पेशाबघर बना हुआ है। पानी की टंकी के आसपास व पेशाब घर में फैली गंदगी के कारण बदबू आती है और लोगों को इसका प्रयोग करने में दिक्कत हो रही है। तहसील परिसर में जन सुविधाओं के पास पसरी गंदगी से जनता परेशान हैं। समाजसेवी अमित सैनी, मनोज रिछारिया, राधेमोहन, रहीस नाना, सुनील त्रिपाठी ने एसडीएम से मांग की है कि पेयजल की टंकी व पेशाब घर में प्रतिदिन सफाई कराई जाए। जिससे आम जनता का इनका उपयोग करने में परेशानी न हो।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

खेत की मेड़ के विवाद को लेकर गांव के ही लोगों ने युवक से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम कटकैया निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र सदन सिंह ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहां है कि सोमवार की दोपहर करीब 01 बजे गांव के ही लोगों ने खेत की मेड के विवाद को लेकर गली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षकों पर लगा दलित छात्र से मारपीट करने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- छात्र ने लगाया धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

दलित छात्र ने स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षक पर अभद्रता व जातिसूचक गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है। साथ ही उसने परीक्षा से वंचित रखने व स्कूल से निकाल देने का आरोप भी शिक्षक पर लगाया है। पीड़ित छात्र के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला दिलशाद नगर निवासी कृष्ण मुरारी कठेरिया ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पुत्र अमन कठेरिया नगर के एक स्कूल में इंटर का छात्र है। सोमवार को जब उसका छात्र परीक्षा देने के लिए स्कूल गया। तो प्रधानाचार्य व शिक्षक ने बेवजह उससे जाति सूचक गली गलाज की। स्कूल से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि स्कूल के शिक्षक छात्र के तिलक लगाकर विद्यालय आने पर भी पाबंदी लगाते हैं। जिससे उसकी धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई है। पीडित छात्र के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में आरोपित शिक्षक का कहना है कि छात्र दूसरे विद्यालय का है। इस विद्यालय में पंजीकरण नहीं कराया। इसी को लेकर लगातार अभिभावक से कहा जा रहा था लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। इसी कारण उसे परीक्षा से वंचित रखा गया। मामले में कोतवाल आलोक दुबे का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# जिला कृषि अधिकारी ने सहकारी समिति का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


समिति का निरीक्षण करते जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने सहकारी समिति सौरिख का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि वर्तमान समय में जनपद में लगभग 40-41 प्रतिशत क्षेत्रफल में आलू की गडाई हो चुकी है। कृषक भाईयों से अनुरोध है कि उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही उपयोग करें, जिससे आलू की फसल को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके तथा उर्वरकों के असंतुलित मात्रा में प्रयोग से होने वाले मृदा, वायु एवं जल प्रदूषण के साथ लागत को भी कम किया जा सके। जनपद के खुदरा बिक्रेताओ के पास 1558 मी0टन डीएपी, 5146 मी0टन एनपीके, 4775 मी0टन एसएसपी 12414 मी0टन यूरिया और 2242 मी0टन एमओपी की उपलब्धता है। जनपद में लगभग 257 निजी एवं सहकारी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर डीएपी एवं 615 केन्द्रों पर एनपीके, एसएसपी एवं एमओपी उपलब्ध है। किसान भाई अपने नजदीकी साधन सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र से आवश्यकतानुसार उर्वरकों का क्रय कर सकते है। उन्होंने किसानों से अपील कि फसलों में उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें और अपनी जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक का क्रय करें। उन्होंने जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि कृषकों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक का वितरण करे। यदि उर्वरक का भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है। तो सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाई की जायेगी।

## एसपी ने वीर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन किए अर्पित



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आंनद व अन्य समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणो द्वारा वीर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कर्तव्य की बेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों की याद हेतु पुलिस लाईन में स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। शहीदों को याद करते हुए 02 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने सभी पुलिसकर्मियों को अवगत कराते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को याद कर उनकी शौर्य गाथा सभी को बताई गई। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा शहीद पुलिसकर्मियों को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# निर्माण कार्यों में गति लाकर समय से पूर्ण करें: डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकरी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) के अंतर्गत विकास कार्यों की प्रगति एवं जनपदीय रैंकिंग के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) के अन्तर्गत विभागो से संबंधित अधिकारी शासन स्तर पर समीक्षा कर जनपदवार रैंकिंग निर्धारित करते हैं। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने दायित्वो का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्वाहन करें। प्रतिदिन मॉनीटरिंग करते हुए सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित अपने विभागीय योजनाओ, इंडीकेटर्स में शत- प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करें। प्रत्येक दशा में जनपद की रैंकिग अच्छी होनी चाहिये। जो निर्माण कार्य चल रहे हैं। उसमें गति लाकर कार्य को समय से पूर्ण किया जाएं। साथ ही सत्यापन रिर्पोट भी उपलब्ध करायी जाये। उन्होने ने ऊर्जा विभाग द्वारा पोर्टल में डेटा रिक्त दिखाने पर शीघ्र डेटा भरने के निर्देश दिये। जिन पानी टंकियो में अभी विद्युत कनेक्शन नही हुये हैं। यथाशीघ्र विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन किया जाये। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस की रैंक जो खराब है। उसमें सुधार लाया जाये। उन्होने दुग्ध मूल्य भुगतान के संबंध में निर्देश दिये कि प्लान बनाकर विलेजवार ज्यादा से ज्यादा समितियां बनायी जायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि दूसरे राज्यों में गाय की अच्छी नस्ल की मार्केट कहां लगती है। गाय की नस्ल ऐसी हो जो अपने क्षेत्र में उपयुक्त हो, लाभार्थियों का चयन कर योजनाओं का लाभ दें। निराश्रित गोवंश मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत ब्लाकवार 05-05 लाभार्थियो को गोंवश संरक्षित कर योजना से लाभान्वित करें। मत्स्य उत्पादन बढ़ाये जाने हेतु वृहद स्तर पर कार्य करें। विभागीय स्कीमों को लोगो तक पहुंचाये जाने हेतु प्रचार-प्रसार करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, पीडी डीआरडीए सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छाऊ नाट्य कला पर आधारित महिषासुर मर्दिनी नाटक किया प्रस्तुत

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




सुप्रभाष एकेडमी के स्पिक मैके) द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति छात्रों की सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षमता के सर्वांगीण विकास के लिए सुप्रभाष अकादमी ने एक अद्वितीय नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया, जिसमें छाऊ नाट्य कला पर आधारित 'महिषासुर मर्दिनी नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अद्भुत और प्रेरणादायक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को छात्रों के माध्यम से जीवंत करना था। छाऊ नृत्य भारत की प्राचीन नाट्य शैलियों में से एक है, जो उड़ीसा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के क्षेत्र में विकसित हुई है। यह नृत्य शारीरिक निपुणता, भाव-भंगिमाओं और मुखौटों के माध्यम से कथानक को प्रस्तुत करता है। छाऊ नृत्य की प्रमुख विशेषता इसकी युद्ध कौशल और शारीरिक लचीलेपन पर आधारित मुद्रा है, जो इसे अन्य नृत्य शैलियों से अलग बनाती है। इसका प्रदर्शन किसी कथा या पौराणिक प्रसंग पर आधारित होता है, और इसे मुखौटे पहनकर किया जाता है, जो चरित्र की भावनाओं को गहराई से प्रस्तुत करता है। विश्वविख्यात छाऊ कलाकार श्री तारापाद रजक तथा ग्रुप के द्वारा स्पिक मैके के तत्वावधान में उक्त कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छाऊ नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत 'महिषासुर मर्दिनी' नाटक था, जो दुर्गा माता की महिषासुर पर विजय की पौराणिक कथा पर आधारित है। यह कथा हमें धर्म और अधर्म के बीच के संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें देवी दुर्गा महिषासुर जैसे अत्याचारी राक्षस का नाश कर धरती पर शांति और न्याय की स्थापना करती हैं। इस कार्यक्रम ने छात्रों के भीतर नारी शक्ति के महत्व और अधर्म के प्रति संघर्ष की भावना को प्रबल किया। कलाकारों ने महिषासुर मर्दिनी की भूमिका को बखूबी निभाते हुए,संगीत की ध्वनियों और नृत्य की गतियों के माध्यम से पूरी कथा को अत्यंत सजीव और सशक्त तरीके से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने शारीरिक दक्षता और भाव-भंगिमाओं के समन्वय से महिषासुर और दुर्गा माता के संघर्ष को प्रभावी रूप से मंच पर उकेरा। छात्रों ने युद्ध और शक्ति प्रदर्शन के दृश्यों को बखूबी निभाया, जिसमें महिषासुर के आतंक और देवी दुर्गा की शक्ति का प्रदर्शन किया गया। यह नाट्य प्रस्तुति न केवल छात्रों के प्रदर्शन कौशल को विकसित करने का माध्यम थी, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और उसकी समृद्ध धरोहर से जोड़ने का भी एक प्रयास था। छाऊ नृत्य जैसी पारंपरिक कला के माध्यम से छात्रों ने न केवल अपनी कला और नृत्य की समझ को गहरा किया, बल्कि उन्हें भारत की समृद्ध संस्कृति का भी अनुभव हुआ। प्रस्तुति के दौरान उपस्थित दर्शकों में विद्यालय की चेयरमैन विभा सक्सैना, प्रबंधक हिमांशु सक्सैना, डायरेक्टर डॉ आत्मा राम शर्मा, कोआर्डिनेटर संदीप प्रताप वर्मा, विद्यालय के सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं, अभिभावक, विद्यालय के कर्मचारी, और अतिथि उपस्थित थे, जिन्होंने दर्शकों ने कलाकारों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना की, साथ ही छाऊ नृत्य के माध्यम से महिषासुर मर्दिनी की कथा को जिस प्रकार से मंच पर जीवंत किया गया, उसकी भी अत्यधिक प्रशंसा की। प्रबंधक हिमांशु सक्सैना जी अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखते हैं।

उन्होंने सभी कलाकारों, अतिथियों, छात्रों, और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय की सांस्कृतिक समृद्धि को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि भविष्य में भी इसी तरह के सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि छात्रों के भीतर छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता रहे।

# छात्राएं अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहे



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य के दिशा निर्देशन में मिशन शक्ति फेस- 5 के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में उच्च शिक्षा संस्थानों में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डिंपल कुशवाहा असि. प्रोफेसर भौतिक विज्ञान में छात्र-छात्राओं को शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य स्त्री और पुरुष दोनों का अति महत्वपूर्ण है किंतु महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। छात्राओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ रखने के लिए सचेत रहने के लिए कहा। सभी छात्र-छात्राओं को अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और यदि कोई समस्या है तो अपने परिवारजनों, गुरु- जनो और यदि आवश्यकता हो तो चिकित्सीय परामर्श लेना चाहिए।

# अनियंत्रित ट्राला से टकराकर बाइक सवार घायल, तांगे में भी मारी टक्कर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। इसके बाद ट्राला ने तांगे में टक्कर मार दी। जिससे तांगे में लदे आलू सड़क पर बिखर गये। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राला को अपने कब्जे में ले लिया तथा घायल बाइक सवार को सीएचसी भिजवाया।



पुलिस कब्जे में लिया गया ट्रैक्टर

जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला सावनटोला निवासी करन तिवारी पुत्र वीरेंद्र तिवारी सोमवार को बाइक द्वारा किसी कार्य से शमसाबाद बाजार गए थे। फैजबाग शमशाबाद मार्ग पर स्थित एक इंटर कॉलेज के खेल के मैदान के सामने से गुजर रहे थे, इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्राला ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। सामने से आलू लादकर आ रहे एक तांगे से दुर्घटना का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में बाइक सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ में कुछ लोगों ने उनके परिवार के लोगों को सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें कस्बे के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

वहीं जानकार लोगों की मानें तो बाइक सवार चालक शराब के नशे में था। पीछे से आ रहे ट्राला ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक आलू लादकर जा रहे तांगे से टकरा गया। हालांकि इस दुर्घटना में जहां एक ओर बाइक सवार घायल हो गया, वहीं दूसरी तरफ तांगे में लदे आलू के पैकेट सड़क पर बिखर गए। हालांकि तांगा चालक आलू के पैकेट लादकर मौके से चला गया। बताते हैं शमशाबाद नगर के मोहल्ला चौहट्टा निवासी लाखन कोल्ड स्टोरेज से आलू लादकर शमशाबाद जा रहा था, तभी ये घटना घटित हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं और घायल बाइक सवार को सीएचसी भिजवाया। टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर ट्राला को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक घायल का उपचार जारी था। वहीं समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास जारी थे। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।

## मेरापुर साधन सहकारी समिति पर एसडीएम ने किया निरीक्षण

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय ने मेरापुर साधन सहकारी समिति पर पंहुचकर स्टाक, वितरण आदि रजिस्टर चेक किए और खाद का वितरण शुरू कराया। इसी बीच उन्होंने किसानों से पूछा कि यहां रेट से अधिक रुपए में खाद बेची जा रही है तो किसानों ने जबाब दिया कि नहीं यहां खाद रेट से मिलती है। लाभान्वित किसानों की लम्बी कतार लग गई। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस लगाई गई। मेरापुर साधन सहकारी समिति अध्यक्ष गंगा प्रसाद राजपूत ने बताया कि सोमवार को एसडीएम सदर ने स्टाक, वितरण आदि रजिस्टर चेक किए और उन्होंने सचिव संदीप यादव को खाद वितरण करने के लिए निर्देशित किया। उनके निर्देश पर सचिव ने खाद का वितरण शुरू कर दिया। स्टाक में एनपीके खाद की कुल 135 व डीएपी खाद की 200 बोरियां उपलब्ध थीं। जो किसानों को एक-एक बोरी डीएपी और एक-एक बोरी एनपीके खाद वितरण की गईं।

## विवाहिता की मौत पर पति सहित चार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज के गांव सोनाजानकीपुर निवासी दीपक कुमार ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव छछोनापुर निवासी योगेश, जैवेश पुत्रगण रामबरन, शोभा पुत्री रामबरनएशीतला देवी पत्नी रामबरन के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज कराए गए मुकदमे के अनुसार दीपक कुमार ने चार वर्ष पूर्व अपनी बहन गोल्डी की शादी उक्त योगेश के साथ हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार दानदहेज देकर की थी, लेकिन दिए गए दान दहेज से उपरोक्त आरोपित ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। ससुरालीजन अतरिक्त दहेज में एक सोने की जंजीर व एक लाख रुपये की नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मेरी बहन गोल्डी के साथ मारपीट करते थे। हम लोगों ने काफी समझाया कि हम गरीब हैं। अतरिक्त दहेज नहीं दे सकते। 1 अक्टूबर 2024 समय करीब शाम 4 बजे मेरी बहन गोल्डी के पति योगेश, देवर जैवेश, ननद शोभा, सास शीतला देवी ने मेरी बहन गोल्डी को मारापीटा और फांसी पर लटका दिया। घटना की सूचना मिलने पर हम लोग बहन की ससुराल छछोनापुर पहुंचे, तो उपरोक्त ससुरालीजन मौके पर नहीं मिले। बाद में पता चला कि गोल्डी एच.ए.एल. हास्पिटल में भर्ती है। हालत गम्भीर होने पर डाक्टर ने इलाज करने से इन्कार कर दिया। तब हम लोग गोल्डी को लोहिया अस्पताल ले गए।

जहां चिकित्सक ने गोल्डी को मृत घोषित कर दिया। मेरापुर पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज क्षेत्राधिकारी जय सिंह के सुपुर्द कर दी है। पुलिस व्दारा गोल्डी के शव का पोस्टमार्टम कराया था।

## देवेंद्र सिंह राजपूत बने सफाई कर्मचारी समिति के अध्यक्ष



नव नियुक्त अध्यक्ष का फूल-माला पहनाकर स्वागत करते साथी कर्मचारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सफाई कर्मचारी समिति का गठन किया गया। इस दौरान समिति का अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत नगला हीरा सिंह को चुना गया। कर्मचारियों ने कहा कि आने वाले समय में यदि सफाई कर्मचारियों को कोई समस्या होती है, तो वह अपने अध्यक्ष को अवगत करायेंगे और उनके ही नेतृत्व में सफाई कर्मचारी अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। वहीं नव नियुक्त अध्यक्ष का सभी सफाई कर्मचारियों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया तथा मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया। वहीं नव नियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि मेरे साथियों ने मुझे जो दायित्व सौंपा है। उसका मैं बखूबी पालन करुंगा और समय-समय पर साथियों की जो भी समस्यायें होंगी, उसके लिए संघर्ष किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। घटना की सूचना नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी को दे दी गयी है। इस मौके पर आकाश, अर्जुन, राजीव, गौरव, राजा, राजेश, राहुल, अजय, रोहित, बृजेश, राजेश, रवी कुमार, अनुज, रेनू, आशा, रिंकू, विनोद, कुलदीप, राकेश, संजू, ललित कुमार, बृजेन्द्र कुमार, अशोक, सुमित आदि सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## चलती ट्रेन से उतरते समय वृद्ध गिरकर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चलती ट्रेन से उतरते समय वृद्ध गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊरसीदाबाद निवासी साजिद अली उम्र 60 वर्षीय पुत्र अमजद अली बीते दिनों अपनी रिश्तेदारी में कमालगंज गया था। वहाँ से ट्रेन द्वारा वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही ट्रेन कायमगंज रेलवे स्टेशन के निकट पहुँची, तभी चलती ट्रेन से साजिद अली उतरने लगा। उसी दौरान ट्रेन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल साजिद को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।



सीएचसी में भर्ती घायल वृद्ध

## वर्धमान जैन अस्पताल में नि:शुल्क नेत्र शिविर का हुआ उद्घाटन

▸ जांच के बाद 20 लोग आपरेशन के लिए चिंहित

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

भगवान विमलनाथ चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में वर्धमान जैन अस्पताल में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष व ट्रस्ट के अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। इसमें रामा मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर खुशबू जायसवाल, अनुराग त्रिपाठी व हर्षिता गंगवार ने अपना सहयोग दिया। बच्चे, बुजुर्गो, महिलाओं और युवाओं ने चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया।

नगर स्थित वर्धमान जैन अस्पताल नेत्र शिविर का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष राजवती यादव व ट्रस्ट के अध्यक्ष पुखराज डागा ने सोमवार पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। शिविर में 100 मरीजों की आखों की जांच की गयी। जिसमें 50 लोगों की आंख की जांच करने के बाद उन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना गया। जल्द ही एक निश्चित तिथि देकर सभी के ऑपरेशन किए जाएंगे। साथ ही सभी को नि:शुल्क दवाई, चश्में व फल बांटे गए। शिविर के आयोजन अवसर पर शिविर के संयोजक पुखराज डागा ने कहा कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविरों के माध्यम से दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को घरद्वार पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। जिनके चलते आज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में किसी भी बीमारी का इलाज बहुत महंगा होता जा रहा है। ऐसे शिविर गरीबों के लिए वरदान साबित होते हैं।



शिविर का उद्घाटन करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष व मौजूद पुखराज डागा आदि

डॉक्टर अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में आंख के सभी प्रकार के इलाज, ट्रांसप्लांट जैसी सभी सुविधाएं दी जाएंगी। ऑपरेशन थियेटर शुरू होते ही मरीजों के ऑपरेशन भी जल्द शुरू हो जाएंगे। इस अवसर पर अरुणा डागा, नोहिल खान, अटल बिहारी मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता आदेश वर्मा, निश्चल द्विवेदी, सचिन पाण्डेय व नगरवासी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### घर में घुसकर महिला को छेड़छाड़ की नियत से दबोचा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र ग्राम गोविंदपुर असदुल्ला निवासी महिला गुड्डी देवी पत्नी रामबाबू ने गांव के दीपू पुत्र रामबाबू के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा सोमवार की सुबह 8 बजे के करीब जब वह अपने घर पर अकेली थी। उसी दौरान आरोपी घर में आ धमका और दुष्कर्म के इरादे से महिला को जबरदस्ती पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी का पिता मौके पर आ गया। उसने भी गाली-गलौज करते हुए कहा कि पकड़ लो इसको। जिससे घबराई महिला शोर मचाते हुए किसी तरह छूटकर बाहर की ओर भागी, तो आरोपियो ने बाहर भी पीछा किया। इसी दौरान आरोपियों ने धमकी दी अब इन्हें गांव में नहीं रहने दिया जाएगा। पीड़ित महिला ने किसी तरह भागकर जान बचाई। इस संबंध में पीड़िता महिला ने पिता पुत्र सहित दो लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### कोतवाली के सामने लगे इंडिया-1 एटीएम से निकले नकली नोट

200 ,100 रुपये के निकले नकली नोट निकलने से लोगों में मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के कोतवाली के सामने लगे इंडिया-1 एटीएम से सोमवार को 200 व 100 के नकली नोट निकलने से हड़कंप मच गया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। जानकारी के अनुसार सोमवार को एक युवक कोतवाली के सामने लगे इंडिया-1 एटीएम से पैसे निकालने आया। जैसे ही उसने पैसे निकाले, तो उसमें 200 व 100 के नोट उसे नकली लगे। जिस पर उसने कई लोगों को दिखाया। जिस पर लोगों न नोट को नकल बताया। जिससे एटीएम के बाहर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पीड़ित युवक ने कोतवाली पहुंचकर घटना के संबंध में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने उसकी शिकायत नहीं सुनी। पुलिस ने कहा कि आप ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराओ।

### पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद पुलिसकर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि



शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देते पुलिस अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद हुए पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने नमन कर श्रद्धांजलि दी। जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन फतेहगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी व अन्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा नमन किया गया व उन्हें भावभीनी श्राद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज का दिन उन शहीद पुलिसकर्मियों को याद करने का है जो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए शहीद हो गये।

## अजीजाबाद में कागजों पर दौड़ रहे मनरेगा मजदूर, धरातल पर कुछ भी नहीं

▸ रोजगार सेवक व प्रधान द्वारा मनरेगा मजदूरों की फर्जी तरीके से की जा रही हाजिरी अपलोड

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक तरफ जहा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा में सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के कमजोर वर्ग के लोगों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए रोजगार गारंटी योजना शुरू की गई थी।

इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के प्रति व्यक्ति को 100 दिन का रोजगार देने का सरकार द्वारा वादा किया गया था। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र का विकास एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत गांव का विकास कराकर ग्रामीण किसानों को सुविधा मुहैया कराकर उक्त क्षेत्र के किसानों की रोजगार की समस्या खत्म हो सके। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को विकासखंड के माध्यम से अमली जामा पहनाया जाना था।



वह चकरोड जिस पर दर्शाया जा रहा काम

जिसके लिए सरकार समय-समय पर ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय पर मनरेगा योजना के कार्यों की समीक्षा भी की जाती है। मगर सरकार तथा प्रशासन मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। हकीकत को देखा जाए तो शमशाबाद विकास खंड में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार इस कदर व्याप्त है कि घोटाले बाज प्रधानों से पार पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास तो नहीं हो रहा है लेकिन विकास के नाम पर प्रधान व उच्च अधिकारी अपनी-अपनी जेबें जरूर भरकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला शमसाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत अजीजाबाद में देखने को मिला। जहां कैलाश के खेत से वीरेंद्र के खेत तक चकरोड पर मिट्टी का कार्य होना दर्शाया जा रहा है। ये कार्य पिछले 16 अक्टूबर से कागजों में ही चल रहा है। इस कार्य में 39 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी रोजगार सेवक विशुन दयाल व प्रधान महेश द्वारा मनरेगा पोर्टल पर अपलोड कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि धरातल पर कोई भी कार्य नही हो रहा है। इस संबंध में जब गांव के ग्रामीणों से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने आज तक किसी भी मजदूर को इस जगह काम करते हुए नहीं देखा है।

उन्होंने बताया कि रोजगार सेवक विशुन दयाल के द्वारा दो चार लोगों को खड़ा कर फोटो खींच लिया जाता है और फोटो खींचने के बाद वापस कर दिया जाता हैं। जब हकीकत में मौके पर जाकर देखा गया तो वहां कहीं पर भी एक भी फावड़ा मिट्टी नजर नहीं आई। वहीं जब इस संबंध में विकास खण्ड अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, तो उनसे बात नहीं हो सकी।

## डीएम ने की 50 लाख से अधिक कार्यों की समीक्षा



समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 53 योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। समीक्षा में उप्र राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ, उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0, उप्र सिडको, पर्यटन निगम, आवास विकास द्वारा आईटीआई में की जा रही फ्लोरिंग का कार्य खराब पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्य में सुधार करने के लिये निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दस वर्ष का कारावास

▸ 62 हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज त्वरित प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने दुष्कर्म के मामले में राघवेंद्र पुत्र ब्रजनदंन निवासी जिजौटा कम्पिल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास से दण्डित किया है।

बीते 2 वर्षो पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम निवासिनी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया की 17 जुलाई 2022 को सुबह करीब 7 बजे स्नान कर रही थी। पीड़िता के ससुर गॉव में दूध लेने के लिए गए थे। इसी बीच राघवेन्द्र दरवाजा खोलकर घर मे घुस आया और मुझे जबरन कमरे में खींच कर बेडकर पर गिराकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर मुंह बंद कर मारपीट करने लगा और यह कहकर गया कि मैं रोजाना आऊँगा। तू मेरा क्या कर लेगी और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। राघवेंद्र दबंग किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार, संजीव कुमार पाल की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने राघवेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व 62 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## भाकृए ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम न्यायिक को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनसमस्याओं को लेकर 12 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी न्यायिक को तहसील कायमगंज में ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी है गंगा नदी हर साल नया रास्ता बनाती है कभी किसानों की जमीन में तो कभी सरकारी जमीन में गंगा नदी बहती है। बरसात के बाद कटरी क्षेत्र का भूगोल बदल जाता है। वन विभाग के कर्मचारी जो जमीन भैंसार के किसानों की है अपनी बता रहे हैं। किसके आदेश से वन विभाग किसानों की जमीन पर वृक्ष लगा रहे हैं, जांच कराकर उन्हें दंडित किया जाए।

जो किसान 500 बीघा जमीन जोते हैं जिनकी एक बीघा भी जमीन नहीं है। वह भी गैर जनपद के हैं और फर्रुखाबाद जनपद की जमीन पर अवैध कब्जा कर खेती कर रहे हैं। वन विभाग उन पर कार्यवाही नहीं करना चाहता है। ऐसे खेती जो फर्रुखाबाद जनपद के किसानों की है, उन्हीं को जमीन दी जाए। पूर्व में पंजाब से आए सरदारों से आंदोलन कर किसानों की जमीन खाली कराई गई थी। अवैध कब्जेदारो से अवैध कब्जा हटवाया जाए और संबंधित किसानों को इंतखाब के अनुसार कब्जा दिलवाया जाए। बाढ़ से किसानों के मकान में पानी हर साल भर जाता है इसलिए गंगा की तराई क्षेत्र में किसानों को अपना मकान ऊंचा करने के लिए अपने खेतों से मिट्टी भराव डालने के लिए ना रोका जाए। मछली और बालू का ठेका उसी किसान को मिलना चाहिए जिसके खेत में गंगा चल रही है। गंगा की तराई क्षेत्र में कोटेदार घटतौली कर रहे हैं, जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा कोटा निरस्त किया जाए। गांव सिनौली से गांव पचरौली मार्ग पर सड़क खराब है। बाढ़ से पुलिया टूट चुकी है। आवागमन में किसानों को परेशानी हो रही है। सड़क और पुलिया का निर्माण कराया जाए, बाढ़ के कारण तराई क्षेत्र (गंगा किनारे) की बिजली काट दी गई थी। उन दो माह का बिजली का बिल माफ किया जाए। गंगा नदी की बाढ़ से किसानों की ज्वार, बाजरा, मक्का, धान आदि की फसलें नष्ट हुई थी। उनका मुआवजा किसानों को दिया जा, तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा-6 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है, जबकि धारा-6 के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों के 100 गज के भीतर तंबाकू बिक्री और नाबालिकों द्वारा खरीद पर प्रतिबंध है। स्कूल कॉलेज के आसपास तंबाकू उत्पाद बिक रहे हैं।



न्यायिक एसडीएम को ज्ञापन देते पदाधिकारी

तंबाकू गोदामें भी स्कूल के आसपास हैं। जिससे प्रदूषण फैलता है। ऐसी गोदामों को तत्काल बंद कराया जाये, समेत 12 मांगें शामिल हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता, प्रदेश महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, विनीत कुमार सक्सेना, सच्चे प्रताप सिंह गंगवार, रामवीर, गजेंद्र सिंह परिहार, अनुज सक्सेना, विजय शाक्य, शिवराज सिंह शाक्य, बिंदु सिंह गंगवार, महिपाल सिंह राजपूत आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जनपद में स्थायी पटाखों की दुकानों के लिए 23 स्थान चिन्हित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए 23 स्थान जिलाधिकारी ने 23 स्थानों को निर्धारित किया है। दीपावली के त्योहार को देखते हुए जनपद में पटाखा बिक्री पर सतर्कता बरतने हेतु 23 स्थानों का चयन किया गया है। 23 सुरक्षित स्थानों पर पटाखों की फुटकर दुकानें लगेगी। जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह ने स्पष्ट रुप से निर्देशित किया है कि सुरक्षा के नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। फुटकर दुकान रखने वाले दुकानदारों की निगरानी की जायेगी। पानी का ड्रम, बालू व मिट्टी की बोरियां एवं अग्निशमन यंत्र का होना बहुत जरुरी है। साथ ही अग्निशमन विभाग को अलर्ट किया

**नियमों का पालन न करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

गया है कि वह आपात स्थिति से निपटने के लिए दमकल गाड़ी तैयार रखे। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। मानकों की अनेखी करने वालों को चिन्हित कर कार्यवाही की जायेगी। सुरक्षा के नियमों का पालन सभी दुकानदारों को करना होगा। अग्निशमन के अलावा नगर मजिस्ट्रेट आदि अधिकारी दुकान स्थल का निरीक्षण करेगें। 23 सुरक्षित स्थानों को चिन्हित किया गया है जिसमें थाना कादरीगेट के क्रिश्चियन इंटर कालेज मैदान ए और बी भाग, कादरीगेट क्षेत्र के ओपीलॉन स्थल, थाना मऊदरवाजा


आतिशबाजी

क्षेत्र के गुरुगांव देवी मंदिर के पीछे व बीबीगंज चौकी रोड के सामने बाग में दुकानें लगेगी। वहीं फतेहगढ़ में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के अंदर बेवर रोड पर, बरगदिया घाट मंदिर के सामने मैदान में व कृष्णा वाटिका सिविल लाइन नवदिया व अस्थायी दुकानें लगायी जायेगी। शहर के अलावा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में दो जगह, रामलीला मैदान व नीमकरोरी में तलाब के पास एवं रठौरा बाजार के बाहर खाली पड़े खेत में दुकाने लगेगी।इ कमालगंज में रामलीला मैदान स्थल पर दुकाने लगेगी। जहानगंज में मीना बाजार ग्राउंड पर दुकानें लगेगी। राजेपुर में ग्राम सलेमपुर में मैदान में व राजेपुर के राठौरी ग्राम हमीरपुर सोमवंशी में एवं राजेपुर के ग्राम गांधी में खेत में दुकानें लगेगी। कायमगंज के एमएसएन इंटर कालेज के मैदान में दुकाने लगेगी। कम्पिल में केएसआर इंटर कालेज के मैदान में गैपिंग के साथ दुकानें लगायी जायेगी। शमशाबाद क्षेत्र के रामलीला मैदान में खुले में दुकाने लगेगी।

नवाबगंज में रामलीला मैदान व मंझना नवाबगंज रोड पर एवं मेरापुर में अचरा खलवारा रोड पर पटाखों की दुकानें लगेगी।

नगर क्षेत्र में सिटी मजिस्ट्रेट व्यवस्था देखेगें व अन्य थाना क्षेत्रों में संबंधित उपजिलाधिकारी को व्यवस्था देखने के निर्देश दिये गये है।

# उपकरण पाने के लिए दिव्यांगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विशाल दिव्यांग निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सौजन्य से दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम उपकरण के वितरण हेतु संसदीय क्षेत्र के ब्लॉक बढ़पुर में शिविर का आयोजन किया गया। ब्लॉक के सभागार में दिव्यांगजनों को जरूरी कागजात जमा कर उनके रजिस्ट्रेशन किए गए।

एलएमको कानपुर के द्वारा पुनर्वास विशेषज्ञ अमित कुमार एवं श्रवण विशेषज्ञ बाल गोपाल, भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ सह जिला संयोजक विनोद वर्मा ब्लॉक परिसर में शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे। राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी ने कहा यह शिविर लगातार


दिव्यांगों के अभिलेख जांचते कर्मी

जारी रहेगा। जनपद के सभी ब्लाकों में शिविर लगेगा।

ज्यादा से ज्यादा दिव्यांगजनों को लाभ मिले सके योजना बनाकरदिव्यांग ज़न सशक्तिकरण विभाग इसमें सहयोग करें। ब्लाक में लगे शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। जिस पर राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा शिकायत करने की बात कही।

# दीपावली त्योहार को लेकर व्यापारियों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

**वाहन चलाते समय फोन पर बात करने वालों पर होगी कार्यवाही**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली त्योहार को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों के साथ व्यापारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

नगर में आवागमन की व्यवस्था सुचारु रुप से चलाने हेतु लोगों को जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वाहन चालक सावधानी बरते। सड़कों पर दुर्घटनायें मोबाइल से बात करने के दौरान हो रही है। ऐसे में आवश्यक


दीपावली त्योहार को लेकर बैठक लेते एएसपी

नियमों का पालन करें। लापरवाही न बरते, यातायात के नियमों का पालन करें। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, हेलमेट पहने, फोन पर बिल्कुल बात न करें। साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाके में ट्रैफिक पुलिस बड़े वाहनों को जाने से रोके। भाजपा के चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश गुप्ता ने जाम संबंधित समस्यायें उठायी। बैठक में सीओ सिटी, शहर कोतवाल व थानाध्यक्ष एवं व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# सुहागिनों ने करवाचौथ पर अखण्ड सौभाग्यवती होने का लिया आशीर्वाद

**महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर की पूजा अर्चना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सुहागिनों ने अखण्ड सौभाग्य के साथ करवाचौथ पर व्रत रखकर पूजा अर्चना की। सुहागिनों ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखकर देर शाम सजधज कर मां गौरी व चंद्रमा का पूजन किया। चांद का दीदार करने के लिए शाम होते ही सुहागिन औरते छत पर पहुंच गयी और चलनी में चांद को निहार कर पूजन किया और सुहागिनों के पतियों ने व्रत खुलवाकर पत्नियों को सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया। शहर में विभिन्न घरों में इस पर्व को लेकर सुबह से ही तैयारियां की गई। घरों के अलावा ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं का सजने संवरने का


करवाचौथ पर पूजन करती महिलायें


चन्द्रदेव का पूजन करती कांतिदेवी

दौर चलता रहा। नई साड़ी, लहंगे आदि पहनकर सुहागिनों ने पूजन करने के साथ व्रत को खोला और करवे में रखा हुआ प्रसाद को अपने पति के हाथों से चाख कर व्रत खोला।

साथ ही भगवान शिव एवं माता पार्वती को साक्षी मानकर कथा सुनी। बुजुर्ग महिलाओं ने कथा सुनाकर अपनी बहुओं को आशीर्वाद दिया। विधि विधान एवं रीति रिवाज से त्योहार मनाया गया। करवाचौथ पूजन के साथ-साथ फोटोग्राफी एवं सेल्फीविद का सिलसिला चलता रहा। साथ ही बच्चों ने परिवार के साथ आतिशबाजी छुड़ाई और पकवान खाकर करवाचौथ त्योहार को मनाया। वाणी विनायक संस्था के प्रमुख राजगौरव पाण्डेय ने अपनी पत्नी संध्या पाण्डेय एवं उनके भाई व उनकी पत्नी के साथ करवाचौथ का त्योहार मनाया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने छतों पर पहुंचकर पूजन किया। वहीं शमशाबाद में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मातृ शक्ति जिला सह संयोजिका कांति देवी राजपूत ने भी करवाचौथ पर निर्जला व्रत रख पति, परिवार व अखण्ड भारत हो, सनातन धर्म की रक्षा की कामना को करते हुए चंद्र दर्शन कर पूजन अर्चन आरती बंधन कर व्रत खोला।

## खबरें एक नजर में

### आईटीआई स्कूल में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 22 अक्टूबर मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन होगा। रोजगार अप्रेंटिसशिप मेले में कई कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 350 रिक्तियों के लिए अभ्यार्थियों का चयन होगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ आईटीआई स्कूल में प्रातः 10 बजे प्रतिभाग करें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### ट्रैक्टर की ट्राली चोरी, एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला लाहौरी निवासी पन्नालाल पुत्र धीरे सिंह ने एसपी के आदेश पर अज्ञात के विरुद्ध ट्रैक्टर की ट्राली चुरा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 24 सितम्बर की रात दरवाजे के सामने खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली चोर चुरा ले गए। काफी खोजबीन की, पर कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना थाने पर दी गयी। पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। तब जाकर पन्नालाल ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। एसपी के आदेश पर मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### दो युवकों ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नईवस्ती निवासी शानू उम्र 26 वर्षीय पुत्र महेश कुमार ने गृह कलह से क्षुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पी लिया। वहीं कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम कादरदादपुर निवासी शिवम उम्र 22 वर्षीय पुत्र दुर्गपाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों के परिजनों ने कायमगंज समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### नोटिस तामील कराने गये सिपाही, होमगार्ड से ग्रामीण ने की अभद्रता

**कालपी ,जालौन।** रविवार को ग्रामीण क्षेत्र में नोटिस तामील कराने गए सिपाही के साथ अभद्रता हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। विदित हो कि ज्ञान भारती पुलिस चौकी में तैनात सिपाही विपिन पाल रविवार दोपहर हमराह होमगार्ड जवान के साथ क्षेत्र के ग्राम निवाड़ी में किसी विवाद को लेकर नोटिस देने गया था लेकिन इसी दौरान दोनों पक्ष आमने सामने आ गए थे इस पर सिपाही ने झगड़ा न करने की नसीहत देकर दोनों पक्षों को चौकी चलकर समस्या का हल निकिलने लिए कहा था पर उसकी यह बात कुछ दबंग टाईप के युवकों को नागवार गुजरी थी और वह सिपाही से उलझने लगे थे। इस दौरान सिपाही ने धक्का मुक्की से अपने आपको बचाते हुए अपने साथ हुई अभद्रता की जानकारी चौकी प्रभारी के साथ कोतवाली प्रभारी को दी थी। सिपाही के साथ अभद्रता की जानकारी पर सकते मे आई पुलिस ने आनन फानन भारी संख्या में पहुंचकर आरोपित की तलाश की थी पर वह गायब हो गया था फिलहाल पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर उक्त ग्राम निवासी गुलशन अहिरवार समेत उसके अन्य साथियों के खिलाफ संगीन धाराओ में मामला दर्ज कर लिया है। सीओ अवधेश कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस जवान के साथ अभद्रता करने वाले बख्शे नही जाएगे टीम उनकी तलाश कर रही है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में डीएम ने जतायी नाराजगी

**जिलाधिकारी ने साफ-सफाई के दिये निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चल रहे दस्तक अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में राजेपुर ब्लॉक के पंखियन नगला में सफाई नहीं पाई गई। जिस पर डीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि सभी जगह



बैठक लेते डीएम

नियमित रूप से फागिंग व नलियों की सफाई कराई जाये। स्कूलों के आस पास विशेष रूप से साफ -सफाई कराई जाये। विद्यालयों में खिड़कियों पर जाली लगवाई जाये। पीने के साफ पानी की व्यवस्था की जाये। अभियान में जनपद की रैंक खराब होगी। उनके जनपद स्तरीय अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

दस्तक अभियान में बरौन में आंगनबाड़ी विजिट शून्य पाई गई व आशाओ की विजिट 80 प्रतिशत पाई गई। डीएम ने इस पर नाराजगी जताई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गंभीर जांच में दोषी होने के बाद भी बीएसए नहीं कर रहे कोई कार्यवाही

**उरई, जालौन समृद्धि न्यूज।**

विकासखण्ड रामपुरा के अध्यापक अवदेश कुमार मिश्रा एक माह बाद भी विद्यालय में कार्यभार ग्रहण नही किया है। यही कारण है कि एक माह पूर्व ब्लाक रामपुरा के अध्यापक अवदेश कुमार मिश्रा को एआरपी पद पर गलत चयन और शिकायतों के चलते मुख्य विकास अधिकारी की सन्तुति के बाद बीएसए ने एआरपी पद से पदमुक्त कर मूल विद्यालय प्राथमिक विद्यालय रामपुरा जागीर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश 11 सितम्बर 2024 को दिया गया। लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अवदेश मिश्रा ने विद्यालय ज्वॉइन नही किया एवं अभी भी एआरपी पद का मोहभंग नही हो रहा और लगभग प्रतिदिन बीएसए ऑफिस चक्कर लगा रहा है।

उक्त लापरवाही पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुरा द्वारा वेतन रोकने की संस्तुति बीएसए ऑफिस दी गयी परन्तु बीएसए द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। अवदेश कुमार मिश्रा पर खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में अमर्यादित भाषा एव व्यवहार का प्रयोग के चलते बीडीओ रामपुरा ने खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुरा को कार्यवाही करने हेतु आदेश दिया गया था जिस पर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपुरा ने कार्यवाही की संतुति बीएसए को भेज दी है। इस पर बीएसए द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई।

# गैंगेस्ट एक्ट के मामले में अभियुक्त को हुआ छह वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त बृजकिशोर उर्फ पडकुआ को दोषी करार देते हुए 6 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। 14 जून 1992 को थाना मेरापुर के ग्राम पिलखना निवासी अनोखे सहाय ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि आरोपी सूरज आदि ने उसकी नाबालिक पुत्री का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। वहीं 11 अगस्त 1992 को एसआई चरन सिंह ने अभियुक्त सूरज को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 24 मार्च 1992 को पिलखना के बादशाह ने आरोपी सूरज व बृजकिशोर उर्फ पडकुआ आदि चार आरोपी पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। 24 मार्च 1994 को रामू उर्फ छोटे लाल जाटव ने आरोपी सूरज व बृजकिशोर उर्फ पडकुआ पर एससी/एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं सुरेन्द्र कुमार दुबे ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया था कि आरोपी सूरज व बृजकिशोर उर्फ पडकुआ ने तमंचों से सुभाष की हत्या की है और परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दी। वहीं रामनरेश जाटव व पातीराम ने भी मुकदमा दर्ज कराया था। एचसी रवीन्द्र सिंह ने 21 अक्टूबर 1997 को अभियुक्त आरोपी बृजकिशोर उर्फ पडकुआ को एक बोतल कच्ची नाजायज सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 21 सितम्बर 1997 को बृजकिशोर उर्फ पडकुआ पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्त की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त बृजकिशोर उर्फ पडकुआ को दोषी करार देते हुए 6 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# गणित को सरल तरीके से पढ़ाने का दिया गया प्रशिक्षण

**तीन दिवसीय गणित नवाचारी प्रशिक्षण का हुआ समापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई में 3 दिवसीय गणित की नवाचारी शिक्षण विधियों एवं गणित किट के प्रयोग आधारित प्राथमिक विद्यालयों में गणित विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षण का सोमवार को समापन हुआ।

जनपद के सभी विकास खण्डों के शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी तथा प्रशिक्षण प्रभारी प्रवक्ता डायट प्रभा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण मां सरस्वती की



प्रमाण पत्र के साथ डायट में मौजूद शिक्षक

प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन तथा सामूहिक प्रार्थना के साथ शुभारम्भ हुआ।

डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी ने कहा कि वर्तमान परिवेश में गणित के बदलते स्वरूप में नवाचार की प्रासंगिकताएं आवश्यकता एवं उपयोगिता के दृष्टिगत सभी शिक्षकों को इसकी जानकारी हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को विद्यालय व बच्चों के स्तर तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया और गणित को सरल तरीके से और रुचि वर्धक रूप से पढ़ाने पर जोर दिया।

# 75 योजनाओं की समीक्षा में जनपद की रैंक आयी खराब, डीएम ने जतायी नाराजगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में 28 विभागों की 75 योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में चिकित्सा विभाग की 108 एम्बुलेन्स सेवा की रैंक 71 व 102 एम्बुलेंस सेवा की 57 रैंक आई। डीएम ने सीएमओ को स्वयं मॉनिटरिंग करने व रैंक क्यो खराब हुई व खराब होने पर क्या कार्यवाही हुई से अवगत कराने के निर्देश दिए। समाज कल्याण की राष्ट्रीय पारवारिक लाभ योजना की रैंक 36, राष्ट्रीय वृद्धा अवस्था पेंशन योजना की


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

रैंक 56, पंचायती राज विभाग की 15 वित्त आयोग की स्थिति खराब पाई गई। कृषि विभाग की पीएम कुसुम योजना की रैंक 58, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रैंक 68, डेएन आरएलएम की रैंक 42, ओडीओपी की रैंक 75 व मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की रैंक 75, पीडब्ल्यूडी की रैंक 67, विद्युत विभाग की रैंक 62 पाई गई। डीएम ने जहां-जहां ट्रांसफार्मर खुले में रखे है उनके आसपास जाली लगवाने, तारो को टाइट कराने व त्योहारों पर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हारजीत की बाजी लगाते दो जुआड़ी पकड़े

**जालौन,उरई।** हार जीत की बाजी लगाते हुए छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने लगभग 17 हजार रुपये व दो बाइक बरामद की हैं। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि सुढार सालाबाद में मंदिर के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी मौके से भाग निकले। जबकि पुलिस ने मौके से सुमित कुमार व आकाश को दबोच लिया। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी समेत लगभग 17 हजार रुपये नकद बरामद किए। इसके अलावा पुलिस ने मौके से दो बाइक भी बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर में अहर्ता 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 29 अक्टूबर तक होगा। दावे व आपत्तियों को प्राप्त करने की अंतिम


बैठक में लेते डीएम मौजूद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि

तिथि 28 अक्टूबर है। दावे व आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसम्बर तक होगा व निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को होगा। इस दौरान 9, 10, 23, 24 नवंबर को विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जायेगा। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी उपजिलाधिकारी ये सुनिश्चित करें कि सभी बीएलओ निर्धारित तिथियों पर शत-प्रतिशत बूथों पर उपलब्ध रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा के चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश गुप्ता, समाजवादी पार्टी से सुभाष शाक्य आदि उपस्थित रहे।

गृहमंत्री ने पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा

# खतरे व चुनौतियां जवानों के प्रण से बड़े नहीं

एजेंसी

▸ 36468 पुलिस के जवानों और अलग-अलग बल के कर्मियों ने जो बलिदान दिया है उसी के चलते आज देश इतनी प्रगति कर पाया : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने ड्रोन की उभारती चुनौती, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके अशांति फैलाने के प्रयासों पर चिंता जताते हुए कहा कि खतरे और चुनौतियां कितने भी बड़े क्यों ना हों हमारे जवानों के अडिग प्रण के सामने टिक नहीं पाएंगे।



गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि आज हम सभी देश की आंतरिक सुरक्षा और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए हैं। ये जवान कश्मीर से कन्याकुमारी तक और कच्छ से किबिथु तक देश की सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। अमित शाह ने कहा कि हमारे जवान उत्सव हो या आपदा हर समय ड्यूटी करते हैं। शाह ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी और ओर उनके परिजनों को भी नमन किया।

गृहमंत्री ने कहा कि 36468 पुलिस के जवानों और अलग-अलग बल के कर्मियों ने जो बलिदान दिया है उसी के चलते आज देश इतनी प्रगति कर पाया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान 216 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। शाह ने उन्हें भी श्रद्धांजलि दी और परिजनों को विश्वास दिलाया कि उनके बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद और उत्तर पूर्व के तीनों क्षेत्र सालों से अशांति के लिए चर्चा का विषय बने हुए थे पिछले एक दशक में हमारे जवानों के चलते हम उसमें करीब करीब संपूर्ण शांति प्रस्तावित करने में सफल हुए हालांकि लड़ाई अभी समाप्त नहीं हुई है।

### सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में क्रियान्वयन चालू

उन्होंने कहा कि ड्रोन की उभारती चुनौती, नारकोटिक्स का कारोबार, साइबर अपराध, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करके अशांति फैलाने के प्रयास, धार्मिक भावनाओं को उकसाने के षड्यंत्र, अवैध हथियारों की तस्करी और आतंकवाद हमारे सामने चुनौती बनकर खड़े हुए हैं। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि खतरे और चुनौतियां कितने भी बड़े क्यों ना हो हमारे जवानों के अडिग प्रण के सामने टिक नहीं पाएंगे। तीन नए कानून को लेकर अमित शाह ने कहा कि देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इनका क्रियान्वयन चालू हो गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का काम पांच साल पहले ही चालू कर दिया गया था और अब बाकी सारी व्यवस्थाएं करते-करते और तीन साल होंगे परंतु तीन साल के बाद में देश की जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारी क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द चंडीगढ़ से एक पुलिस यूनिट का संपूर्ण क्रियान्वयन का उद्घाटन करेंगे उल्लेखनीय है कि 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन शहीदों एवं ड्यूटी के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले अन्य सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस, 2018 के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया था।

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने लालकुआं-बांद्रा सुपरफस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज

**देहरादून/लालकुआं।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह वर्चुअली लालकुआं-बांद्रा सुपरफस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम भारतीय रेल के स्वर्णिम युग की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कैंची धाम के आशीर्वाद से आज लालकुंआ से बांद्रा के मध्य ट्रेन संचालन का स्वप्न पूरा हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के संचालन से रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, वडोदरा सूरत जैसे रेलवे स्टेशन से जुड़े लोगों को को यात्रा करने का आसानी से विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि लालकुआं-बांद्रा रेल सेवा शुरू होने से बाबा कैंची धाम, जागेश्वर और



अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का एक बेहतर विकल्प मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और आधुनिकता के प्रतीक के रूप में वंदेभारत जैसी मेड इन इंडिया ट्रेन, रेल नेटवर्क का हिस्सा बनी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्र सरकार के सहयोग से पहाड़ तक ट्रेन पहुंचने का स्वप्न ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन बनने के साथ ही पूर्ण हो जाएगा। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन पर भी सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, जल्द ही इसमें भी कार्य शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से काशी, अयोध्या और अन्य प्रमुख शहरों के लिए रेल सेवा के और विस्तार के लिए प्रयास किये जाएंगे। आज हमारी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। प्रदेश की देवतुल्य जनता के सहयोग से उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।

इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यहां के लोगों की यह बहुत पुरानी मांग थी कि लालकुआं से मुंबई को सीधे रेल सेवा सुचारू हो, जो आज पूर्ण हुई है। यह है रूट: लालकुआं-बांद्रा टर्मिनल के मध्य नई ट्रेन सं. 22544 सोमवार को लालकुआं से सुबह 07:45 बजे प्रस्थान कर रुद्रपुर सिटी, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन, मथुरा, कोटा, बडोदरा, सूरत होते हुए हुए अगले दिन मंगलवार को प्रातः 08:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

# भारत के खिलाफ जीत ने हमारे लिए लय तय कर दी : सोफी डिवाइन

▸ मार्च 2023 से विश्व कप तक, न्यूजीलैंड ने केवल पांच जीत हासिल की

एजेंसी



**दुबई।** टी-20 विश्व कप 2024 से पहले, न्यूजीलैंड ने लगातार 10 हार का सामना करते हुए चुनौतीपूर्ण दौर का सामना किया था। 2023 टी20 विश्व कप में, वे नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने में विफल रहे और ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के साथ उनका अभियान समाप्त हो गया।


मार्च 2023 से इस विश्व कप तक, न्यूजीलैंड ने केवल पांच जीत हासिल की और 16 मैच हारे। इन असफलताओं के बावजूद, वे 2024 टूर्नामेंट की अपनी तैयारियों केंद्रित रहे। भारत के खिलाफ शुरुआती गेम में उनके प्रयासों का तुरंत ही फल मिला, जहां एक प्रभावशाली प्रदर्शन ने एक कठिन समूह में उनके सेमीफाइनल की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से बढ़ा दिया। कप्तान सोफी डिवाइन ने भारत के मैच को अपने विश्व कप अभियान के लिए लय तय करने का श्रेय दिया, जिसका समापन उनकी पहली टी-20 विश्व कप जीत में हुई, जब उन्होंने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 32 रनों से हराकर ट्रॉफी जीती। विश्व कप जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिवाइन ने कहा, किसी एक पल या एक मैच को चिन्हित करना वाकई मुश्किल है। हालांकि, हाल ही में भारत के साथ हुआ मैच शायद सबसे खास था। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में हुए विश्व कप के बाद से यह शायद हमारा सबसे संपूर्ण प्रदर्शन था और सब कुछ एक साथ आया और जैसा कि मैंने कहा, इसने इस समूह में विश्वास और आत्मविश्वास दिखाया और यह पता चला कि हम यह कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत बड़ा क्षण था और इसने आज रात यहां तक पहुंचने में हमारी मदद की। इसे ठीक से बताना मुश्किल है क्योंकि इसमें बहुत कुछ शामिल है। मेरा मतलब है कि हर कोई खेलों के बारे में सोचता है लेकिन पर्दे के पीछे जो काम होता है, उसे बहुत से लोग नहीं देख पाते। लेकिन हां, मुझे लगता है कि अगर आप प्रदर्शन की बात कर रहे हैं, तो भारत के उस प्रदर्शन ने शायद हमारे लिए लय तय कर दी।

## पंजाब प्रांत में हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ का बजट आंवटित

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले के जफरवाल में बावली साहिब के हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का बजट आंवटित किया गया है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) ने हिंदू मंदिर पर निर्माण शुरू कर दिया है। 64 वर्ष बाद इस जिले में किसी हिंदू मंदिर के पुनर्निर्माण की पहल की गई है। इस धनराशि से मंदिर की चारदीवारी का निर्माण किया जाना है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन के अनुसार, इस समय नारोवाल जिले में कोई मंदिर इस स्थित में नहीं है, जहां हिंदू परिवार पूजा-पाठ कर सकें। हिंदू परिवारों को अपने धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए सियालकोट और लाहौर के मंदिरों की यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। पाकिस्तान धर्मस्थान समिति के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल आर्य ने बताया कि ईटीपीबी ने 1960 में बावली साहिब मंदिर पर नियंत्रण किया था।

# जम्मू-कश्मीर में अभी भी शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है पाक

एजेंसी



**श्रीनगर।** गांदरबल में आतंकी हमले में सात लोगों के मारे जाने पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान अभी भी निर्दोष लोगों की हत्या करने और जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है। सिन्हा ने पुलिस से गांदरबल आतंकी हमले की जांच करने को कहा ताकि पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय मिल सके।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर पुलिस शहीद दिवस समारोह में कहा कि कल गांदरबल जिले के गुंड में एक निर्माणाधीन सुरंग पर हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले को नहीं भूलेंगे, जिसमें कश्मीर के एक डॉक्टर और छह गैर-स्थानीय मजदूरों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि भारत पर पड़ोसी देश की ओर से अभी भी खतरा है। उन्होंने कहा कि यह अभी भी इस क्षेत्र में निर्दोष लोगों को मारने और यहां शांति को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। सिन्हा ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें यहां नशीली दवाओं की तस्करी को रोकने की जरूरत है। हमें संभावित खतरों के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। आतंकवाद विरोधी अभियानों में सुधार करने की जरूरत है। उपराज्यपाल ने कहा कि निर्दोष लोगों की रक्षा की जानी चाहिए लेकिन दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### दीपिका ने जीता अपना पांचवां रजत, धीरज पहले दौर से बाहर

**ट्लाक्सकाला (मेक्सिको)।** भारतीय रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने यहां चीन की ली जियामन से 0-6 से हारने के बाद विश्व कप फाइनल में अपना पांचवां रजत पदक जीता। दिसंबर 2022 में अपनी बेटी के जन्म के तीन साल बाद विश्व कप फाइनल में वापसी करते हुए, चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ-तीरंदाज क्षेत्र में तीसरी वरीयता दी गई थी। सेमीफाइनल में उनका प्रदर्शन आसान रहा, लेकिन शायद उत्पर, चौथी वरीयता प्राप्त ली जियामन के खिलाफ स्वर्ण पदक मैच का दबाव आ गया। विश्व कप फाइनल में यह दीपिका की नौवीं उपस्थिति थी जहां उन्होंने कांस्य पदक भी जीता। डोला बनर्जी विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय तीरंदाज हैं, जिन्होंने दुबई 2007 में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया था। पुरुष रिकर्व वर्ग में, धीरज बोम्मदेवरा 4-2 से आगे होने के बावजूद, शुरुआती दौर में दक्षिण कोरिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता, ली वू सियोक के चुनौती से पार नहीं पा सके और जल्दी बाहर हो गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल, जिसमें तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज शामिल थे, ने इस प्रकार अपने सीज़न के अंत विश्व कप फाइनल अभियान का समापन केवल एक पदक के साथ किया।

### उमर अब्दुल्ला ने बडगाम विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल विधानसभा सीट बरकरार रखी है और बडगाम विधानसभा क्षेत्र से इस्तीफा दे दिया है। जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अस्थाई स्पीकर मुबारक गुल ने यह घोषणा की। उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल और बडगाम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। दोनों सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने बडगाम से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कार्यवाही के हिस्से के रूप में यह घोषणा की गई, जहां 90 नवनिर्वाचित विधायकों ने जम्मू-कश्मीर यूटी विधानसभा में शपथ ली।अस्थाई स्पीकर मुबारक गुल ने विधायकों को शपथ दिलाई। विधायकों ने जम्मू-कश्मीर के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता जताई और संविधान को बनाए रखने तथा क्षेत्र की शांति, स्थिरता और विकास के लिए काम करने की शपथ ली।


### अवैध रूप से गर्ल्स बार चलाने के आरोप में 17 महिलाएं गिरफ्तार

**टोक्यो।** जापान में अवैध रूप से गर्ल्स बार चलाने के आरोप में पुलिस ने वियतनाम की 17 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनमें से 10 महिलाओं ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी द जापान टाइम्स की खबर में दी गई है। द जापान टाइम्स के अनुसार, टोक्यो पुलिस ने वयस्क मनोरंजन व्यवसाय कानून का उल्लंघन करने और बिना अनुमति के पांच जगह गर्ल्स बार संचालित करने के आरोप में इनकी गिरफ्तारी की है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अनुसार, टोक्यो के उएनो और रोपोंगी जिलों सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित इन बार ने टिकटों की बिक्री से कुछ वर्ष में लगभग 440 मिलियन येन की रकम अर्जित की। गिरफ्तार महिलाओं में बार कंपनी की कार्यकारी डुओंग थी मिन्ह होंग भी शामिल है। होंग और नौ अन्य ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है। टोक्यो के ताइटो वार्ड के निवासी डुओंग ने इस साल सितंबर में टोक्यो के बंक्यो वार्ड के युशिमा जिले में स्थित एक बार में एक महिला कर्मचारी को काउंटर पर ग्राहकों की जबरदस्ती सेवा करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। जापान में गर्ल्स बार मुख्य रूप से वह होते हैं जहां महिला कर्मचारी ग्राहकों को मादक पेय परोसती हैं और काउंटर पर उनके साथ बातचीत करती हैं। जापान पुलिस को 2020 से इन पांच बारों के बारे में कुल 23 शिकायतें मिलीं।

### एसर ने कानपुर में दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर किया लॉन्च

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।** दुनिया की प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी एसर ने कानपुर में अपना दूसरा एक्सक्लूसिव स्टोर खोलने की घोषणा की है। यह नया स्टोर गोविंद नगर में वेल-नोन कंप्यूटर्स प्रा. लि. द्वारा संचालित होगा। यह स्टोर ग्राहकों को एक इंटरैक्टिव माहौल में लेटेस्ट लैपटॉप्स, एडवांस गेमिंग डिवाइस और अन्य तकनीकी उत्पादों का अनुभव लेने का मौका देगा। वेल-नोन कंप्यूटर प्रा. लि. द्वारा संचालित, यह स्टोर प्रोफेशनल और रोज़मर्रा के कामों के लिए उच्च-प्रदर्शन वाले लैपटॉप, बेहतरीन गेमिंग उपकरण और नई तकनीकी समाधान सहित अच्छे से चुने गए उत्पादों की एक श्रृंखला प्रदान करता है। यह स्टोर टेक्नोलॉजी के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन जगह है, जहां ग्राहक नए प्रोडक्ट्स को नज़दीक से देख और समझ सकते है। कंपनी 2025 की शुरूआत तक 300 से ज्यादा एक्सक्लूसिव स्टोर्स खोलना चाहती है। गोविंद नगर का स्टोर रणनीतिक रूप से स्थित है, जिसे सभी तरह के ग्राहकों, जैसे आम लोग और तकनीक के शौकीन लोगों की मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यहां ग्राहक अलग-अलग उत्पादों को देख सकते हैं और उनका अनुभव ले सकते हैं। कानपूर में अपना दूसरा स्टोर खोलकर कंपनी तकनीक और गेमिंग बाजार में अपनी मौजूदगी को और मजबूत कर रही है। यह उभरते बाजारों में नई तकनीक लाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सिग्निफाई ने लॉन्च किया देश का सबसे बड़ा स्मार्ट लाईट हब स्टोर



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख लाईटिंग कंपनी, सिग्निफाई ने लखनऊ में भारत का सबसे बड़ा फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब (एसएलएच) स्टोर शुरू किया है। यह 3000 वर्गफीट से ज्यादा क्षेत्र में फैला स्टोर है, जहाँ 450 से अधिक स्टॉक कीपिंग यूनिट्स (एसकेयू) उपलब्ध होंगी। इसलिए इस स्टोर में लाईटिंग की सभी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। इस स्टोर को एक रोचक और इंटरैक्टिव वातावरण के साथ डिज़ाईन किया गया है ताकि ग्राहक स्मार्ट लाईटिंग टेक्नोलॉजी में हो रहे नए इनोवेशन देखकर उनका अनुभव ले सकें। इस स्टोर के उद्घाटन के साथ ही सिग्निफाई ने भारत में 300 फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब खोलने की एक बड़ी उपलब्धि भी हासिल कर ली है। सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया के सीईओ एवं एमडी, सुमित जोशी ने कहा, नवाबों का शहर, लखनऊ एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभर रहा है। यहाँ पर होम डेकोर की बढ़ती रुचि के साथ स्मार्ट लाईटिंग के ग्राहक बढ़ रहे हैं। इसलिए हमारे सबसे बड़े फिलिप्स स्मार्ट लाईट हब की शुरुआत हमारी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे इनोवेशन और ग्राहकों को पूरी संतुष्टि प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह लखनऊ में हमारा चौथा स्टोर है। इसके साथ ही भारत में सिग्निफाई के 300 स्टोर हो गए हैं, जो हमारी बढ़ती पहुँच का प्रमाण हैं।

### पुलिस ने लॉरेंस गैंग के चार गुर्गे पकड़े, छह पिस्तौल बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर लक्की पटियाल और लॉरेंस गैंग के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह अवैध हथियार बरामद किये गए हैं। पकड़े गए गुर्गे मोगा में एक व्यवसायी से जबरन वसूली की योजना बना रहे थे। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि लकी पटियाल के एक सहयोगी को तीन अवैध हथियारों के साथ और मनप्रीत सिंह उर्फ मनी भिंडर के तीन सहयोगियों को तीन अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। भिंडर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ है। पकड़े गए गुर्गे मोगा में एक व्यवसायी से जबरन वसूली की योजना बना रहे थे। यह सभी दो अलग-अलग गैंग से जुड़े हुए हैं। इस मामले में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है।

# मेकाथलॉन दिल्ली एनसीआर संस्करण में युवा छात्र इनोवेटर्स हुए प्रवीण

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली ।** दिल्ली एनसीआर सिटी संस्करण मेकाथलॉन 2024, द्वारा आयोजित एक प्रमुख एसटीईएम उत्सव राष्ट्रमंडल युवा परिषद, राष्ट्रमंडल छात्र संघ और सतत विकास के लिए वैश्विक समझ (जीयूएसडी) के सहयोग से, एक शानदार सफलता थी। 8 साल से 18 साल तक के 1500 से अधिक छात्रों ने अपने कौशल और नवाचारों का प्रदर्शन रोबोटिक्स और सतत विकास परियोजनाएं में किया।

रोबोटिक्स और विज्ञान दोनों श्रेणियों के दिल्ली एनसीआर शहर संस्करण के विजेताओं ने अगले महीने नवंबर में होने वाले ग्रैंड फिनाले में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। इस एसटीईएम उत्सव ने युवा नवप्रवर्तकों को अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए व्यावहारिक समस्याओं के लिए एसटीईएम सिद्धांतों को लागू करने के लिए एक मंच प्रदान



किया। प्रतिभागियों ने भविष्य के नवप्रवर्तकों को आकार देने में एसटीईएम शिक्षा की शक्ति को मजबूत करते हुए सहयोग और समस्या-समाधान की एक मजबूत भावना का प्रदर्शन किया। मेजबान विद्यालय प्रतिनिधि, दीया बनर्जी, ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका सेक्टर 41 परिसर की प्रिंसिपल, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, मेकाथलॉन 2024 के दिल्ली एनसीआर शहर संस्करण ने हमारे छात्रों की असाधारण रचनात्मकता, नवाचार और समर्पण को प्रदर्शित किया, जिससे साबित हुआ कि कैसे एसटीईएम शिक्षा वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकती है।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फिर बढ़ेगा चीतों का कुनबा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजेक्ट के तहत दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाकर बसाए गए चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ने वाला है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता 'वीरा' गर्भवती है और वह जल्द ही मां बनने वाली है। कूनो पार्क प्रबंधन ने इसकी पुष्टि की है। फिलहाल प्रबंधन मादा चीता 'वीरा' के देखभाल में जुट गया है। सिंह परियोजना के संचालक एवं कूनो के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) उत्तम कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता वीरा मां बनने वाली है। वह कभी भी मां बन सकती है। उसकी विशेष देखभाल की जा रही है। निगरानी के लिए 24 घंटे दो लोगों की टीम लगाई गई है। उसके मूवमेंट वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय धरती पर मां बनने वाली वीरा चौथी मादा चीता होगी। इससे पूर्व आशा, गामिनी और ज्वाला कूनों में शावकों को जन्म दे चुकी हैं।

# एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में पूर्वी लद्दाख सीमाक्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त की व्यवस्था पर एक सहमति बन गई है जिससे वर्ष 2020 में बने गतिरोध के पूर्ण समाधान का रास्ता खुल गया है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा के बारे में जानकारी देने के लिए सोमवार को बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। श्री मोदी रूस के कज़ान में होने वाले 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल तड़के रवाना होंगे जहां उनकी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। भारत एवं चीन के नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना के बारे में पूछे जाने पर विदेश सचिव ने सीमा पर स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2020 में कुछ इलाकों में कुछ घटनाएं हुईं



थी। चीनी वार्ताकारों के साथ कूटनीतिक स्तर पर समन्व्य और परामर्श पर कार्य प्रणाली (डब्ल्यूएमसीसी) और सैन्य स्तर पर कमांडरों की बैठकें चल रहीं हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हुई चर्चाओं के परिणामस्वरूप वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर एक सहमति बनी है तथा इससे आमने- सामने के टकराव की स्थिति दूर हो रही है और इससे वर्ष 2020 के बाद इन क्षेत्रों में उत्पन्न मुद्दों के समाधान का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

चीनी राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना के बारे में पूछे जाने पर श्री मिस्त्री ने कहा कि अभी इस बारे में तैयारियां चल रही हैं। जैसे ही कुछ निर्णय होगा तो मीडिया से साझा किया जाएगा। प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में श्री मिस्त्री ने कहा, ÷रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्री मोदी कल कज़ान के लिए प्रस्थान करेंगे। ब्रिक्स के इस संस्करण का विषय वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है। भारत ब्रिक्स के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसके योगदान ने आर्थिक विकास, सतत विकास और वैश्विक शासन सुधार जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले साल जोहांसबर्ग में ब्रिक्स के पहले विस्तार के बाद यह पहला शिखर सम्मेलन होगा। श्री मिस्त्री ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संस्थापक सदस्यों के साथ-साथ नए सदस्य भी भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन 22 अक्टूबर को शुरू होगा और पहले दिन की शाम को केवल शीर्ष नेताओं के लिए रात्रिभोज होगा। शिखर सम्मेलन का मुख्य दिन 23 अक्टूबर है।

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम कार्यशाला में हस्तशिल्पियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जीवनगढ़ अपलीक हैडीक्राफ्ट प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड, अलीगढ़ (उ0प्र0) द्वारा 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) वर्कशॉप-2024-2025'' का आयोजन कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से 21 अक्टूबर 2024, से सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक स्थान होटल रॉयल क्लासिक, अलीगढ़ (उप्र) में प्रारम्भ किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रोडयूसर कम्पनी के डायरेक्टर सुनील कुमार (एडवोकेट) लखनऊ से, एवं मास्टर ट्रेनर-शगुफता परवीन के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कम्पनी के डायरेक्टर के सुनील कुमार ने इस कार्यशाला के आयोजन के बारे में अवगत कराते हुए हस्तशिल्पियों को बताया कि यह 6 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) वर्कशॉप उनके दक्षता, निपुणता, कार्य



कुशलता, प्रोडक्शन, डिजाइन, मार्केटिग प्रणाली को बढ़ाने हेतु आयोजित की गयी थी जिसमें सभी 20 हस्तशिल्पियों को 6 दिवसीय टीए व डीए भी दिया जायेगा। कम्पनी के कार्यकर्ता ने कार्यशाला में चयनित किए गये सभी हस्तशिल्पियों को नोटबुक, पेन, फोल्डर किट वितरण किया और उनके हस्तशिल्प कार्ड, बैंक विवरण व आधार कार्ड लेने के उपरान्त सभी के उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर कराये गये। तत्पश्चात कम्पनी के डायरेक्टर सुनील कुमार (एडवोकेट), लखनऊ से जो जीएसटी विषेशज्ञ हैं आज प्रथम दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) वर्कषॉप में अपलीक क्राफ्ट के हस्तशिल्पियो को जो अपना-अपना स्वरोजगार या कारीगरी का कार्य करते हैं या करना चाहते हैं उनको बताया कि जीएसटी क्या है और क्यों जरूरी है। जीएसटी एक प्रकार का प्रत्यक्ष कर है जो हर उद्यमी को सरकार को देना चाहिए यह बताते हुए कि जीएसटी के साथ-साथ इनकम टैक्स भी सरकार को देना चाहिए। जीएसटी हर उत्पाद और सेवा पर अलग-अलग दर से लागू होता है जैसे-5 प्रतिशत 12 प्रतिशत 18 प्रतिशत। जिसके लिए आप को वकील से मिलकर सबसे पहले अपने उद्यम प्रकार, साइज, बाजार, ग्राहक, क्या और कैसे के बारे में चर्चा करनी चाहिए तब उद्यम रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए।

## प्रियंका गांधी वायनाड से बुधवार को करेंगी नामांकन



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए बुधवार 23 अक्टूबर को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार श्रीमती वाड्रा के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा पार्टी के अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे। श्रीमती वाड्रा वायनाड संसदीय सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की उम्मीदवार हैं। कांग्रेस नेत्री बुधवार को कलपेट्टा में चुनाव अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले वह राहुल गांधी के साथ सुबह 11 बजे कलपेट्टा न्यू बस स्टैंड से रोड शो करेंगी और 12 बजे समर्थकों के साथ जिला कलक्टर के समक्ष नामांकन दाखिल करेंगी।

# लिनोवो ने यूपी के पहले हाइब्रिड गेमिंग स्टोर का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लिनोवो, वैश्विक प्रौद्योगिकी पावरहाउस, ने उत्तर प्रदेश के पहले हाइब्रिड गेमिंग स्टोर का उद्घाटन किया, जो लखनऊ के नाज़ा मार्किट में स्थित है। यह स्टोर तकनीक के शौकीनों और गेमर्स के लिए वन-स्टॉप शॉप है। इस नए हाइब्रिड स्टोर में लैपटॉप, डेस्कटॉप, मॉनिटर और एक्सेसरीज सहित लिनोवो के उपभोक्ता और गेमिंग उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

यह स्टोर इंटरैक्टिव डिस्प्ले, अभिनव उत्पाद शोकेस एवं उत्पाद डेमो, तकनीकी सहायता और यहां तक कि अनुकूलन विकल्प प्रदान करने के लिए तैयार जानकार कर्मचारियों के साथ ग्राहकों को एक आकर्षक अनुभव प्रदान करेगा। यह अनूठी स्टोर पहली बार गेम खेलने वालों, कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ पेशेवर गेमर्स को भी पूरा करेगी। गेमिंग को ध्यान में रखते हुए स्टोर में बिल्कुल नए गेमिंग सीरीज़ लैपटॉप के साथ एक अलग गेमिंग सेक्शन होगा, जो ग्राहकों को एक इमर्सिव रिटेल अनुभव प्रदान करेगा। यहां गेमर्स को



लाइव डेमो में शामिल होकर नवीनतम पेशकशों और शीर्ष-स्तरीय तकनीक के रोमांच का अनुभव करने और अपने गेम प्ले को अगले स्तर तक बढ़ाने का मौका मिलेगा।

भारत में गेमिंग श्रेणी की बढ़ती मांग के चलते लिनोवो अपने नए एल ओ क्यू और लीजन उत्पादों के साथ अपने गेमिंग पोर्टफोलियो को मजबूत कर रहा है। ग्राहक लिनोवो के संपूर्ण उपभोक्ता पोर्टफोलियो को ब्राउज़ कर योग लैपटॉप, आइडियापैड, टैबलेट और स्मार्ट डिवाइस के बारे में जानकारी ले सकते है। यह स्टोर लखनऊ के तकनीक-प्रेमी निवासियों और उभरते गेमिंग समुदाय के लिए सुविधाजनक पहुंच प्रदान करता है। लिनोवो ने स्टोर के लिए अपने स्थापित और लंबे समय से चले आ रहे भागीदारों में से एक सिग्मा आईटी के साथ साझेदारी की है।